नई दिल्ली
शनिवार, 15 फरवरी 2025
माघ मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 28, अंक : 307
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 27.0
न्यून. 11.0


# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,939.21 | 199.76 ▼ |
| निफ्टी | 22,929.25 | 102.15 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **उछाल** |
| सोना | 89,400 /- | 1300/- ▲ |
| चांदी | 1,00,000/- | 2000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | तेजी |
|---|---|---|
| रुपया | 86.81 | 12 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 75.43/ बैरल | 0.55% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# 35 हजार वॉट्सएप नंबर, 70 हजार से ज्यादा वॉट्सएप ग्रुप्स व कम्युनिटी बैन

## सरकारी पोर्टल 'चक्षु' ने खोले नागरिकों के चक्षु

## दूरसंचार विभाग का साइबर क्राइम पर 'बड़ा प्रहार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


दूरसंचार विभाग ने साइबर क्राइम पर बड़ा प्रहार करते हुए करीब 35 हजार वॉट्सएप अकाउंट्स को बैन कर दिया है। साथ ही, 70 हजार से ज्यादा वॉट्सएप ग्रुप्स और कम्युनिटी पर भी एक्शन लिया गया है। पिछले महीने भी दूर संचार विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों फर्जी एसएमएस टेंपलेट्स को ब्लॉक कर दिया था।

दूरसंचार विभाग पिछले कुछ महीनों से बढ़ते साइबर क्राइम पर कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान लाखों वॉट्सएप अकाउंट्स को बैन करने का काम किया गया है। यही नहीं, दूर संचार विभाग और ट्राई ने अपनी कई पॉलिसी को भी रिवाइज किया है, ताकि साइबर अपराध पर लगाम लगाया जा सके। दूर संचार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से जानकारी शेयर करते हुए कहा है कि दूरसंचार विभाग और जागरुक नागरिकों की वजह से 34,951 वॉट्सएप अकाउंट को ब्लॉक किया गया है। इसके अलावा 73,789 वॉट्सएप ग्रुप और कम्पयुनिटी को भी बैन किया गया है। दूरसंचार विभाग ने जागरुक नागरिकों की सराहना करते हुए कहा है कि आपके द्वारा रिपोर्ट करना एक बड़ा अंतर पैदा कर सकता है। अगर, आपको भी फ्रॉड का शक हो तो उसे फौरन सरकारी पोर्टल चक्षु (संचारसाथी डॉट गॉव डॉट इन) पर रिपोर्ट करें।

**अब तक टेलीकॉम कंपनियों पर 142 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा चुका**

**पिछले महीने भी लाखों फर्जी एसएमएस टेंपलेट्स को ब्लॉक कर दिया था**

**ट्राई ने अपनी कई पॉलिसी को भी रिवाइज किया है, ताकि साइबर अपराध पर लगाम लगाया जा सके**



### 2023 में पोर्टल को लॉन्च किया था

*सरकार ने 2023 में इस पोर्टल को लॉन्च किया था। दूरसंचार विभाग के संचार साथी पोर्टल पर ऑनलाइन फ्रॉड की घटनाओं को रिपोर्ट किया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी अनजान नंबर से आने वाले कॉल्स या मैसेज को भी रिपोर्ट करने की सुविधा मिलती है। दूरसंचार नियामक ट्राई ने पिछले दिनों सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स पर फर्जी कॉल्स को रोकने में असमर्थ रहने पर करोड़ों रुपए का जुर्माना लगाया है। दूरसंचार नियामक अब तक टेलीकॉम कंपनियों पर 142 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा चुका है। साथ ही, दूरसंचार विभाग को इन कंपनियों की बैंक गारंटी से इस जुर्माने की राशि को भरने का निर्देश जारी किया है।*

### लाखों सिम किए जा चुके हैं बंद

*पिछले साल सरकार ने साइबर अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 78.33 लाख मोबाइल नंबर को बंद करने का आदेश दिया था। ये मोबाइल नंबर फर्जी डॉक्यमेंट्स के आधार पर लोगों को जारी किए गए थे। दूरसंचार विभाग द्वारा इंप्लिमेंट किए गए नए एआई टूल की मदद से इन फर्जी नंबरों की पहचान की गई और उनके खिलाफ एक्शन लिया गया। यही नहीं, सरकार ने साइबर क्राइम में लिप्त 6.78 लाख मोबाइल नंबर को भी बंद करने का आदेश जारी किया था।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सीबीएसई 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम आज से



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस साल दोनों कक्षाओं के बोर्ड एग्जाम एक ही तारीख से शुरू हो रहे हैं, लेकिन दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक दिन खत्म नहीं होंगी। 10वीं के एग्जाम 18 मार्च को समाप्त होंगे जबकि 12वीं की परीक्षा 4 अप्रैल को समाप्त होगी।

### अपूर्वा को आईफा ने बाहर निकाला



**जयपुर।** राजस्थान में होने वाले आईफा अवॉर्ड शो के प्रचारकों में शामिल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा को आईफा से बाहर कर दिया गया है। अब वह आधिकारिक रूप से आईफा प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं हैं। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अश्लील टिप्पणी के बाद अपूर्वा का विरोध शुरू हो गया था।

### 8 दिनों में निवेशकों के 25 लाख करोड़ स्वाह



**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को लगातार 8वें दिन गिरावट जारी रही। बाजार में लगातार आठ कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट के कारण निवेशकों को 25.31 लाख करोड़ रुपए कर नुकसान हुआ है। वैश्विक युद्ध के कारण यह स्थिति बनी है।

**पीएम मोदी-राष्ट्रपति ट्रंप ने की 2030 तक व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाने के लक्ष्य की घोषणा**


# अगले पांच साल में भारत और अमेरिका के बीच होगा 500 बिलियन डॉलर का व्यापार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के व्हाइट हाउस में बीते गुरुवार देर रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा साझेदारी, सुरक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी व नवाचार, कृषि, परमाणु ऊर्जा, आर्थिक सहयोग और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने जैसे मुद्दों पर कई बड़ी घोषणाओं के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

इसके अलावा दोनों नेताओं की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक चिंताओं के मसले पर भी गंभीरता के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया गया। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच हुई यह बैठक कुल 4 घंटे तक चली। जिसमें सबसे बड़ा समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार को 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य से जुड़ा हुआ है। वार्ता में द्विपक्षीय सहयोग के ▶▶ शेष पेज 5 पर

- *अवैध प्रवासियों, यूक्रेन युद्ध व चीन-बांग्लादेश के मुद्दे पर भी हुई दोनों नेताओं की बातचीत*
- *द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों देशों के बीच हुए कई समझौतों पर हस्ताक्षर*
- *बोस्टन, लॉस एंजेलिस में खुलेंगे भारत के नए वाणिज्य दूतावास*
- *मोदी ने ट्रंप को दिया भारत यात्रा का न्योता*



### मिशन-500 नामक नई पहल की शुरुआत

बैठक के बाद प्रेस को दिए संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत में हम दोनों ने अगले पांच वर्षों में यानी 2030 तक भारत और अमेरिका के बीच होने वाले द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाकर 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए हमारी टीमें इस साल के अंत तक एक पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को जल्द अंतिम रूप देने के लिए काम करेंगी। दोनों नेताओं ने इस कवायद को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बाधाओं को दूर करने के कदमों का स्वागत

दोनों नेताओं ने व्यापार से जुड़ी दिक्कतों को दूर करने के लिए उठाए गए शीघ्र कदमों को लेकर प्रसन्नता जाहिर की। जिसमें भारत ने अमेरिकी उत्पादों जैसे मकई की शराब, मोटरसाइकिल, आईसीटी उत्पादों, धातुओं पर आयात शुल्क घटाया व उनके कृषि उत्पादों जैसे अल्फाल्फा घास, बतख के मीट, चिकित्सा उपकरणों के लिए अपने बाजार की पहुंच बढ़ाई। वहीं, अमेरिका ने भारत के आम, अनार का निर्यात बढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया। दोनों पक्षों ने व्यापार बढ़ाने के लिए भारत में अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों का आयात बढ़ाने व भारत से अमेरिका तक श्रमिक प्रधान निर्मित उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने पर जोर दिया। दोनों देश कृषि वस्तुओं के व्यापार को बढ़ाने, भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप-इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) जैसे व्यापारिक मार्ग और आईटूयूटू समूह पर साथ काम करने को राजी हैं। भारत इस साल क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। जिसके लिए पीएम ने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत आने का न्योता दिया है।

### अवैध प्रवासियों के इकोसिस्टम को खत्म करना पड़ेगा

पीएम और राष्ट्रपति की बातचीत में अमेरिका से भारत वापस भेजे जा रहे अवैध भारतीय प्रवासियों का मुद्दा भी उठा। जिस पर पीएम मोदी ने कहा कि अगर कोई अवैध प्रवासी दस्तावेजी पुष्टि के साथ भारतीय नागरिक हुआ तो हम उन्हें वापस लेंगे। लेकिन यह मामला केवल इनकी वापसी तक सीमित नहीं है यानी वापसी पर कहानी खत्म नहीं होती है। अवैध तरीके से लोगों को झूठे सपने दिखाकर विदेश भेजने के लिए बहकाने वालों का एक पूरा इकोसिस्टम है, जिसके खिलाफ कदम उठाना भारत-अमेरिका की जिम्मेदारी है। मुझे पूरा विश्वास है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस इकोसिस्टम को ध्वस्त करने के लिए भारत का पूरी तरह से सहयोग करेंगे। ये केवल भारत का नहीं बल्कि एक वैश्विक मामला है।

### यूक्रेन युद्ध, चीन-बांग्लादेश पर हुई बात

*दोनों के बीच यूक्रेन युद्ध के समाधान पर बात हुई। पीएम ने युद्ध के बीच शांति स्थापना के लिए जारी अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रयासों की सराहना की। साथ ही जोर दिया कि विवाद का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं बल्कि बातचीत व कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। भारत की भूमिका तटस्थ की नहीं रही। हम हमेशा शांति के पक्ष में रहे हैं। जबकि राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन के साथ एलएसी विवाद के हल के लिए भारत को सहयोग करने को लेकर अपनी इच्छा जताई। विदेश सचिव ने कहा, पड़ोसियों के साथ भारत ने हमेशा अपने मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करने पर जोर दिया है। ट्रंप ने चीन को महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी बताते हुए कहा कि युद्ध को समाप्त करने में बीजिंग भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम पर अपने विचार, चिंताओं से अमेरिकी राष्ट्रपति को अवगत कराया।*

### अमेरिका में बढ़ेगा भारतीय कंपनियों का निवेश

*भारत-अमेरिका ने समान आधार पर निवेश बढ़ाने पर सहमति जताई। भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में 7.35 अरब डॉलर का निवेश किया है। हिंडाल्को की* ▶▶ शेष पेज 5 पर

# आज अमृतसर में लैंड करेगा अमेरिका से भेजे गए अवैध भारतीयों का दूसरा जत्था!



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों का दूसरा जत्था शनिवार (15 फरवरी) को अमृतसर हवाई अड्डे पर लैंड कर सकता है। इसके बाद मामले से जुड़ी अन्य उड़ानों के भारत पहुंचने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि ये पूरा घटनाक्रम बीते 5 फरवरी को अमेरिका से भारत पहुंचे 104 भारतीयों के बाद का है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से अमेरिका में भारत के अवैध ढंग से रह रहे भारतीयों की संख्या 18 हजार है। उधर, बीते दिनों विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा था कि जल्द ही अमेरिका से 487 भारतीयों की वापसी होगी। इनमें से अमेरिकी प्रशासन की तरफ से भारत को 298 लोगों के भारतीय नागरिक होने के दस्तावेज सौंपे गए हैं। जबकि बाकी बचे हुए 189 लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। गौरतलब है कि उक्त सभी 104 भारतीय विदेशों में गलत तरीके से अवैध प्रवास को बढ़ावा देने वाले लोगों के चंगुल में फंसकर अमेरिका जाने की कोशिश में थे। लेकिन इस दौरान इन्हें अमेरिका-मेक्सिको की सीमा से अमेरिका की पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ लिया। इसके बाद इनकी भारत वापसी की गई।

### एसओपी से भेजे जा रहे भारतीय नागरिक

विदेश सचिव ने अमेरिका से भारतीयों को बेड़ियों में जकड़कर सैन्य विमान से की गई वापसी के मामले पर देश में मचे राजनीतिक विवाद के बीच कहा था कि यह पूरी प्रक्रिया दोनों देशों के बीच स्थापित नियम प्रक्रिया यानी एसओपी के तहत हुई है। एसओपी वर्ष 2012 से लागू है। अमेरिका अवैध प्रवासियों के मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान के तहत संचालित कर रहा है। इसलिए उसने भारतीयों की वापसी के लिए सैन्य विमान का प्रयोग किया था। उधर, विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने मामले पर संसद में दिए बयान में कहा था कि वर्ष 2009 से लेकर अब तक कुल करीब 15 हजार 668 अवैध भारतीय नागरिक अमेरिका से वापस भारत भेजे जा चुके हैं।

**बैठक में केंद्रीय मंत्री मेघवाल और नेता विपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे**

# मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए बैठक 17 को, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे अध्यक्षता

18 फरवरी को सेवानिवृत हो रहे हैं सीईसी राजीव कुमार

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली

भारत के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी की अगुवाई वाली चयन समिति अगले सप्ताह बैठक करेगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। इससे पहले नए सीईसी के सिलेक्शन को लेकर 17 फरवरी को बैठक बुलाई गई है। मीटिंग में पीएम मोदी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा नेता विपक्ष




राहुल गांधी भी शामिल होंगे। कमेटी की सिफारिश के बाद राष्ट्रपति अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगी। अब तक सबसे सीनियर चुनाव आयुक्त (ईसी) को सीईसी के रूप में प्रमोट किया जाता रहा है। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे सीनियर ईसी हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। ऐसे में एक नया ईसी भी नियुक्त किया जा सकता है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे ईसी हैं। वर्तमान सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल एक खोज समिति द्वारा चुने गए उम्मीदवारों में से एक नाम की सिफारिश करेगा। चयन समिति में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भी शामिल हैं। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सीसीपीए की चेतावनी : कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए**

# भ्रामक दावे करने वाले आईआईटी-जेईई कोचिंग संस्थान पर 3 लाख रुपए का 'जुर्माना' ठोका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी-जेईई परीक्षा के परिणामों के बारे में भ्रामक दावे करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 3 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) पर ये कार्रवाई की गई है। यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि किसी भी वस्तु या सेवा के बारे में कोई गलत ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सीसीपीए ने अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी किए**

**अब तक 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया**



### राष्ट्रीय स्तर के टॉपर्स की गलत छवि पेश की, वे सिर्फ संस्थान के टॉपर थे

संस्थान के विज्ञापनों में अभ्यर्थियों के नाम और तस्वीरों के सामने बोल्ड नंबर '1' और '2' के साथ-साथ आईआईटी टॉपर और नीट टॉपर जैसे शीर्षक प्रमुखता से दिखाए गए थे। यह गलत चित्रण यह भ्रामक धारणा बनाने के लिए किया गया था कि इन छात्रों ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

**चंडीगढ़ में ही होने वाली छठी वार्ता में शामिल होंगे कृषि मंत्री शिवराज चौहान**

# केंद्र और आंदोलनकारी किसानों की वार्ता बेनतीजा 22 फरवरी को चंडीगढ़ में नए सिरे से करेंगे चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र और आंदोलनकारी किसानों के बीच शुक्रवार को हुई वार्ता भी बेनतीजा रही। करीब साढ़े 3 घंटे चली मीटिंग में कोई हल नहीं निकला। मीटिंग में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल भी शामिल हुए उन्होंने मीटिंग को सकारात्मक करार दिया।

अब अगली मीटिंग 22 फरवरी को होगी। 22 तारीख की मीटिंग में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद होंगे। बता दें कि किसान हरियाणा-पंजाब के शंभू



और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी 2024 से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के कानून समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। चंडीगढ़ में हुई पांचवे दौर की इस वार्ता में 28 किसान नेता शामिल हुए, वहीं केंद्र की ओर से मंत्री प्रह्लाद जोशी प्रमुख रूप से शामिल हुए। मीटिंग के बाद जोशी ने कहा- किसान नेताओं के साथ हमारी अच्छे माहौल में मीटिंग हुई। हमने ▶▶ शेष पेज 5 पर

**लोक सभा अध्यक्ष ने हरियाणा विधान सभा में दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित किया**

# नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं के दायरे में रहकर मुद्दे उठाएं

- पहली बार निर्वाचित विधायकों को सदन के नियमों और प्रक्रियाओं का गहन अध्ययन करने की सलाह दी
- लोक सभा अध्यक्ष ने विधानमंडलों की वित्तीय स्वायत्तता समर्थन करते हुए व्यापक परामर्श का सुझाव दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुणवत्तापूर्ण विधायी प्रारूपण के महत्व और विधायी प्रक्रियाओं में निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा दिए जाने वाले सुझावों के महत्व पर जोर दिया। विधायी प्रारूपण की प्रक्रिया में व्यापक परामर्श का आह्वान करते हुए बिरला ने कहा कि कानून का प्रारूप तैयार करते समय पर्याप्त सुझाव न लिए जाने का प्रभाव सरकार की कार्यप्रणाली और विधिनिर्माताओं द्वारा विधायी जांच पर पड़ता है। हरियाणा विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में उद्घाटन भाषण देते हुए बिरला ने कहा कि विधिनिर्माताओं को कानून का प्रारूप तैयार करने के प्रारंभिक चरण में शामिल किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जिन लोगों का वे प्रतिनिधित्व करते हैं उनके विचार और सरोकार प्रस्तावित क़ानूनों में पर्याप्त रूप से प्रतिबिंबित हों। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### वर्तमान युग प्रौद्योगिकी और नवाचार का

*वर्तमान युग को प्रौद्योगिकी और नवाचारों का युग बताते हुए अध्यक्ष ने विधि निर्माताओं से अपनी भागीदारी को और अधिक प्रभावी और सार्थक बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान किया। बिरला ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ विधायक वह है जो विधान सभा में सार्थक चर्चा करे, व्यापक अध्ययन के आधार पर मुद्दों पर चर्चा करे और नवाचार के युग में प्रौद्योगिकी का उपयोग करे। उन्होंने नव निर्वाचित विधायकों को सर्वश्रेष्ठ विधायक बनने की आकांक्षा रखने और प्रभावी चर्चा और संवाद के माध्यम से सदन की प्रक्रियाओं का उपयोग करते हुए लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।*

### हरियाणा विधानसभा का गौरवशाली इतिहास

*हरियाणा और हरियाणा विधान सभा के योगदान के बारे में विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि हरियाणा ने देश के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हरियाणा विधान सभा के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## ऑपरेशन कवच के तहत 784 स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

# दिल्ली पुलिस ने सैंकड़ों नशे के सौदागरों और संगठित अपराधियों को धकेला सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल और सभी 15 जिलों की स्थानीय पुलिस ने आपरेशन 'कवच 7.0' के तहत बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। करीब 24 घंटों के इस अभियान में 784 स्थानों पर छापेमारी व कार्रवाई की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में एफआईआर दर्ज की गई है। सैंकड़ों नशे के कारोबारियों और संगठित अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला गया है।

स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव के अनुसार 24 घंटे का यह अभियान 12 फरवरी की शाम 6 बजे से 13 फरवरी की शाम 6 बजे तक पूरी दिल्ली में चलाया गया। इस दौरान 87 एनडीपीएस एक्ट के मामलों में 90 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनसे भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए। इस कार्रवाई में 553.05 ग्राम हेरोइन, 43.028 किलोग्राम गांजा, 199 ग्राम कोकीन और 2,07,600 अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त की गई। इसके अलावा 48 दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए। 90 भगौड़ों को भी धर दबोचा गया। श्रीवास्तव के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

इसके तहत नशे का व्यापार करने वालों की तलाश में छापेमारी की गई। आबकारी अधिनियम के तहत भी 157 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 161 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई। इसमें 94 बोतलें, 432 कैन बीयर, 33,098 क्वार्टर अवैध शराब और पांच हुक्के जब्त किये गये। 27 आर्म्स एक्ट मामलों में 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक रिवॉल्वर, एक पिस्टल, छह कट्टे, 11 कारतूस, एक सर्जिकल ब्लेड, 18 चाकू, 24 हजार नकद और दो चोरी की मोटरसाइकिलें और दो रिक्शा बरामद हुये। 909 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। 5077 व्यक्तियों को 65 डीपी अधिनियम के तहत हिरासत में लिया। शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में अवैध तंबाकू बिक्री पर कार्रवाई करते हुए 1,407 लोगों पर कोटपा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। एक व्यक्ति को 10 हजार सिगरेट पैकेट के साथ गिरफ्तार किया गया।

## पश्चिम विहार : होटल में फंदे से लटका मिला व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ मौके पर पुलिस को मिली एक लड़की ने बताया, झगड़े के बाद उठाया सागर ने यह कदम

पश्चिम विहार इलाके में शुक्रवार सुबह एक 24 वर्षीय युवक होटल के एक कमरे में फंदे से लटका पाया गया। मृतक की पहचान निहाल विहार निवासी अभिनव सागर के रूप में हुई। सूत्रों के अनुसार मौके पर ही एक लड़की भी पुलिस को मिली। उसने झगड़े के बाद युवक द्वारा यह कदम उठाने की बात कहीं है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है।

पुलिस के अनुसार पीसीआर को सुबह सात बजकर 12 मिनट पर इस संबंध में सूचना मिली। लोकल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, जहां होटल डी क्राउन के एक कमरे में युवक फंदे से लटका हुआ था। पुलिस का कहना है कि वहीं पर एक महिला भी मौजूद थी। प्रारंभिक जांच से पता चला कि सागर और महिला एक दूसरे को काफी समय से जानते थे। गुरुवार को उनके बीच किसी बात पर बहस हुई थी। इसके बाद सागर ने यह कदम उठाया। क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रॉपर्टी विवाद में भाई की हत्या का आरोपी यूपी से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बिंदापुर थाना क्षेत्र के मटियाला में प्रॉपर्टी को लेकर हुए विवाद में मंझले भाई की गोली मारकर हत्या का आरोपी द्वारका स्पेशल स्टाफ टीम ने यूपी से गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा भी तीन अन्य लोगों को पकड़ा गया है। इनके पास से कार और हथियार भी बरामद हो गया है।

डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपियों के नाम रविंद्र कुमार, सत्येंद्र, जाहिद और अवनीश हैं। रविंदर मटियाला गांव का रहने वाला है। बाकी तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के मोदीनगर, गाजियाबाद के रहने वाले हैं। हत्या की वारदात सोमवार रात मटियाला गांव में सामने आई थी। धर्मेंद्र उर्फ सोनू नाम के शख्स की उसी के मंझले भाई रविंद्र ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों को पता लगाने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनके बारे में पता लगाया। जानकारी इकट्ठा करने के बाद मोदी नगर में छापा मारकर इन्हें गिरफ्तार किया गया।

## सीबीएसई परीक्षा को देखते हुए दिल्ली मेट्रो ने की खास तैयारियां, लाखों छात्रों को मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** आगामी शनिवार से शुरू हो रही सीबीएसई परीक्षाओं के चलते दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने परिक्षार्थियों के लिए बड़ी घोषणा की है। डीएमआरसी खास तैयारियों से लगभग 3 लाख से ज्यादा परिक्षार्थियों को काफी मदद मिलेगी। इस बारे में डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल, 2025 तक होगी। इसको देखते हुए डीएमआरसी ने परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए सुगम और बिना किसी परेशानी की यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं। जिसका सीधा लाभ 3 लाख से अधिक छात्रों को परीक्षा के दौरान मेट्रो में आसानी होगी। मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा जांच में प्राथमिकता के रूप में डीएमआरसी ने सीआईएसएफ के साथ मिलकर परीक्षा के दिनों में बढ़ती भीड़ को प्रबंधित करने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर विशेष सुविधा उपाय लागू करेगी। इसमें मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा जांच के दौरान सीबीएसई प्रवेश पत्र ले जाने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी, टिकट ऑफिस मशीन (टीओएम) और कस्टमर केयर (सीसी) सेंटर पर टिकट खरीदते समय अपने प्रवेश पत्र दिखाने वाले छात्रों को भी प्राथमिकता दी जाएगी, मेट्रो स्टेशनों पर विशेष केंद्रीकृत घोषणाएं की जाएंगी, सुगम यात्रा के लिए परीक्षा केंद्रों के निकटतम मेट्रो स्टेशनों की एक विस्तृत सूची डीएमआरसी वेबसाइट और आधिकारिक मोबाइल एप्लिकेशन पर भी अपलोड की गई है। इनके अलावा डीएमआरसी स्टाफ ने स्कूलों में जाकर दौरा कर प्रिंसिपलों के साथ बातचीत की और उन्हें निकटतम मेट्रो स्टेशनों और छात्रों के लिए उपलब्ध सहायता के बारे में जानकारी दी। डीएमआरसी ने स्कूलों से छात्रों को उनकी यात्रा की योजना बनाने में सहायता के लिए आसान टिकट बुकिंग के लिए क्यूआर कोड के साथ निकटतम मेट्रो स्टेशन का विवरण प्रदान करने वाले पोस्टर लगाने का अनुरोध किया है। छात्रों व कर्मचारियों की सुविधा को देखते हुए डीएमआरसी एप पर अधिक जानकारी मिल सकेगी। डीएमआरसी ने बताया कि छात्रों से अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाने का आग्रह किया गया है और सभी उम्मीदवारों को उनकी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं भी देता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी डीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट और डीएमआरसी मोमेंटम दिल्ली सारथी 2.0 मोबाइल ऐप पर जा सकते हैं।

## गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार ठिकाना बदल रहा था आरोपी, जबलपुर से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने 10 से ज्यादा जघन्य मामलों में वांछित अंतर्राज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी किशोर उर्फ सेठी उर्फ पंडित पर दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज थे। आरोपी बार बार अपना ठिकाना बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था। इसे जबलपुर, मध्य प्रदेश से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी किशोर गाजियाबाद का रहने वाला है। 10वीं के बाद इसने शाहदरा में ट्यूब बाइंडर के रूप में काम किया। इसकी शादी 1994 में हुई लेकिन अगले ही वर्ष पत्नी की मृत्यु हो गई। 1995 में इसके बड़े भाई चरण की पंडित त्यागी और योगी गुज्जर ने हत्या कर दी थी। बदला लेने के लिए उसने एक ही वर्ष में दोनों व्यक्तियों की हत्या को अंजाम दिया था। दोहरे हत्याकांड के लिए इसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल से बाहर आने के बाद किशोर अशोक, सोनू वर्मा, मोनू और दीपक से जुड़ गया। इसके बाद इन्होंने साथ मिलकर कई जघन्य वारदातों को अंजाम दिया।

## 25 लाख की चोरी में शामिल तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। वसंत कुंज नॉर्थ के एक घर में लाखों की चोरी का मामला पुलिस ने 36 घंटों के भीतर सुलझा लिया है। इस सिलसिले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे 20 लाख रुपये के सोने, प्लैटिनम और हीरे के आभूषण, दो लाख के चांदी के सामान और 1,85,000 रुपये नकद बरामद किये गये हैं। पकड़े गये आरोपियों के नाम वीरेंद्र कुमार, वेदपाल और मुकेश कुमार मिश्रा हैं।

## डेढ करोड़ की कोकीन जब्त, दो अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अफ्रीकी नागरिक समेत मादक पदार्थों के दो कथित तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से डेढ करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन बरामद की है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया आरोपियों की पहचान 40 वर्षीय अफ्रीकी नागरिक याओ और बिहार निवासी विकास (23) के तौर पर हुई है और उनके पास से करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य की 141.9 ग्राम कोकीन बरामद की गई। दक्षिण पश्चिम दिल्ली की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि दोनों तस्कर दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सक्रिय रूप से कोकीन की आपूर्ति कर रहे थे। एक गुप्त सूचना मिलने के बाद भीकाजी कामा प्लेस के निकट से इनकी गिरफ्तारी की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जाल बिछाया और उन्हें रिंग रोड पर एक बस स्टॉप के पास से पकड़ लिया। उनकी तलाशी लेने पर टीम ने उनके कब्जे से कोकीन बरामद की। पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, याओ 2018 में पर्यटक वीजा पर भारत आया था और वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वह अवैध रूप से रह रहा था। उसने खर्चों को पूरा करने के लिए शुरू में कम मात्रा में कोकीन बेची, लेकिन वह जल्द ही बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल हो गया। पुलिस ने बताया कि याओ को पहले गुरुग्राम में गिरफ्तार किया गया था और भोंडसी जेल में रखा गया था, जहां उसकी मुलाकात विकास से हुई, जो मादक पदार्थ से संबंधित अपराध को लेकर कारागार में बंद था।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5
नई दिल्ली, दिनांक : 14.02.2025

शुद्धिपत्र -XVII

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 11.03.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303।

तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित शुद्धिपत्र वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष नं. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

518/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र./लो.क.वि./2025/2010
रिसाली, दिनांक 14/02/2025

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत राशि रू. | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत आने वाले वार्ड क्र.-01, 02, 03, 04, 05, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40 में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटरों से पुनर्चक्रित किये जाने योग्य कचरे के पृथक्कीकरण एवं गीले कचरे खाद तैयार किये जाने का कार्य। (2nd call) | 165024 | 1,34,32,320.00 | 03.03.2025 |

(नोट :- ई-टेण्डर में ऑनलाईन सभी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा / दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

## मजबूत बजट सौंपकर जा रही है 'आप', भाजपा अपने सारे वादे करे पूरे : आतिशी

### 'आम आदमी पार्टी की सरकार ने 2014-15 में मिले दिल्ली के 31 हजार करोड़ के बजट को 2024-25 में बढ़ाकर 77 हजार करोड़ तक पहुंचाया'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की सरकार भाजपा को एक मजबूत आर्थिक विकास का बजट सौंपकर जा रही है। इसलिए भाजपा कोई बहाना बनाए बिना अपने सारे वादे पूरा करे। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कही। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने चुनाव के समय दिल्ली वालों से कई वादे किए थे। उन्होंने मोदी की गारंटी कहकर लोगों में पर्चा बांटा था। इसमें पहला वादा है कि दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपए प्रति माह आर्थिक सहायता दी जाएगी। भाजपा ने बार-बार यह कहा था कि जैसे ही सरकार बनेगी तो कैबिनेट की पहली बैठक में दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपए की आर्थिक सहायता देने पर निर्णय होगा और 8 मार्च तक दिल्ली की हर महिला के खाते में 2500 रुपए की पहली किस्त आ जाएगी। लेकिन भाजपा के सूत्रों के हवाले से हमें पता चला है कि न सिर्फ 2500 रुपए हर महीने, बल्कि भाजपा ने जो बाकी वादे किए थे, उनको पूरा करने का उसका कोई इरादा नहीं है। आतिशी ने कहा कि अभी भाजपा के अंदर विधायकों के बीच में यह लड़ाई चल रही है कि कौन किस विभाग का मंत्री बनेगा और कौन कितनी लूट कर सकता है। भाजपा ने यह प्लान बनाया है कि वह अपने वादे पूरे न करने का ठीकरा आम आदमी पार्टी पर फोड़ेंगे और कहेंगे कि हम यह वादे इसलिए पूरे नहीं कर पाए क्योंकि दिल्ली सरकार के पास पैसा नहीं है। और कहेंगे कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार को एक वित्तीय संकट में डाल दिया। भाजपा यह सारे बहाने करके अपनी लूट को छिपाने की कोशिश करेगी। अपने वादे तोड़ने के लिए बहाने बनाएंगे। आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार आने से पहले 2014-15 में 31 हजार करोड़ रुपए से लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार ने 2024-25 में 77 हजार करोड़ रुपए का बजट दिल्ली विधानसभा में पेश किया। यानी दस साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली के बजट में 46 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की। उन्होंने कहा कि आप की सरकार को जीडीपी का 6.6 फीसद कर्ज विरासत में मिला था, जो अब मात्र 3 फीसद रह गया है। आतिशी ने कहा कि हमें उम्मीद है, भाजपा दिल्ली की जनता से किए अपने सारे वादे पूरे करेगी।

## बीएसईएस ने किया वॉर रूम स्थापित

नई दिल्ली। निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस ने कहा है कि अपने क्षेत्र में बेहतर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए एक वॉर रूम स्थापित किया है। तथाकथित बिजली कटौती पर कंपनी ने कहा कि दक्षिण, पश्चिम, पूर्वी और मध्य दिल्ली में अपने 50 लाख से अधिक उपभोक्ताओं और 2 करोड़ लोगों को विश्वसनीय व गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने के लिए मिलकर करेंगे सेल्युलर जेल, मरीना परिसर का विकास

# एलजी सक्सेना की मौजूदगी में डीडीए-अंडमान एवं निकोबार प्रशासन का समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने नॉलेज पार्टनर के रूप में कार्य करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शनिवार को असिता पार्क में हस्ताक्षर समारोह में एक द्विपक्षीय बैठक हुई जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और अंडमान एवं निकोबार के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। दोनों के बीच हुए समझौते में स्वराज द्वीप आइलैंड जेट्टी एरिया का पुनरुद्धार तथा पोर्ट ब्लेयर में सेल्युलर जेल और मरीना के आसपास परिसर का विकास होना शामिल है। इसका उद्देश्य इन स्थलों को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों में बदलना है। डीडीए के अनुसार अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डीडीए ने आज अंडमान और निकोबार प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। जिसके तहत द्वीपसमूह में विभिन्न प्रमुख परियोजनाओं के विकास के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में कार्य किया जाएगा और तकनीकी विशेषज्ञता साझा की जाएगी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यक्त कॉपरेटिव और प्रतिस्पर्धी फेडरलिज्म के विजन के अनुरूप है। डीडीए और एएनए अधिकारियों ने पहले ही द्वीप समूह में विभिन्न स्टेकहोल्डरों के साथ विचार-विमर्श, साइट दौरे और परामर्श की एक सीरिज सम्पन्न की है। इस प्रयास को समर्थन देने के लिए, लैंडस्केप आर्किटेक्ट, योजनाकारों और इंजीनियरों सहित डीडीए की एक बहु-विषयक टीम इन विकास परियोजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए अंडमान प्रशासन के साथ मिलकर काम करेगी। डीडीए ने यमुना नदी के पुनरुद्धार हेतु बड़े पैमाने पर काम किया है और इसके तट पर कई परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं, जिनमें असिता भी शामिल है, जो कभी अतिक्रमित भूमि थी और अब यह हरे-भरे सुंदर परिदृश्य में बदल गई है। इसके अलावा, इसने बांसेरा- बेंबू पार्क विकसित किया है, जो कभी सी एंड डी अपशिष्ट क्षेत्र था। यमुना के पश्चिमी तट पर वासुदेव घाट विकसित किया गया, जहाँ हर सप्ताह दो बार यमुना आरती होती है। पश्चिमी तट पर एक अन्य प्रमुख परियोजना यमुना वाटिका है, जो 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैली है तथा चांदनी चौक के पुराने दिल्ली क्षेत्र के सघन शहरी क्षेत्र के लिए एक हवादार जगह बनाने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है।

अंका इंडिया लिमिटेड
पंजी. कार्या. : 6 लीजेंड स्क्वेयर, सेक्टर-33, गुरुग्राम-122003
Phone no: 9355511187; website: www.ankaindia.com
CIN: L74900HR1994PLC033268

31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन परिणामों का सार

राशि रु. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन: समाप्त तिमाही (अअंकेक्षित) 31-दिस.-24 अअंकेक्षित | 30-सित.-24 अअंकेक्षित | 31-दिस.-23 अअंकेक्षित | समाप्त नौ माह (अअंकेक्षित) 31-दिस.-24 अअंकेक्षित | 31-दिस.-23 अअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 14.07 | 13.05 | 14.43 | 41.33 | 43.08 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 0.55 | 10.11 | 11.60 | 18.99 | 32.36 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 0.55 | 10.11 | 11.60 | 18.99 | 32.36 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 0.55 | 10.11 | 11.60 | 18.99 | 32.36 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 0.55 | 10.11 | 11.60 | 18.99 | 32.36 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) | 128.41 | 115.53 | 87.38 | 128.41 | 87.80 |
|  | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) - डायल्यूटिव वेटेड एवरेज | 128.41 | 115.53 | 227.00 | 128.41 | 227.00 |
| 7 | अन्य इक्विटी | NA | NA | NA | NA | NA |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) बेसिक : | 0.00 | 0.09 | 0.13 | 0.15 | 0.37 |
|  | डायल्युटेड : | 0.00 | 0.09 | 0.05 | 0.15 | 0.14 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत बीएसई लि. के पास दायर किये गये 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। 31 दिसम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) के साथ साथ कम्पनी की वेबसाइट (www.ankaindia.com) पर उपलब्ध हैं।
2. विवरण की टिप्पणी 3 की तरफ ध्यान आकर्षित किया जाता है कि कम्पनी असैट के रूप में रु. 25.20 लाख की राशि पूर्ववर्ती वर्षों में भुगतान किये गये न्यूनतम वैकल्पिक कर की पहचान करना जारी रखे हुये है और भविष्य के कर भुगतानों के तहत इसको समायोजित करने की उम्मीद करती है। हमारे विचार में, हानि के पूर्व इतिहास पर विचार करते हुये, जिसके कारण कम्पनी की नेटवर्थ नकारात्मक हो गई और कम्पनी की ओवरऑल वित्तीय स्थिति, इसे परिसम्पत्तियों के रूप में पहचान करने के लिये कम्पनी के भाग पर यह नीतिज्ञ नहीं है, और यह "आयकर अधिनियम 1961 के तहत न्यूनतम वैकल्पिक कर के सम्बन्ध में उपलब्ध क्रेडिट हेतु लेखा पर मार्गदर्शी टिप्पणी" के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते अंका इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
सुलक्षणा त्रिखा
अध्यक्ष

दिनांक : 14.02.2025
स्थान : गुरुग्राम

**खबर संक्षेप**

## सचदेवा ने उपराज्यपाल को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना द्वारा पद का दुरुपयोग कर सरकारी संपत्ति की डिजिटल लूट करवाने के साथ ही प्रेसवार्ता करके बिजली कटौती के नाम का भ्रम फैलाने की निंदा करते हुए मांग की है कि वह अधिकारियों को निर्देश दें कि वह कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के अनुचित निर्देश ना मानें। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जिस तरह आतिशी मार्लेना ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री होते हुए प्रेसवार्ता करके भाजपा पर बिजली कटौती करवाने का आरोप लगाया उसके चलते यह सुनिश्चित किया जाये की कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहते आतिशी मार्लेना भ्रामक ब्यानबाजी ना करें। उपराज्यपाल को लिखे पत्र में सचदेवा ने कहा कि जिस तरह सरकारी पैसे एवं संसाधनों से विकसित मुख्यमंत्री कार्यालय के एक्स पोस्ट (ट्विटर) खाते को कार्यवाहक मुख्यमंत्री के निर्देश पर आईटी विभाग के अधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का निजी सोशल मीडिया खाता बना डाला वह गैर कानूनी है।

## नवनिर्वाचित विधायकों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** अयोध्या की रामलीला संस्था ने शुक्रवार को दिल्ली के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में 20-25 नवनिर्वाचित विधायकों ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्यरूप से पवन शर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा, मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अभय वर्मा, रवि नेगी व अन्य कई विधायक शामिल हुए। इन सभी नवनिर्वाचित विधायकों का संस्था की ओर से सम्मान किया गया। इस मौके पर गोरखपुर से सांसद व अभिनेता रवि किशन मौजूद रहे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली में जो कमल खिला है वो पीएम मोदी की वजह से खिला है।

### दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने झुग्गी बस्ती पालकों और विस्तारकों का किया सम्मान

# झुग्गीवासियों से किए गए वादों को भाजपा सरकार करेगी पूरा : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन होने के बाद झुग्गीवासियों से किए वादों को जरूर पूरा किया जाएगा। यह बात शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय पर झुग्गी पालकों और विस्तारकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

गौरतलब है कि दिल्ली भाजपा द्वारा शुक्रवार को प्रदेश कार्यकाल में विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने झुग्गी बस्ती पालकों और विस्तारकों का सम्मान किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक राजकुमार भाटिया, सुनीता कांगड़ा, प्रदेश मंत्री सोना कुमारी और झुग्गी बस्ती के संयोजक सुशील कुमार उपस्थित थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सभी पालकों और विस्तारकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के सूत्रधार आप सभी रहे और झुग्गी के लोगों को भाजपा पर भरोसा करने की और अरविंद केजरीवाल के भ्रामक बयानों से बचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार झुग्गीवासियों से संपर्क में रही और हमारे कार्यकर्ताओं ने हर समस्या को देखा समझा और उसे समाधान करने का पूरा प्रयास किया।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में हम लगातार झुग्गी वासियों की आवाज बनकर उनके साथ खड़े रहे उनकी समस्या को हमने सड़कों पर उठाया और आज उसका परिणाम है कि दिल्ली की सत्ता पर काबिज एक झूठी और कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी का सफाया हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा अब झुग्गीवासियों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार के गठन होने के बाद भाजपा अपने वादों को पूरा करने के लिए काम करेगी। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार पर भरोसा कर झुग्गीवासियों ने एक इतिहास रचा है और हम उनकी उम्मीदों पर खरे उतरने का प्रयास करेंगे। वहीं विष्णु मित्तल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में झुग्गीवासियों का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दिल्ली भाजपा की जीत में जिन 12 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की जीत हुई है उनमें झुग्गीवासियों का विशेष योगदान रहा। ये सभी अरविंद केजरीवाल के झूठ भ्रम सुर बेईमानी की राजनीति से तंग आकर भाजपा को इस बार चुना है और भाजपा इनसे किए वादों को जरूर पूरा करेगी।

## मुख्यमंत्री चयन में देरी से कहीं दिल्ली को केजरीवाल की तरह भ्रष्ट सीएम न मिल जाए : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



चुनाव जीतने के करीब सात दिन बाद भी भाजपा द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने निशाना साधा है। यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा अभी तक मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं करने से ऐसा लग रहा है कि कहीं दिल्ली को फिर से केजरीवाल की तरह भ्रष्ट व्यक्तित्व वाला दूसरा सीएम न मिल जाए। यादव ने कहा कि एक सप्ताह के बाद भी भाजपा का दिल्ली के मुख्यमंत्री का चयन नही कर पाना इनकी आपसी फूट को उजागर करता है। चुनाव परिणाम 8 तारीख को आने के बाद जिस तरह भाजपा का हर तीसरा विधायक मुख्यमंत्री पद का दावा कर रहा है, उसमें कहीं न कहीं 1993 की भाजपा की दिल्ली सरकार का इतिहास दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 1993 में जीत दर्ज कर एक ही कार्यकाल में 3 मुख्यमंत्री बदल दिए थे। उन्होंने सवाल उठाए कि भाजपा की केन्द्र सरकार लोगों से किए वादे, काले धन वापस लाने, 15 लाख खाते में आने, 2 करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष देने और महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह से अब तक विफल रही है। क्या केन्द्र सरकार की भांति दिल्ली में भाजपा की सरकार भी भोली भाली जनता के साथ विश्वासघात करेगी। क्योंकि भाजपा और आम आदमी पार्टी ने हमेशा एक ही सिक्के के दो पहलू के सच को साबित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के निर्देश पर अगले 100 दिनों में काम करने की नीति तैयार कर रहे अधिकारी क्या दिल्ली को मूल समस्याओं वायु और जल प्रदूषण, सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार, सड़कों की बदहाल स्थिति, पीने के पानी, सीवर सिस्टम, यमुना की सफाई, कूड़े के पहाड़ों से निजात दिलाने के सफल हो पाएंगे।

# दिल्ली में भाजपा सरकार के गठन की कवायद आज से होगी तेज

### 20 फरवरी तक दिल्ली को मिल सकता है नया मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में नई भाजपा सरकार के गठन की कवायद आज से तेजी से शुरू हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार 20 फरवरी 2025 तक दिल्लीवालों को अपना नया सीएम मिल जाएगा। सूत्रों के अनुसार 17 और 18 फरवरी को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी जिसमें नई सरकार के गठन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार रात अमेरिका से दिल्ली पहुंच चुके हैं। इसके बाद सरकार बनाने को लेकर एक अहम बैठक होगी। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य शीर्ष नेता भी मौजूद होंगे। इन नेताओं की बैठक में दिल्ली में सरकार गठन के लिए अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान दिल्ली का अगला सीएम कौन होगा, यह भी तय हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली में सरकार गठन के लिए पहले ही होमवर्क पूरा कर लिया है। पार्टी ने दिल्ली में सरकार गठन के लिए विधायकों के नामों की एक सूची तैयार की है, जिसमें 48 में से 15 विधायकों के नाम को प्राथमिकता दी गई है। इन 15 विधायकों में से 9 नामों को अंतिम रूप से चुना जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री, मंत्री और स्पीकर के नाम तय किए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री निर्वाचित विधायकों में से होगा और इस बारे में निर्णय विधायक दल की बैठक में लिया जाएगा। नड्डा ने यह भी संकेत दिया कि मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के बाद पहली कैबिनेट बैठक में कुछ महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लिए जाएंगे।






# आम आदमी पार्टी ने खाली किया है दिल्ली का खजाना : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को कहा है कि आम आदमी पार्टी के भ्रष्ट शासन के कारण दिल्ली का खजाना खाली हो चुका है। हालत यह है कि दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार ने आखिरी दिनों में केंद्र सरकार से 10 हजार करोड़ का लोन मांगा था। ऐसी स्थिति में कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा दिल्ली के आर्थिक विकास का बखान आज तक का सबसे बड़ा झूठ है। आप सरकार ने करोड़ों के घोटालों से दिल्ली को कंगाली की स्थिति में पहुंचा दिया है। बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी को यह पता है कि आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली को हर कदम पर लूटा है। इसलिए उन्हें पता है कि जिस पार्टी की भी नई सरकार आती, उसे आर्थिक संकट के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए वह खुद स्वीकार कर रही हैं कि दिल्ली के खजाने की ऐसी स्थिति बन चुकी है लेकिन वह भाजपा के वादों को लेकर परेशान न हों। भाजपा की नई सरकार पहली कैबिनेट बैठक में ही अपने प्रमुख वादों को पूरा करने का ऐलान करेगी और इसके लिए फंड का भी इंतजाम करेगी। उन्होंने कहा कि आतिशी की तुलना उस व्यक्ति से की जा सकती है जिसने खुद ही दिल्ली के खजाने पर डाका डाला हो और फिर 'चोर-चोर' कहता हुआ मौके से भागने की कोशिश कर रहा हो।

## सीएम कार्यालय ने एक्स से सीएमओ दिल्ली आईडी को बहाल करने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स को ईमेल भेजकर 'सीएमओ दिल्ली' आईडी को बहाल करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स को लिखे अपने ईमेल में कहा है कि हमारे संज्ञान में आया है कि 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर, 'सीएमओ दिल्ली' सरकारी हैंडल को अब अनाधिकृत रूप से बदलकर केजरीवाल एट वर्क कर दिया गया है। उक्त खाते के लगभग 9 लाख 90 हजार फॉलोअर्स हैं। स्थापित प्रणाली के अनुसार, आधिकारिक खाते किसी व्यक्ति से संबद्ध नहीं होते हैं और जब भी परिवर्तन होता है तो वे उत्तराधिकारियों को सौंप दिए जाते हैं। चूंकि 'सीएमओ दिल्ली' आईडी को बदलकर 'केजरीवाल एट वर्क' कर दिया गया था, इसलिए एक उपयोगकर्ता ने इस आईडी का उपयोग करके एक पैरोडी खाता खोला। ऐसा भी प्रतीत होता है कि पहले 'सीएमओ दिल्ली' और अब 'केजरीवाल एट वर्क' इस खाते से पोस्ट देखने का प्रयास करने पर एक त्रुटि या कुछ गलत हो गया दिखा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने लिखा कि उपरोक्त के मद्देनजर, एक्स प्लेटफॉर्म से अनुरोध है कि 'सीएमओ दिल्ली' को बहाल किया जाए और इसका पासवर्ड कृपया आधिकारिक ईमेल सीएमदिल्लीएटएनआईसीडॉटइन (**cmdelhi@nic.in**) पर भेजा जाए, जो मुख्यमंत्री, दिल्ली की अधिकृत आधिकारिक आईडी है। इससे अन्य बातों के साथ-साथ यह सुनिश्चित होगा कि भविष्य में उक्त हैंडल/आईडी का दुरुपयोग न हो और उसके साथ छेड़छाड़ न की जा सके। इसके अलावा, मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह भी अनुरोध किया कि किसी भी 'एक्स' हैंडल जिसकी आईडी 'सीएमओ दिल्ली' है, को मुख्यमंत्री कार्यालय की सहमति के बिना 'एक्स' पर अनुमति न दी जाए। साथ ही वर्तमान में 'सीएमओ दिल्ली' वाले किसी भी अन्य खाते को तुरंत निष्क्रिय कर दिया जाना चाहिए।


### उपराज्यपाल ने निगम सफाई कर्मियों के साथ किया संवाद

# स्वच्छता सैनिक हैं दिल्ली की रीढ़, जिनके बिना स्वच्छ दिल्ली की कल्पना करना मुश्किल: सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने निगम सफाई कर्मियों के साथ संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मी दिल्ली की रीढ़ की हड्डी है, जिनके बिना स्वच्छ दिल्ली की कल्पना करना मुश्किल हैं। एलजी शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ संवाद कर रहे थे। अपने संबोधन में एलजी ने स्वच्छता सैनिकों से कहा, 'मुझे काफी समय से आपसे मिलने की इच्छा थी कि दिल्ली को स्वच्छ बनाने के लिए आपका सहयोग मांग सकूं। उन्होंने मोटिवेट करते हुए कहा कि बड़े निर्णय लेते वक्त डरना गलत नहीं है, लेकिन डर से निर्णय न लेना गलत है। एलजी ने सफाई कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप दिल्ली की रीढ़ हैं और आपके बिना स्वच्छ दिल्ली की कल्पना करना मुश्किल है। कोविड-19 महामारी, यमुना नदी की बाढ़ और जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान आपका समर्पण बेहद सराहनीय है। एलजी ने कहा कि आज हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दिल्ली की जनता ने बदलाव करके नई सरकार चुनी है। यह बदलाव सफाई कर्मचारियों के लिए भी एक चुनौती है। दरअसल, जनता द्वारा लाया गया यह बदलाव तभी दिखाई देगा जब दिल्ली पूरी तरह से स्वच्छ और हरी-भरी हो जाएगी। सफाई कर्मचारियों ने दिल्ली को साफ करने के लिए पुरजोर प्रयास किए हैं, हालांकि ये प्रयास कम पड़ रहे हैं। हमें अभी और मेहनत करनी है और दिल्ली को स्वच्छ बनाना है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से कहा कि मैं काफी समय से आप सभी से मिलना चाह रहा था। ताकि दिल्ली को स्वच्छ बनाने में आपका सहयोग मांग सकूं। मैं राज निवास में दिल्ली के अलग-अलग लोगों और समूहों से लगातार संवाद के तहत बातचीत कर रहा हूं। ताकि उनकी समस्याओं को समझकर उनका समाधान करने का प्रयास कर सकूं। इस अवसर पर महापौर महेश कुमार, उप-महापौर, नेता सदन, नेता विपक्ष, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में एलजी ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ रखना एमसीडी की जिम्मेदारी है। एमसीडी कई क्षेत्रों में अच्छा काम कर रही है, लेकिन कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सफाई कर्मचारी सैनिकों की तरह होते हैं। सैनिक कभी अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटते। जिन क्षेत्रों पर पहले ध्यान नहीं दिया जा सका, वहां आज से ही विशेष अभियान शुरू किया जाना चाहिए, ताकि दिल्ली को कचरा मुक्त बनाया जा सके।

**खबर संक्षेप**

## सामान चोरी करने वाले 2 आरोपियों को दबोचा



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने चोरी के मामले में आरोपी पवन व अमन को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 फरवरी को मुकेश कुमार निवासी संजय एनक्लेव फरीदाबाद ने पुलिस थाना सेक्टर-8 ने शिकायत दी थी। वह नीफा एक्सपोर्ट प्रालि कंपनी प्लांट में काम करता है जब अगले दिन चेक किया और गिने तो उसमें 10 पीस कम पाए गये। कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने आरोपी पवन वासी अलीगढ़ उप्र हाल बाहडोली व अमन वासी कन्नौज उप्र हाल मिर्जापुर, को गिरफ्तार किया गया।

## जुआ खिलाने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**फरीदाबाद।** पुलिस टीम ने जुआ खिलाने वाले 2 आरोपी हरीश व जसप्रीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 जनवरी को पुलिस की टीमों ने गस्त के दौरान टीम को जुआ खिलाने की सूचना प्राप्त हुई। आरोपी जसप्रीत वासी खेड़ी कला फरीदाबाद को सरिया वाला रोड़ के पास से व पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने आरोपी हरीश वासी रघुवीर कालोनी, बल्लभगढ़ को सिही गेट रोड, बल्लभगढ़ से काबू किया है।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना धौज पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि 15 वर्षीय नाबालिक लड़की के परिजनों ने थाना धौज में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि जनवरी माह में आरोपी द्वारा उनकी लड़की को बहला-फुसला कर भगाकर ले गया, जिस शिकायत पर थाना धौज में मामला दर्ज किया गया। उन्होने आगे बताया कि नाबालिक लड़की को आनंद विहार बस अड्डा से तलाश किया गया है। नाबालिक लड़की के ब्यान पर पोक्सो एक्ट की धारा जोडी गई है। आरोपी मोहित को थाना पुलिस टीम ने गांव कुरैशीपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी गांव कझरवा जिला बक्सर बिहार का रहने वाला है।

सीईओ मान ने कहा- नगर निगम चुनाव को फ्री एंड फेयर करवाने के बनें भागीदार

# सीईओ जिला परिषद ने नगर निगम चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से आगामी 2 मार्च को होने वाले नगर निगम चुनाव की चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशासनिक स्तर पर सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने पोलिंग स्टेशन की ड्राफ्ट लिस्ट विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपकर समीक्षा बैठक की।

**खास बातें**

- 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा
- 19 फरवरी को दोपहर 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा।
- 2 मार्च को सुबह 8 से 6 बजे तक होगा मतदान

### 2 मार्च को सुबह 8 से 6 बजे तक मतदान होगा




जिला परिषद फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतबीर मान ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की हिदायतानुसार नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशी 11 से 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवस के दौरान अपना नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। मंगलवार 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा। नगर निगम चुनाव के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। बुधवार 19 फरवरी को दोपहर 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा करवाई जाएगी। रविवार 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी। इस अवसर पर सीटीएम अंकित कुमार, नगर निगम संयुक्त-आयुक्त करण सिंह भदौरिया, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से अश्विनी गुलाटी, जेजेपी से प्रेम सिंह धनखड़, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सुमित गौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस सोशल मीडिया कमेटी की बैठक आयोजित

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के सेक्टर-9 स्थित कार्यालय में फरीदाबाद नगर निगम के चुनाव को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सोशल मीडिया कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ सौरभ शर्मा चेयरमैन सोशल मीडिया कमेटी तथा विनोद कौशिक चेयरमैन विचार विभाग हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की। इस अवसर पर डॉक्टर सौरभ शर्मा ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सोशल मीडिया कमेटी के माध्यम से नगर निगम फरीदाबाद में फैले भ्रष्टाचार को उजागर कर सभी फरीदाबाद वासियों को इससे अवगत कराया जाएगा। भाजपा द्वारा फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी के नाम पर कैसे ठगा है यह मुद्दा भी उठाया जाएगा। आज फरीदाबाद शहर का बुरा हाल हो गया है कांग्रेस सरकार के शासनकाल में इतना बुरा हाल नहीं था।

### 38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में खूब लोकप्रिय हो रहा 'आपणा घर'

# हरियाणवी पगड़ी बंधवाने के साथ 'हुक्का विद सेल्फी' से आकर्षित हो रहे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में आपणा घर में लगा विरासत प्रदर्शनी में हरियाणवी पगड़ी के प्रति मेला में आने वाले पर्यटकों का पूरा फोकस बना हुआ है। पगड़ी बंधवाने के साथ-साथ हुक्का के साथ सेल्फी लेने के लिए दिनभर पर्यटकों में होड़ सी लगी रहती है। हरियाणा का आपणा घर में विरासत की ओर से जो पारंपरिक परिधानों की प्रदर्शनी लगाई गई है, वहां पर पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ के माध्यम से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हरियाणा की पगड़ी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए हरियाणवी संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने वाले एवं विरासत के निदेशक डा. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की पगड़ी को अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेला-2025 में खूब लोकप्रियता हासिल हो रही है। पर्यटक पगड़ी बांधकर हुक्के के साथ सेल्फी, हरियाणवी झरोखें से सेल्फी, हरियाणवी दरवाजों के साथ सेल्फी, चारपाई व आपणा घर के दरवाजों के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं। मेला में इस माध्यम से हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक पगड़ी खूब लोकप्रियता हासिल कर रही है। पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में पगड़ी की विशेष महत्ता है। पगड़ी की परम्परा का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। पगड़ी जहां एक ओर लोक सांस्कृतिक परम्पराओं से जुड़ी हुई है, वहीं पर सामाजिक सरोकारों से भी इसका गहरा नाता है। हरियाणा के खादर, बांगर, बागड़, अहीरवाल, बृज, मेवात, कौरवी क्षेत्र सभी क्षेत्रों में पगड़ी की विविधता देखने को मिलती है। प्राचीन काल में सिर को सुरक्षित ढंग से रखने के लिए पगड़ी का प्रयोग किया जाता था। पगड़ी को सिर पर धारण किया जाता है।

### लोकजीवन में पगड़ी की विशेष महत्व है: निदेशक पुनिया



### अनादिकाल से ही पगड़ी को धारण करने की परंपरा रही

इसलिए इस परिधान को सभी परिधानों में सर्वोच्च स्थान मिला। पगड़ी को लोकजीवन में पग, पाग, पग्गड़, पगड़ी, पगमंडासा, साफा, पेचा, फेंटा, खण्डवा, खण्डका आदि नामों से जाना जाता है। जबकि साहित्य में पगड़ी को रूमालियो, परणा, शीशकाय, जालक, मुरैठा, मुकुट, कनटोपा, मदील, मोलिया और चिंदी आदि नामों से भी जाना जाता है। वास्तव में पगड़ी का मूल ध्येय शरीर के ऊपरी भाग (सिर को सर्दी, गर्मी, धूप, लू, वर्षा आदि विपदाओं से सुरक्षित रखना रहा है, किंतु धीरे-धीरे इसे सामाजिक मान्यता के माध्यम से मान और सम्मान के प्रतीक के साथ जोड़ दिया गया, क्योंकि पगड़ी सिरोधार्य है। यदि पगड़ी के अतीत के इतिहास में झांक कर देखें, तो अनादिकाल से ही पगड़ी को धारण करने की परंपरा रही है। आपणा घर के बाहर हरियाणवी पगड़ी बांध रहे मनोज कालड़ा ने बताया कि प्रतिदिन एक हजार से ज्यादा लोग शान से हरियाणवी पगड़ी बंधवाकर मेले का भ्रमण कर रहे हैं। युवाओं में भी दिनभर पगड़ी बंधवाने की होड़ लगी रहती है। कुरूक्षेत्र से मेला देखने आए युवा अंकित ने बताया कि उनके दादा पगड़ी बांधते थे।

### मेला में जमकर खरीदारी कर रहे आगन्तुक पर्यटक

38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेला गत शुक्रवार से शुरू हो चुका है। आगामी 23 फरवरी तक चलने वाले इस मेला में इस बार तीन शुक्रवार व शनिवार और तीन रविवार के चलते पर्यटकों के साथ-साथ शिल्पकारों के लिए दूसरा वीक ऐंड काफी महत्वपूर्ण रहेगा। अच्छी संख्या में दर्शक पर्यटक मेला देखने आएं, इसके लिए मेला प्राधिकरण द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मेला में पहले दिन ही अच्छी संख्या में दर्शक, पर्यटक पहुंचे तो शिल्पकारों के चेहरे खिल उठे। इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए दो की बजाय तीन चौपाल बनाई गई हैं। छोटी, बड़ी और महा चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक जुट रहे हैं। भीड़ के कारण इस बार वीकेंड पर पार्किंग स्थलों पर भी पहले के मुकाबले वाहनों की संख्या ज्यादा बढने का अनुमान है। गत शुक्रवार 7 फरवरी से शुरू हुए शिल्प मेला में देश व विदेशी कलाकार अपनी-अपनी कला और संस्कृति के रंग बिखेर कर पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं।

### पर्यटकों ने कलाकारों के साथ जमकर नृत्य किया

नव वर्ष के बाद से ही पर्यटकों को था मेले का बेसब्री से इंतजार सूरजकुंड मेला परिसर में शुक्रवार को पर्यटकों की भारी भीड़ रही। नववर्ष 2025 के बाद से ही देश भर के लोगों को इस भव्य मेले का बड़ा ही बेसब्री से इंतजार था। मेला परिसर में जगह-जगह पर्यटकों ने विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति की छटा बिखेरते कलाकारों के साथ जमकर नृत्य किया। साथ ही कच्ची घोड़ी नृत्य का आनंद लिया। दिल्ली गेट से वीआइपी गेट तक और मुख्य चौपाल से फूड कोर्ट तक पर्यटकों की भीड़ ही दिखाई दे रही थी। मेले में भीड़ देखकर शिल्पियों के चेहरे खिले उठे। सभी स्टाल पर पर्यटक शिल्पियों से मोल-भाव करते हुए देखे गए। विभिन्न राज्यों के परिधानों, खेल के सामान और घर को सजाने से संबंधित स्टाल से पर्यटकों ने जमकर खरीदारी की। इसके अलावा फूड कोर्ट पर भी अच्छी खासी भीड़ रही। लोगों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा था।

## सुषमा स्वराज कॉलेज में उनकी जयंती पर खेल उत्सव का आयोजन

# सुषमा स्वराज के जीवन से प्रेरणा लें छात्राएं: विधायक शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि उनकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि सुषमा स्वराज 7 बार संसद की सदस्य के तौर पर चुनी गईं। इस दौरान उनको उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार भी मिला था। वहीं साल 1996 में वाजपेयी की सरकार में सुषमा स्वराज सूचना और प्रसारण मंत्री के तौर पर कैबिनेट में शामिल हुई थीं। फिर साल 1998 में केंद्रीय मंत्रिमंडल को छोड़कर वह दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। साथ ही उनको एक राजनीतिक दल की पहली महिला प्रवक्ता होने का गौरव प्राप्त है। उनके बोलने के कौशल की वजह से सुषमा स्वराज को लगातार तीन साल तक राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ हिंदी स्पीकर का पुरस्कार मिला था। आज के विद्यार्थियों को सुषमा स्वराज के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। और अपने जीवन को संवारे का अथक प्रयास करते रहना चाहिए। वे शुक्रवार को सुषमा स्वराज की जयंती के मौके पर कॉलेज में आयोजित दूसरी वार्षिक खेल उत्सव में मुख्यातिथ के रुप में पहुंचे थे। विधायक मूलचंद शर्मा ने अपनी बात को जारी रखते हुए विद्यार्थियों एवं मौजूद लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि सुषमा स्वराज भारत की सबसे प्रसिद्ध राजनेताओं में से एक थी।


**फॉर्म संख्या आरएससी–4**
**[नियम 3(3) के अनुसार]**
**नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण पीठ के समक्ष**
**कंपनी याचिका संख्या 21/2025**
**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
**नोटिस का प्रकाशन**

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त कंपनी की शेयर पूंजी को 10,00,00,000/– (केवल भारतीय रुपये दस करोड़) 10/– रुपये (भारतीय रुपये दस) में विभाजित 1,00,00,000 (एक करोड़) इक्विटी शेयरों से घटाकर 7,96,00,000 (भारतीय रुपये सात करोड़ छियानबे लाख) रुपये करने की पुष्टि करने के लिए 10 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली बेंच में एक याचिका प्रस्तुत की गई थी, जिसमें 10/– रुपये (भारतीय रुपये दस) प्रत्येक के 79,60,000 (उनहत्तर लाख साठ हजार) इक्विटी शेयर शामिल हैं।

व्यक्तिगत लेनदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। कंपनी द्वारा 15 दिसंबर, 2024 को तैयार की गई ऋणदाताओं की सूची 19 मई, 2025 तक सोमवार से शुक्रवार के बीच सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निरीक्षण के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में उपलब्ध है।

नई दिल्ली स्थित न्यायाधिकरण द्वारा जारी दिनांक 10 फरवरी, 2025 के आदेश के अनुसरण में तथा उसमें दिए गए निर्देशों के अनुसार, यदि कंपनी के किसी ऋणदाता को याचिका अथवा ऋणदाताओं की सूची में दिए गए विवरण पर कोई आपत्ति है, तो उसे सहायक दस्तावेजों तथा अपने नाम और पते, तथा अपने अधिकृत प्रतिनिधि, यदि कोई हो, के विवरण के साथ नीचे हस्ताक्षरकर्ता को भेजा जा सकता है, ताकि याचिका की अगली सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि अर्थात 19 मई, 2025 तक कंपनी तक पहुंच जाए।

यदि ऊपर बताए गए समय के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो याचिकाकर्ता कंपनी की इक्विटी शेयर पूंजी को कम करने के लिए उपरोक्त याचिका के तहत सभी कार्यवाहियों में ऋणदाताओं की सूची में प्रविष्टियों को सही माना जाएगा।

यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि 19 मई, 2025 को सुनवाई तय की गई है, जिस दिन न्यायाधिकरण याचिका पर सुनवाई करेगा। यदि कोई लेनदार सुनवाई में भाग लेना चाहता है, तो उसे अपनी आपत्तियों के साथ अनुरोध करना चाहिए, यदि कोई हो।

**दिनांक 14 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में**

**हिमानी मित्तल**
**कंपनी की कंपनी सचिव**


## अपराध शाखा बॉर्डर की कार्रवाई

# 27 किलो गांजा सहित नशा उपलब्ध करवाने और बेचने वाले 3 आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने नशा तस्करी के मामले में 3 आरोपी मोहन, नगीना व भोला मियाँ को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि 13 फरवरी को अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से आरोपी मोहन और नगीना द्वारा गांजा लेकर आने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहन और नगीना वासी मोतीहारी, बिहार हाल गणेश नगर, दिल्ली को सेक्टर-37, पल्ला रोड से 27.260 किलो गांजा सहित काबू किया गया। जिस पर आरोपियों के विरुद्ध थाना सराय ख्वाजा में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि दोनों दिल्ली में ऑटो चलाते है तथा भोला मियां वासी गोपालगंज बिहार के लिए काम करते हैं, 13 फरवरी को भोला मियां गोपालगंज बिहार से गांजा लेकर आया था, जिसने गांजा बेचने के लिए उनको दिया था। वे गांजा बेचने उपरांत पैसे लेकर भोला मियां को दे देते। जिन्होंने पूछताछ में यह भी बताया कि भोला मियां द्वारा माल बेचने के पैसे लेने के लिए उनका इंतजार कर रहा है।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | टर्नकी आधार पर नेटवर्किंग / वीडियो कांफ्रेंसिंग प्रोजैक्ट्स के निष्पादन के साथ-साथ नेटवर्किंग / वीडियो कांफ्रेंसिंग मदों की आपूर्ति व स्थापना हेतु वेंडर्स का पैनल तैयार करना। | 14.02.2025<br>06.03.2025 | 1 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722720113<br>sandeep.hartron-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32394/I/88/7 दि. 14.02.25


## आसाराम बापू आश्रम में मातृ-पितृ पूजन दिवस 16 को

**फरीदाबाद।** संत आसाराम बापू की प्रेरणा से हर वर्ष 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष फरवरी के प्रथम सप्ताह से ही भिन्न-भिन्न स्कूलों में बच्चों को मातृ-पितृ पूजन दिवस के बारे में समझाया जाता है किस तरह से विधिवत मातृ पितृ पूजन किया जाता है।


**पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड**
PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES
CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजीकृत कार्यालय : ए–97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II, नई दिल्ली – 110020, भारत
टेलीफोन नंबर: +91–11–47385300, फैक्स: +91–11–47480746
ईमेल: pearl@pearlpet.net, वेब: www.pearlpet.net

**31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.12.2023 अलेखापरीक्षित | नौमाही समाप्त 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | नौमाही समाप्त 31.12.2023 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2024 लेखापरीक्षि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 521.38 | 679.05 | 620.23 | 2,044.83 | 1,799.04 | 2,435.88 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर और अपवादात्मक मदों से पहले) | −221.69 | 23.18 | 58.72 | −69.27 | 102.97 | 32.71 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (असाधारण मदों के बाद) | −221.69 | 23.18 | 58.72 | −69.27 | 102.97 | 32.71 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर के बाद (असाधारण मदों के बाद) | −221.69 | 23.18 | 58.72 | −69.27 | 115.07 | 65.41 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि)(कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | −221.69 | 23.18 | 58.72 | −69.27 | 115.07 | 51.41 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | – | – | 2,172.60 |
| 8 | प्रति शेयर आय (10/– रुपये प्रत्येक) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | 1. मूल | −1.32 | 0.14 | 0.35 | −0.41 | 0.68 | 0.39 |
| | 2. पतला | −1.32 | 0.14 | 0.35 | −0.41 | 0.68 | 0.39 |

नोट:
ऊपर सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए अलेखापरीक्षित तिमाही और नौमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों: www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट: www.pearlpet.net पर उपलब्ध है।
31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम नीचे दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से देखे जा सकते हैं।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 14 फरवरी, 2025

पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
उदित सेठ
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00005403



**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : गांव लोयान मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
CIN: L15421UP1991PLC019160
Tel.: 01234-259206 Fax:+91-1234-259200
E-mail: investors@sbecsugar.com, Website: www.sbecsugar.com

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन एवं समेकित) का सार**

(रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.12.2024 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.12.2023 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त नौ माह 31.12.2024 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष 31.03.2024 अंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 31.12.2024 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 31.12.2023 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त नौ माह 31.12.2024 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त वर्ष 31.03.2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 13989.70 | 14038.01 | 41773.91 | 64460.58 | 14315.12 | 14410.45 | 42154.78 | 65534.94 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (2143.22) | (179.05) | (5726.25) | 465.02 | (2231.02) | (208.60) | (6495.89) | 152.01 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और/अथवा असामान्य मदों और एसोसिएट्स के लाभ/हानि के शेयर के बाद) | (2143.22) | (179.05) | (5726.25) | 465.02 | (2231.02) | (208.60) | (6495.89) | 152.01 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (2143.22) | (179.05) | (5726.25) | 465.02 | (2231.02) | (208.60) | (6495.89) | (329.67) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (2145.26) | (176.41) | (5732.36) | 456.87 | (2233.13) | (206.31) | (6502.25) | (338.15) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | |
| a | बेसिक | (4.50) | (0.38) | (12.02) | 0.98 | (4.68) | (0.44) | (13.63) | (0.69) |
| b | डायल्युटेड | (4.50) | (0.38) | (12.02) | 0.98 | (4.68) | (0.44) | (13.63) | (0.69) |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक और अर्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 14 फरवरी 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानदंड (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.02.2025

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/-
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं प्रधान
डीआईएन : 00002757

खबर संक्षेप

## वक्फ संशोधन बिल से न घबराएं मुसलमान



**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। इस पर बड़ी गहमागहमी हो रही है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल से आम मुसलमानों को कोई खतरा नहीं है और न ही मस्जिदों, मदरसों, दरगाहों को भी कोई खतरा है। इसलिए जो लोग डरा रहे हैं, उनके झांसे में न आएं।

## बिहार के बेतिया से 3 लड़कियां अगवा



**बेतिया।** बिहार के बेतिया से एक साथ तीन नाबालिग लड़कियों को अगवा कर लिया गया तो एक विवाहिता अपने छोटे छोटे दो बच्चों के साथ लापता हो गई। विवाहिता के घर से कैश और जेवर भी गायब हैं और फोन स्वीच ऑफ है। सभी मामलों में परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर छानबीन की जा रही है। मोबाइल नेटवर्क के सहारे लकीर पीट रही पुलिस को किसी को भी बरामद नहीं कर पाई है। परिजन उनका का इंतजार कर रहे हैं।

## पत्नी को दे दिया एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन




**सहारनपुर।** जिले से एक चौकाने वाला मामल सामने आया है। जहां दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन लगा दिया। इससे महिला की हालत बिगड़ गई। अब पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पति, देवर, सास और ननद को नामजद किया है। उधर, पुलिस भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और दहेज एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच में जुट गई है।

# ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में वैलेंटाइन डे पर उमड़ी भक्तों की भीड़

वैलेंटाइन डे पर ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं और युवतियों ने अपने आराध्य बांकेबिहारी जी को गुलाब का फूल अर्पित कर अपना वैलेंटाइन चुना। भक्तों ने बताया कि उनके लिए बांकेबिहारी ही सब कुछ हैं और वे उनकी रक्षा और समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। मंदिर के आस पास सभी दुकानों में गुलाब के फूल 200 रुपए से अधिक दामों में बिके।

एजेंसी ▶▶ मथुरा

ठाकुर बांकेबिहारी की लीला निराली है तो उनके भक्तों की भक्ति भी अद्भुत है। ठाकुर बांकेबिहारी के भक्त उन्हें कभी भाई मानते हैं तो कभी अपना संरक्षक मानकर परिवार और राष्ट्र की उन्नति की कामना करते हैं।

होली पर भक्तों में सखा भाव उत्पन्न होता है। कोई भी पर्व-उत्सव हो, हर पर्व-उत्सव ठाकुर बांकेबिहारी के साथ मनाने की इच्छा पाले देश दुनिया के श्रद्धालु वृंदावन पहुंच ही जाते हैं। शुक्रवार को वैलेंटाइन में भक्त पीछे कैसे रहते। महिलाओं, युवतियों ने अपने आराध्य बांकेबिहारी जी को गुलाब का फूल अर्पित कर अपना वैलेंटाइन चुना।

**खास बातें**

- महिलाओं व युवतियों ने गुलाब अर्पित कर बांकेबिहारी जी को बनाया अपना वैलेंटाइन
- भक्तों की भक्ति भी अद्भुत, कभी भाई तो कभी संरक्षक माना




### दस गुना दाम में बिका गुलाब का एक फूल

#### सुबह से ही दर्शनार्थियों का लगा रहा तांता

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में शुक्रवार को वैलेंटाइन डे पर सुबह से ही दर्शन को भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में भक्त दर्शन को आए तो अनेक महिलाओं और युवतियों ने आराध्य को गुलाब का फूल अर्पित कर अपना वैलेंटाइन चुना।

#### गुलाबा के फूलों से फूलमाला विक्रेताओं ने खूब की कमाई

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के आसपास तमाम लोग गुलाब का फूल बेच रहे थे। वैलेंटाइन डे के दिन गुलाब का फूल 200 रुपए में बिका, जबकि सामान्य दिनों में इसकी कीमत 10 से 20 रुपए ही रहती है। फूलमाला विक्रेताओं ने कई गुणा कीमत में फूल बेचकर खूब कमाई की। शाम तक इनकी खूब बिक्री हुई।

### 588 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

# यूपी की राजधानी लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित कर रही डबल इंजन की सरकार

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लखनऊ को न केवल एयरो सिटी बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। मौके पर कई योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 4 लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपए की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (3 किमी) और 170 करोड़ रुपए की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (2 किमी) शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपए की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लखनऊ को न केवल एयरो सिटी बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिटी के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है और राज्य के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ को 1000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिली है, जिसमें 440 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं और करीब 600 करोड़ रुपए की विभिन्न राज्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मेट्रो शहरों की तरह विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

**खास बातें**

- लखनऊ में रेलवे और हवाई यातायात को मिलेगा बढ़ावा
- अगले मई-जून महीने से लखनऊ में शुरू हो जाएगा ब्रह्मोस मिसाइल के निर्माण का कार्य



### रक्षा मंत्री के सहयोग से यूपी को नई गति

सीएम ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिफेंस कॉरिडोर के तहत लखनऊ में भारत डायनेमिक्स लि.के ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण परियोजना को आगे बढ़ाने से लेकर झांसी में बड़े प्रोजेक्ट्स को लाकर यूपी को डिफेंस निर्माण का केंद्र बनाने में रक्षा मंत्री का योगदान अमूल्य है। कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर लखनऊ को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है।

### सांस्कृतिक-आर्थिक समृद्धि का प्रतीक महाकुंभ

सीएम योगी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ के ऐतिहासिक आयोजन को यूपी की सांस्कृतिक व आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बताया। कहा कि महाकुम्भ 2025 में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो यूपी की शक्ति व व्यवस्थागत कुशलता को दर्शाता है। महाकुम्भ में लोगों की सैंकड़ों वर्षों से दबी हुई भावनाओं को सम्मान मिल रहा है। महाकुम्भ का आयोजन स्थल रक्षा मंत्रालय की भूमि पर होता है व पिछले 8 वर्षों से यूपी सरकार को यह भूमि लीज पर सहजता से प्राप्त हो रही है।

### अखिलेश ने महाकुंभ में खर्च की पारदर्शिता पर उठाए सवाल

# भगदड़ में मृतकों का आंकड़ा क्यों छुपा रही योगी सरकार



एजेंसी ▶▶ वाराणसी

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा में कई अहम मुद्दों पर सरकार को घेरा।

अखिलेश यादव ने कुंभ को लेकर सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह आयोजन केवल देश और दुनिया को दिखाने के लिए किया जा रहा है, जबकि इसके दौरान हुई भगदड़ और उसमें जान गंवाने वाले लोगों की वास्तविक संख्या छिपाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये खर्च किए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन यह पैसा कहां गया और इसकी तैयारियां कैसी थीं, इस पर सरकार पारदर्शिता नहीं बरत रही।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए कहा कि कुंभ में अगर इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होता तो लोगों को असुविधा नहीं होती और भगदड़ जैसी घटनाएं टाली जा सकती थीं। उन्होंने कहा कि सरकार सही आंकड़े भी पेश नहीं कर रही और दावा कर रही है कि 50 नहीं बल्कि 60 करोड़ लोग कुंभ में आए।

### अमेरिकी व्यापार भारत में निवेश करे तो हो फायदा

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने हाल ही में पेश हुए केंद्रीय बजट पर भी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार का दावा है कि अर्थव्यवस्था को 5वें से 3वें नंबर पर लाएंगे, लेकिन बजट आने के बाद जनता में निराशा छा गई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका गए हैं, यह काफी अच्छी बात है, लेकिन इससे अच्छी बात तब होगी जब अमेरिका का व्यापार भारत में आएगा। अमेरिका के हाथों में हमारा बाजार ना चला जाए, इसको भी देखना पड़ेगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आपके पैसे की कीमत नहीं बची हुई है। डॉलर के मुकाबले रुपए का ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है।

## पेज एक का शेष

### अगले पांच साल में भारत...

विभिन्न पहलुओं के अलावा अवैध भारतीय प्रवासियों की सुरक्षित स्वदेश वापसी, यूक्रेन युद्ध, चीन की आक्रामकता और बांग्लादेश की मौजूदा चिंताजनक स्थिति पर भी दोनों नेताओं ने चर्चा की। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को जल्द भारत आने का निमंत्रण दिया है। यहां बता दें कि दोनों शीर्ष नेताओं की इस बैठक के साथ ही प्रधानमंत्री का दो दिवसीय (12 से 13 फरवरी तक) अमेरिका दौरा संपन्न हुआ। अमेरिका में नई सरकार के गठन के करीब महीने भर से भी कम समय में पीएम ने अमेरिका की यह महत्वपूर्ण यात्रा की है। वह दुनिया के चौथे नेता हैं जिन्होंने इस कम अवधि में अमेरिकी राष्ट्रपति से उनके देश में आमने-सामने बैठकर सीधी मुलाकात की है।

**10 वर्षीय फ्रेमवर्क से बढ़ेगी रक्षा साझेदारी :** संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका प्रमुख रक्षा साझेदारी के लिए एक नए 10 वर्षीय फ्रेमवर्क को हस्ताक्षर के साथ अंतिम रूप देने की योजना की घोषणा की। जिसकी अवधि 2025 से 2035 तक होगी। इस साल के अंत तक इसे अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। दोनों जमीनी और हवाई सहित कई रक्षा हथियारों की खरीद को लेकर जारी बातचीत के अलावा सैन्य उत्पादों के सह-डिजाइन और विकास पर भी सहमत हुए। भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक साझेदारी की क्षमता की पुष्टि भी की। जो आपसी विश्वास, साझा हितों, सद्भावना और नागरिकों की मजबूत भागीदारी पर आधारित है। सहयोग के प्रमुख स्तंभों में अहम बदलाव लाने के लिए एक नई पहल 21वीं सदी के लिए यूएस-इंडिया कॉम्पैक्ट (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य व प्रौद्योगिकी के लिए अवसरों को उत्प्रेरित करना) का शुभारंभ किया।

**अमेरिका से मिलेंगे एफ-35 विमान, राणा का होगा प्रत्यर्पण :** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन भारत को पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान एफ-35 देने के लिए तैयार है। इस साल से अमेरिका भारत को कई अरब डॉलर की सैन्य बिक्री बढ़ाएगा। इसमें एफ-35 विमानों की बिक्री का मार्ग भी प्रशस्त होगा। साथ ही 2025 में अमेरिका भारत के लिए जैवलिन टैंक नाशक मिसाइल, स्ट्राइकर इंफेंट्री कॉम्बेट वाहनों की नई खरीद के लिए योजना बनाएगा। हिंद महासागर में भारत की समुद्री निगरानी क्षमता बढ़ाने के लिए 6 अतिरिक्त पी8आई विमान दिए जाएंगे। दोनों देश हथियार हस्तांतरण विनियमों की समीक्षा करेंगे। ट्रंप ने कहा, मुझे ये घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरे प्रशासन ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर राणा और दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। वह न्याय का सामना करने के लिए भारत वापस जा रहा है।

**आईईए में भारत की पूर्ण सदस्यता को समर्थन :** ऊर्जा सुरक्षा दोनों देशों में आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण, तकनीकी नवाचार के लिए जरूरी है। नेताओं ने तेल, गैस, असैन्य परमाणु ऊर्जा सहित अमेरिका-भारत ऊर्जा सुरक्षा साझेदारी के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। किफायती और विश्वसनीय ऊर्जा पहुंच के लिए हाइड्रोकार्बन उत्पादन बढ़ाने, संकट के समय के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के महत्व को रेखांकित किया। रणनीतिक तेल भंडार व्यवस्था का विस्तार करने के लिए प्रमुख भागीदारों संग काम करने का संकल्प लिया। इस संदर्भ में अमेरिकी पक्ष ने भारत को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने परमाणु ऊर्जा में अपने विश्वास की पुष्टि की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी से बातचीत के बाद भारत में अमेरिका द्वारा डिजाइन किए गए परमाणु रिएक्टरों पर बड़े पैमाने पर स्थानीयकरण और संभावित प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

**एआई पर रोडमैप तैयार करने का संकल्प :** दोनों ने कृत्रिम मेधा (एआई) पर चर्चा की और निजी उद्योगों को एक साथ लाने, 2025 के अंत तक एआई बुनियादी ढांचे को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका-भारत रोडमैप तैयार करने का संकल्प लिया। डेटा केंद्रों, कम्प्यूटेशन व प्रक्रियाओं तक पहुंच के लिए निवेश के लिए साथ काम करेंगे। साथ ही ऑटोनॉमस सिस्टम, तकनीक को आगे लेकर काम करने पर सहमति जताई। दोनों ने एक खुले हुए स्वतंत्र, शांत, समृद्ध और वैश्विक नियम-कानूनों पर आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन के लिए अपना समर्थन दोहराया। साथ ही आसियान की केंद्रीयता व अन्य मंचों पर भी सहयोग की पुष्टि की।

**बोस्टन और एलए में खुलेंगे नए दूतावास :** भारत-अमेरिका के आमजन के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए भारत जल्द ही बोस्टन और लॉस एंजेलिस में अपने नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। साथ ही अमेरिका के विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को भारत में अपने ऑफशोर कैंपस खोलने के लिए निमंत्रण दिया गया है।

### मिशन-500 नामक नई...

प्रतिनिधियों को नामित करने की प्रतिबद्धता जताई। व्यापार को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ मिशन-500 नामक एक पहल की शुरुआत की गई है। जिससे बाजार में पहुंच बढ़ाने, शुल्क-गैर शुल्क बाधाओं को कम करने, आयात शुल्क घटाने और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने पर काम किया जाएगा। बताते चलें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के साथ बैठक से कुछ घंटे पहले हालांकि भारत समेत अमेरिका के अन्य सभी व्यापारिक साझेदारों पर नई पारस्परिक आयात शुल्क नीति (टैरिफ) को लागू करने से जुड़े एक अहम कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर के बाद भारत संग व्यापार को बढ़ाने के उक्त निर्णय का ऐलान किया है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच व्यापार का कुल आंकड़ा 130 बिलियन डॉलर का है। जिसमें अमेरिकी व्यापार घाटा लगभग 45 बिलियन डॉलर है।

### अमेरिका में बढ़ेगा भारतीय ....

सहयोगी कंपनी नोवेलिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, एप्सिलॉन एडवांस्ड मेटेरियल्स जैसी कंपनियों का अमेरिका में निवेश बढ़ा है। जिससे 3 हजार उच्च गुणवत्ता वाले स्थानीय रोजगारों का सृजन हुआ है। दोनों देश उच्च मूल्यों वाले उद्योगों में हरित निवेश करने के लिए एकमत हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि दोनों देश व्यापार से जुड़ी असमानताओं को दूर करने के लिए बातचीत करेंगे। दोनों हकीकत में एक समान खेल का मैदान चाहते हैं, जिसके हम हकदार हैं।

### मुख्य चुनाव आयुक्त की ...

उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। सीईसी के अलावा, राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से बनी रिक्ति को भरने के लिए एक नए ईसी की भी नियुक्ति की जा सकती है। 18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल बैठक करेगा और एक नाम को अंतिम रूप देगा। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगे। पारंपरिक परंपराओं के अनुसार, पिछले साल एक नया कानून लागू होने से पहले, सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त (ईसी) को पदधारी की सेवानिवृत्ति के बाद सीईसी के रूप में पदोन्नत किया गया था। सीईसी और ईसी की नियुक्तियों पर नए कानून के अनुसार, एक खोज समिति पदों पर नियुक्ति के लिए प्रधान मंत्री के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा विचार करने के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्टलिस्ट करती है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को पहली बार सीईसी की नियुक्ति के लिए लागू किया जा रहा है, इसका उपयोग पिछले साल अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे के कारण बनी रिक्तियों को भरने के लिए ईसी ज्ञानेश कुमार और संधू को नियुक्त करने के लिए किया गया था।

### भ्रामक दावे करने ...

या भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो। सीसीपीए ने अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी किए हैं। सीसीपीए ने 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापनों का प्रकाशन न करने का निर्देश दिया है। मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता वाली सीसीपीए ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) के विरुद्ध आदेश जारी किया है।

**आईआईटी रैंक के बारे में भ्रामक दावे :** संस्थान ने आईआईटीपीके द्वारा पिछले 21 वर्षों में 1384 आईआईटी रैंक का सुझाव देते हुए यह दावा किया कि संस्थान द्वारा प्रशिक्षित 1384 छात्रों ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश प्राप्त किया है। विज्ञापन में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि सभी 1384 छात्रों का चयन आईआईटी में नहीं हुआ। आईआईटी रैंक वाक्यांश का उपयोग करके, संस्थान ने उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाने में गुमराह किया कि इन छात्रों ने विशेष रूप से आईआईटी में प्रवेश प्राप्त किया है, जिससे इसकी सफलता दर में वृद्धि हुई है। जांच करने पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने पाया कि संस्थान द्वारा प्रदान की गई सूची में आईआईटी, आईआईआईटी, एनआईटी, बीआईटीएस, मणिपाल विश्वविद्यालय, वीआईटी वेल्लोर, पीआईसीटी पुणे, एमआईटी पुणे, वीआईटी पुणे और अन्य शैक्षणिक संस्थानों सहित विभिन्न संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्र शामिल थे। बढ़ा-चढ़ाकर और बिना किसी शर्त के प्रस्तुत किए गए बयान, संस्थान ने अपने विज्ञापनों में साल दर साल सबसे ज्यादा सफलता अनुपात, 21 सालों में सबसे अच्छा सफलता अनुपात और 61 प्रतिशत पर सफलता अनुपात जैसे साहसिक दावों का इस्तेमाल किया।

### राष्ट्रीय स्तर के ...

संबंधित परीक्षाओं में अखिल भारतीय रैंक प्राप्त किया है। संस्थान ने जानबूझकर यह छिपाया कि छात्र केवल संस्थान के भीतर टॉपर थे, राष्ट्रीय स्तर पर नहीं। यह गलत चित्रण उन छात्रों के निर्णयों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं जो मुख्य रूप से 7वीं से 12वीं कक्षा के छात्र है और जिनकी आयु 14-17 वर्ष है। यह छात्र यह मान सकते हैं कि संस्थान लगातार शीर्ष राष्ट्रीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों को तैयार करता है, इस प्रकार के झूठे दावों के साथ कोचिंग संस्थान छात्रों की पसंद को प्रभावित करता है।

### केंद्र-आंदोलनकारी किसानों की...

किसान नेताओं की सभी मांगें सुनीं। हमने उन्हें किसानों के लिए बजट में लिए गए फैसलों के बारे में बताया। 22 फरवरी को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में एक बैठक होगी। मीटिंग के दौरान, जोशी ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत पर भी चिंता जताई।

**किसान नेता बोले- अगली मीटिंग दिल्ली में हो :** मीटिंग से पहले किसान नेता सरवन पंधेर ने चेतावनी दी थी कि अगर मीटिंग में हल नहीं निकला तो किसान दिल्ली कूच करेंगे। लेकिन अब किसान संगठन छठे दौर की वार्ता के लिए राजी हैं। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर नेता जसबीर सिंह कहा- सरकार को किसानों की बात मान लेनी चाहिए। उप-राष्ट्रपति ने भी कहा है कि किसानों की मांगों को मान लेते हैं तो कोई पहाड़ नहीं गिरेगा। उम्मीदों पर ही बैठकें होती है। हमारे नेता अंदर मीटिंग में हुई है। हमारे नेता चाहते है कि अगली मीटिंग दिल्ली में हो। ये लड़ाई अकेले पंजाब की नहीं बल्कि पूरे देश की है। किसान लखबीर सिंह ने कहा- मीटिंग से हमें काफी पॉजिटिव उम्मीद है। जब भी कोई बैठक होती है तो यही सोचते हैं कि शायद सरकार हमारी मांगों का हल निकाले। एक साल से हम खनौरी बॉर्डर पर बैठे हुए हैं।

**मांगें न मानने तक जारी रहेगा संघर्ष :** किसान नेता हरदीप सिंह हरदो झंडे ने कहा कि एक साल से देश का किसान सड़कों पर है। गर्मी-सर्दी हर मौसम की मार झेल रहे हैं। इस संघर्ष में सबसे बड़ा योगदान जगजीत सिंह डल्लेवाल का है। 55 दिन बाद सरकार जागी है। हमारी कोशिश है कि देश के किसानों की एमएसपी गारंटी कानून, स्वामीनाथन की रिपोर्ट सहित कर्जा मुक्ति जैसी हमारी प्रमुख मांगे हैं। जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

**एम्बुलेंस में चंडीगढ़ पहुंचे डल्लेवाल :** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की तरफ से जगजीत डल्लेवाल और किसान मजदूर मोर्चा के सरवन पंधेर ने प्रतिनिधिमंडल की अगुआई की। 81 दिन से खनौरी बॉर्डर पर अनशन कर रहे डल्लेवाल एम्बुलेंस में चंडीगढ़ पहुंचे थे। उन्हें स्ट्रैचर से कॉन्फ्रेंस हॉल में ले जाया गया। केंद्र की तरफ से केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, पंजाब सरकार की तरफ से कृषि मंत्री गुरमीत खुड्डियां और मंत्री लाल चंद कटारूचक्क शामिल रहे।

### नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं...

चंडीगढ़ स्थित राज्य विधान सभा परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी; हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष, हरविंदर कल्याण; उत्तर प्रदेश और पंजाब के पीठासीन अधिकारी, हरियाणा सरकार के मंत्री और हरियाणा विधान सभा के सदस्य भी शामिल हुए। बिरला ने यह भी कहा कि विधिनिर्माताओं और मूल मंत्रालय के बीच सहयोग से कानून की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सकता है, जिससे यह जनता के लिए अधिक प्रासंगिक और लाभकारी होगा और इससे सुविचारित निर्णय लेने और शासन व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी

**विधायी प्रारूपण की जानकारी होना महत्वपूर्ण :** ओम बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि प्रभावी कानून बनाने के लिए विधायी प्रारूपण की जानकारी होना बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए, जनप्रतिनिधियों को विधायी प्रारूपण के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में शामिल होना चाहिए। विभिन्न विधायी मंचों पर हुए चर्चा-संवाद के बारे में बात करते हुए उन्होंने राज्य विधान सभाओं के वाद-विवाद के डिजिटलीकरण में तेजी लाने का भी सुझाव दिया ताकि निर्वाचित सदस्यों को यह जानकारी आसानी से उपलब्ध हों और वे उन मूल्यवान अभिलेखों का उपयोग कानून निर्माताओं के रूप में कौशल को निखारने के लिए कर सकें।

**सदस्यों को सदन में नियमों के दायरे में रहकर मुद्दे उठाने चाहिए :** बिरला ने हरियाणा विधान सभा में पहली बार निर्वाचित विधायकों को नियमों और प्रक्रियाओं का गहन अध्ययन करने की सलाह दी ताकि वे लोगों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा सकें। उन्होंने सदस्यों से सदन की कार्यवाही में नियोजित व्यवधान से बचने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करने में विधानमंडल जितना अधिक प्रभावी होगा, शासन उतना ही पारदर्शी होगा और कार्यपालिका उतनी ही अधिक जवाबदेह होगी।

### हरियाणा विधानसभा का गौरवशाली ...

करते हुए, उन्होंने कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने और राज्य के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के एक प्रभावी मंच के रूप में हरियाणा विधान सभा के कामकाज की सराहना की। इस अवसर पर बिरला के नेतृत्व में हरियाणा विधान सभा के सदस्यों ने भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष, हरविंदर कल्याण ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री, नायब सिंह सैनी ने विशिष्ट सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष, सतीश महाना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने धन्यवाद ज्ञापित दिया।



# वैलेंटाइन डे पर नीतू कपूर ने 6 लोगों पर बरसाया प्यार

**मुंबई।** एक्ट्रेस नीतू कपूर ने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर अपने परिवार के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में उनके साथ बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी, दामाद भरत साहनी, नातिन समारा, बेटे रणबीर कपूर, बहू आलिया भट्ट और सबसे छोटी सदस्य राहा कपूर भी नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ नीतू कपूर ने लिखा 'हैप्पी वेलेंटाइन डे'। गौरतलब है कि नीतू कपूर अक्सर अपने दिवंगत पति ऋषि कपूर की याद में तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। पिछले साल उन्होंने एक फैन द्वारा एडिट की गई तस्वीर शेयर की थी जिसमें ऋषि कपूर अपनी पोती राहा के साथ थे।

लाइफ Style

# मावरा होकेन

## पाकिस्तान से बॉलीवुड तक का सफर

एजेंसी ⏭ मुंबई

'सनम तेरी कसम' 7 फरवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म पहली बार 5 फरवरी 2016 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन ने अहम किरदार निभाया है। मावरा होकेने 28 सितंबर 1992 में पाकिस्तान में पैदा हुई थीं।

मावरा ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से कानून में डिग्री हासिल की। वह पाकिस्तान की एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में भी फिल्म की है। मावरा होकेन ने 'खिचड़ी सालसा' टीवी सीरियल से अभिनय की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने 'आहिस्ता-आहिस्ता', 'निखर गए गुलाब सारे' जैसे टीवी सीरियल में काम किया। मावरा ने साल 2016 में बॉलीवुड की फिल्म 'सनम तेरी कसम' से बॉलीवुड में कदम रखा। मावरा ने साल 2018 में पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री में 'जवानी फिर नहीं आनी' से शुरुआत की।

मावरा होकेन ने साल 2023 में 'नीम' सीरियल में काम किया है। इस सीरियल में उन्होंने इतना अच्छा काम किया कि उन्हें पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए 'नौवां हम अवॉर्ड' दिया गया। 'सामी' सीरियल में काम करने के लिए मावरा को 'छठा हम अवार्ड' में नॉमिनेट किया गया। 'सबात' में काम करने के लिए उनका नामांकन '20 लक्स स्टाइल अवॉर्ड' में हुआ। मावरा होकेन साल 2020 में 'सबात' के सेट पर पाकिस्तानी एक्टर अमीर गिलानी से मिलीं। इसके बाद 5 फरवरी 2025 को होकेन की मुस्लिम परंपरा के मुताबिक लाहौर में शादी हो गई। मावरा का बचपन का नाम मावरा हुसैन था, लेकिन उन्होंने अपने नाम को सबसे अलग करने के लिए मावरा होकेन कर दिया।




हॉलीवुड मसाला



# बाफ्टा प्रेजेंटर्स की लिस्ट आई सामने

**लॉस एंजिल्स।** बाफ्टा फिल्म अवॉर्ड 2025 की प्रेजेंटर्स की लिस्ट जारी की गई है। इस साल दर्शकों को सेलिना गोमेज, जोई सल्डाना, जेसी ईसेनबर्ग, जो एल्विन, इसाबेला रोसेलिनी, कोलमैन डोमिंगो और राल्फ फिएनेस जैसे हॉलीवुड सेलिब्रिटीज बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों को ट्रॉफी देते हुए नजर आएंगे। कई और सेलिब्रिटीज भी हैं जो बाफ्टा अवॉर्ड विनर को ट्रॉफी देंगे। इसमें एडम पियर्सन, एडम स्कॉट, एन्ना केंड्रिक, कैमिला कैबेलो, सेलिया इमरी, चिवेटेल एजियोफोर, हन्ना जॉन-कामेन, जेम्स मैकएवॉय, जेम्स नॉर्टन जैसे लोगों के नाम शामिल हैं।



# हद से ज्यादा डरावना है 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर

**लॉस एंजिल्स।** सोनी पिक्चर्स ने अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म के खौफनाक पोस्टर्स भी निर्माताओं ने जारी किए हैं। ट्रेलर देखने के बाद फैंस की उम्मीदें इस फिल्म से काफी ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक डेविड एफ सैंडबर्ग ने किया है। यह प्लेस्टेशन स्टूडियो के मशहूर गेम पर आधारित फिल्म है। फिल्म में देखने को मिलेगा कि जब क्लोवर (एला रूबिन) और उसके दोस्त अपनी गायब बहन को ढूंढने के लिए एक सुनसान घाटी में जाते हैं तो वे एक ऐसे डरावने मंजर में फंस जाते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। फिल्म में एला रुबिन, माइकल सिमिनो, ओडेसा एज़ियन, जी-यंग यू, बेलमोंट कैमेली, मैया मिशेल और पीटर स्टॉर्मेयर जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं।



# 'आखिरी सोमवार' में आएंगी नजर

**मुंबई।** अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर फैंस को प्यार भरा तोहफा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे खुद अपनी ही लिखी लव स्टोरी में अभिनय करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने खुद ये प्रेम कहानी भी लिखी। फिल्म का नाम फिलहाल 'आखिरी सोमवार' रखा गया है। ऋचा चड्ढा ने बताया कि दूसरे लॉकडाउन के दौरान वे सिर्फ निर्माता बनकर खुश नहीं थीं। उन्होंने इस दौरान एक कहानी भी लिखी। इसी कहानी पर अब वे खुद अभिनय करने को भी तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की कहानी एक टीवी रियलिटी शो के निर्माता के बारे में है। इस निर्माता को जब ऑफिस में कोई 'चाइल्डिस कैट लेडी' कह देता है तो वह उससे शादी करने की ठान लेती है।



# छावा : एक्शन में हैं कई खामियां

**नई दिल्ली।** फिल्म छावा वेलेंटाइन डे के मौके पर यानी 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनीं छावा दर्शकों को मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के गहन और मनोरंजक जीवन से रू-ब-रू कराती है। 'छावा' में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आ रहे हैं। छावा में संभाजी महाराज की वीरता को प्रणाम है। लेकिन यह कई ऐसी खामियां समेटे हैं जो इमोशनल कनेक्ट बनाने की राह में रोड़ा अटकाती हैं। इसका अंत लंबा कर दिया गया है, जिस तरह का दर्द और बलिदान दिखना चाहिए था, मिसिंग है। एक्शन में कई खामियां है। एक जगह साफ दिख जाता है कि तलवार गर्दन में नहीं घुसी, बल्कि गले के दूसरी साइड है। फिर वहीं एक सीन में तो मरने वाला योद्धा गर्दन टेढ़ी कर तलवार को थामे है।

टीवी मसाला


# 'दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के लगाते थे चक्कर'



**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 16 में अमिताभ बच्चन के किस्से दर्शकों को काफी रोचक लगते हैं। रीसेंट एपिसोड में उन्होंने बताया कि कैसे दोस्तों का टूटा स्कूटर मांगकर वह लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाने जाते थे। उन्होंने स्कूटर की जो स्थिति बताई उसे सुनकर दर्शकों ने ठहाके लगाए। बिग बी बोले आज के बच्चे स्टार्ट अप करते हैं, लेकिन वह स्कूटर स्टार्ट करते थे। अमिताभ बच्चन ने बताया के वह दोस्तों से स्कूटर मांगकर लेडीज कॉलेज के चक्कर लगाते थे। वह बताते हैं, 'जिस उम्र पर यंग लोग आज स्टार्ट-अप लॉन्च कर रहे हैं, मैं भी स्टार्ट-अप में बिजी था...स्कूटर में किक मारने की स्टार्टअप। 'अमिताभ बच्चन ने बताया कि उनके पास स्कूटर नहीं था। वह दोस्तों से मांगते थे। वह बताते हैं, 'स्कूटर मिल जाता था पर टूटा-फूटा था। 10-12 किक मारने के बाद चल जाता था। एक्सीलेरेटर खराब होता था, उसमें स्टार्ट-अप किया। वायर दबा दिया, किक मारता था, मुंह से उसको खींचा और चल दिए।' अमिताभ बच्चन ने बताया कि स्कूटर वाली ये ट्रिक उन्होंने रोटी, कपड़ा और मकान फिल्म में भी अपनाई थी। बिग बी पहले भी अपने स्कूल के दिनों को याद कर चुके हैं। केबीसी 14 के एपिसोड में उन्होंने बताया था कि जब वह नैनीताल में थे तो बाउंड्री वॉल फांदकर भाग जाते थे। पास में गर्ल्स स्कूल था तो वहां लड़कियां देखने को मिलती थीं।

## 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आएंगे कई ट्विस्ट, अरमान को मिलेगी उसकी असली मां

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में 3 ट्विस्ट आने वाले हैं। इन ट्विस्ट की वजह से अरमान, अभिरा, विद्या, चारू, कियारा और अभीर की जिंदगी हमेशा-हमेशा के लिए बदल जाएगी। गोयनका और पौद्दार हाउस में तमाशे होंगे। एक के बाद एक कई सारे सच सबके सामने आएंगे। अरमान आखिरी बार अपनी और अभिरा की शादी बचाने की कोशिश करेगा। वह अभिरा को अपनी फेवरेट जगह बुलाएगा। जब अरमान वहां पहुंचेगा तब वह देखेगा कि आरके, अभिरा को प्रपोज कर रहा है। अरमान का दिल टूट जाएगा और वह वहां से चला जाएगा। संजय की वजह से चारू मंडप तक नहीं पहुंचेगी। परिवार के एक सदस्य को चारू कि चिट्ठी मिलेगी जिसमें लिखा होगा कि वो ये शादी नहीं करना चाहती है। जब अभीर को ये बात पता चलेगी तब वह भड़क जाएगा और जाकर कियारा से शादी कर लेगा। चारू जैसे-तैसे गोयनका हाउस पहुंचेगी और देखेगी कि अभीर और कियारा की शादी हो गई है।



# 'किस्मत' थी एक करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म



**नई दिल्ली।** इंडियन सिनेमा शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई करता रहा है। अपने 100 साल से भी ज्यादा पूरे कर चुका इंडियन सिनेमा तमिल, तेलुगू और कई साउथ फिल्म इंडस्ट्री से भी जाना जाता है। वैसे आज के समय में साउथ सिनेमा ही इंडियन सिनेमा की पहचान बन चुका है। इंडियन सिनेमा में सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्मों में साउथ सिनेमा की फिल्मों की लिस्ट लंबी है, लेकिन आज हम बात करेंगे उस हिंदी फिल्म की, जिसने बॉक्स ऑफिस पर सबसे पहले 1 करोड़ रुपए कमाए थे। यह फिल्म हिंदी सिनेमा की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी और इसकी कमाई का यह रिकॉर्ड 10 सालों तक बरकरार रहा था। यह फिल्म शोले, मुगल ए आजम, डिस्को डांसर और क्रांति में से कोई भी नहीं है। इस फिल्म ने उस समय में आज की बिगेस्ट ब्लॉकबस्टर फिल्में 3 इडियट्स, पुष्पा 2 और दंगल से भी ज्यादा टिकट सेल की थीं।

### 75 साल पहले रिलीज हुई थी फिल्म

दरअसल हम बात कर रहे हैं 75 साल पुरानी फिल्म किस्मत (1943) की, जिसे ज्ञान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में अशोक कुमार, मुमताज शांति और शाह नवाज ने लीड रोल प्ले किया था। यह फिल्म 9 जनवरी 1943 को रिलीज हुई थी और यह उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। महज 2 लाख रुपए के बजट में बनी फिल्म ने 1.6 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म का टैग अपने नाम कर लिया था। किस्मत एक बोल्ड थीम पर बेस्ड एंटी-हीरो की फिल्म थी, जिसमें एक अविवाहित महिला प्रेग्नेंट हो जाती है।


### पुष्पा 2, दंगल और 3 इडियट्स से कैसे आगे?

बता दें, किस्मत को देखने के लिए 3.5 करोड़ दर्शक थिएटर में जुटे थे। कथित तौर पर कहा जा सकता है कि फिल्म उस समय की सुपरहिट फिल्म है। जबकि पुष्पा 2 का फुटफॉल (2 करोड़), 3 इडियट्स (3.2 करोड़), धूम 3 (3.4 करोड़) और गजनी का (2.4 करोड़) फुटफॉल था। किस्मत ने 75 साल पहले एक ही थिएटर से 12 लाख रुपए का कलेक्शन किया था। यह फिल्म 184 हफ्तों तक थिएटर में चली थी। ऐसे में किस्मत भारत की पहली ऐसी फिल्म का खिताब अपने नाम कर चुकी है, जिसने 1 करोड़ रुपए सबसे पहले कमाए थे।

# 'द डिप्लोमैट' का ट्रेलर जारी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम और सादिया खातीब अभिनीत फिल्म 'द डिप्लोमैट' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। दिवंगत सुषमा स्वराज की जयंती पर रिलीज किया गया यह ट्रेलर 2017 में उनके द्वारा भारत की बेटी को वापस लाने में भारतीय राजनयिक जेपी सिंह का समर्थन करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों को श्रद्धांजलि देता है। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यह राजनीतिक थ्रिलर फिल्म इस बात के बारे में बताती है कि युद्ध के बजाय चतुराई और बातचीत नायक के अंतिम हथियार हैं। जॉन अब्राहम वास्तविक जीवन के भारतीय राजनयिक जेपी सिंह की भूमिका में हैं, जो भारत की बेटी को कैद से छुड़ाने के लिए एक उच्च-दांव मिशन पर निकलते हैं। शिवम नायर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने रणनीति, बुद्धिमत्ता और बातचीत पर आधारित एक ऐसा किरदार निभाया है, जिसे उन्होंने बड़े पर्दे पर पहले कभी नहीं निभाया है। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी डिमो पोपोव और एमएससी ग्यड ने की है, जबकि संपादन कुणाल वाल्वे ने किया है। रवि श्रीवास्तव प्रोडक्शन डिजाइन की देखरेख की है। डैनियल बी जॉर्ज ने फिल्म के लिए मूल संगीत तैयार किया है, जबकि ध्वनि डिजाइन मोहनदास वीपी द्वारा किया गया है। फिल्म का मूल संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है और गीत मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। कलाकारों में रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी शामिल हैं। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# फिल्मों के सेट पर लिखी गईं इन सितारों के प्यार की दास्तां

**नई दिल्ली।** प्यार का सप्ताह प्रेमियों के लिए इश्क की सौगात लेकर आता है। दुनिया भर में न जाने कितने ही जोड़े इस सप्ताह में अपने प्यार का इजहार करते हैं। कुछ लोग वैलेंटाइन सप्ताह में शादियां भी करते हैं। ऐसे में प्यार और इजहार के इस मौसम में आइए आज आपको बॉलीवुड के उन सितारों की प्रेम कहानियों से रूबरू करवाते हैं, जिनके प्यार की कहानी की शुरुआत उनके फिल्म के सेट से हुई थी। हालांकि, कुछ सितारों ने शादी की, तो वहीं कुछ सितारों की प्यार की दास्तां बिना मंजिल के बीच में ही अटक गई।

## कुछ को मिली मंजिल तो कुछ हुए जुदा



### आलिया भट्ट और रणबीर कपूर

इस लिस्ट में पहला नाम बॉलीवुड के मशहूर कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर का है। उनकी प्रेम कहानी की शुरुआत फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सेट हुई थी। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान रणबीर ने आलिया को प्रपोज भी किया था। आलिया ने खुद इस बात का खुलासा 'कॉफी विद करण' में किया था। कई साल तक डेट करने के बाद 2022 में दोनों सितारे शादी के बंधन में बंध गए।

### कियारा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा



ऐसा माना जाता है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने फिल्म 'शेरशाह' पर एक साथ काम करना शुरू करने के तुरंत बाद डेटिंग शुरू कर दी थी। हालांकि, कियारा ने 'कॉफी विद करण' के सातवें सीजन में सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते के बारे में संकेत दिए। अभिनेत्री ने कहा था कि वे दोनों करीबी दोस्त से कहीं अधिक हैं। इसके बाद फरवरी 2023 में इस जोड़ी ने शादी कर अपने प्रशंसकों को तोहफा दिया।

### अजय देवगन और काजोल




बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल की प्रेम कहानी भी काफी दिलचस्प है। फिल्म 'हलचल' के सेट पर वे और अजय देवगन एक- दूसरे को दिल दे बैठे थे। कई साल तक एक -दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी कर ली। आज वे एक खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

### करीना कपूर और शाहिद कपूर



शाहिद कपूर और करीना कपूर का रिश्ता बॉलीवुड के सबसे चर्चित और प्यारे रिश्तों में से एक था। दोनों की मुलाकात 2004 में फिल्म 'फिदा' के सेट पर हुई और दोनों के बीच प्यार हो गया। उनका रिश्ता लगभग पांच साल तक चला, लेकिन 2007 में फिल्म 'जब वी मेट' की रिलीज के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। से में शाहिद और करीना की प्रेम कहानी भी शादी के मुकाम तक नहीं पहुंच सकी।



### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की पहली मुलाकात फिल्म 'बॉम्बे टॉकीज' के सेट पर हुई थी। हालांकि, दोनों के बीच प्यार की शुरुआत संजय लीला भंसाली की साल 2013 की फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' के दौरान हुई। इसके बाद जोड़ी ने 'पद्मावत' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। रणवीर और दीपिका ने अपने रिश्ते को छिपाकर रखा और 2018 में लेक कोमो में शादी कर ली।

### सैफ अली खान और करीना कपूर



सैफ अली खान और करीना कपूर ने भले ही साल 2003 की 'एलओसीः कारगिल' और 2006 की 'ओमकारा' में स्क्रीन स्पेस साझा किया हो, लेकिन दोनों के बीच प्यार की शुरुआत फिल्म 'टशन' के सेट पर हुई। दोनों की कहानी शाही रोमांस निकली। उन्होंने 2008 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया। इसके बाद अक्टूबर 2012 में शादी कर ली। कपल के दो बेटे तैमूर और जेह अली खान हैं।



### सलमान खान-ऐश्वर्या राय

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की प्रेम कहानी बॉलीवुड के सबसे चर्चित और विवादित प्रेम कहानियों में से एक है। दोनों की मुलाकात 1999 में फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' के सेट पर हुई, जहां से दोनों की प्यार की शुरुआत हुई। हालांकि, कुछ समय बाद दोनों के रिश्ते में खटास आ गई और जल्द ही दोनों की राहें अलग हो गईं।

# मप्र को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का हब बनाने समग्र कार्य योजना तैयारः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का प्रमुख हब बनाने के लिए समग्र कार्य योजना तैयार की गई है। राज्य सरकार ने ड्रोन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए प्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति-2025 को स्वीकृति दे दी है। इसमें ड्रोन के सुरक्षित और कुशलतम उपयोग के माध्यम से नवाचार, आर्थिक समृद्धि और रोजगार को बढ़ावा देने वाले विषयों एवं तथ्यों को शामिल किया गया है।

प्रदेश में ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी भी बनाई जाएगी। प्रधानमंत्री गति शक्ति पहल से प्रेरित होकर ड्रोन नीति सरकार के ड्रोन डेटा और इमेजरी के लिए एक केन्द्रीकृत प्लेटफ़ॉर्म होगा। ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी विभिन्न विभागों के मध्य परस्पर डेटा साझा करने और सहयोग को बढ़ावा देगी। यह नीति जीआईएस आधारित योजना और विश्लेषणात्मक उपकरणों का उपयोग करके बेहतर निगरानी तंत्र विकसित करेगी।

- शीघ्र बनेगी ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी और शुरू होगा ड्रोन स्कूल
- ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति पर शुरू हुआ प्रभावी अमल
- रिपॉजिटरी विभागों में परस्पर डेटा साझा करने को बढ़ावा देगी



### भविष्य में तेजी से बढ़ेगा ड्रोन का उपयोग

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि डेटा प्रबंधन सुरक्षित रूप से किया जाए और सहयोगी भागीदारों के साथ रिपॉजिटरी की प्रबंधन व्यवस्था पुख्ता रखी जाए। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य की एजेंसियों द्वारा एकत्र किए गए सभी ड्रोन डेटा को राष्ट्रीय भौगोलिक नीति-2022 या उसके बाद के किसी संशोधन या नीति के अनुसार डेटा सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अंतर्गत संग्रहित किया जाए। संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षित डेटा भंडारण और प्रसारण प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाएगा। भविष्य में ड्रोन का उपयोग तेजी से बढ़ेगा। यह कई प्रकार से अभिनव समाधान प्रस्तुत करता है और मानव श्रम की बचत करता है।

### कृषि, आपदा प्रबंधन, निरीक्षण में ड्रोन उपयोगी

ड्रोन से फसल की सेहत की निगरानी, रोगों का पता लगाने और फसल की पैदावार का मूल्यांकन करने में सहायता मिल रही है। ड्रोन उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव सटीकता से कर सकते हैं, जिससे अपशिष्ट और नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव कम होगा। सिंचाई के तरीकों का बेहतर उपयोग करने में ड्रोन मदद करता है। ड्रोन, आपदा प्रभावित क्षेत्रों में थर्मल इमेजिंग और हाई-रिजोल्यूशन कैमरों का उपयोग कर प्रभावित लोगों का पता लगा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों की विस्तृत तस्वीरें देख बचाव के प्रयासों में मदद कर रहे हैं। आपातकालीन स्थितियों में ड्रोन चिकित्सा आपूर्ति और खाद्य सामग्री को दुर्गम इलाकों में पहुंचा रहे हैं। ड्रोन पुलों, भवनों और अन्य बुनियादी ढांचे का निरीक्षण कर रहे हैं, जिसमें रखरखाव और सुरक्षा मूल्यांकन शामिल हैं। ड्रोन से निर्माण की प्रगति के बारे में वास्तविक समय में अपडेट प्राप्त किया जा रहा है। जंगलों की सेहत की निगरानी, अवैध लकड़ी कटाई का पता लगाने और जंगल की आग के प्रभाव का मूल्यांकन भी ड्रोन से किया जा रहा है।

### ड्रोन नीति के प्रमुख स्तंभ स्कूलों की स्थापना, कोर्स को बढ़ावा देंगे

ड्रोन ईको सिस्टम, कौशल विकास, सेक्टर प्रमोशन और वित्तीय प्रोत्साहन ड्रोन नीति के प्रमुख स्तंभ हैं। इनसे तकनीकी संस्थानों में ड्रोन संबंधी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। ड्रोन ईको सिस्टम एआई और नवीनतम प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन मिलेगा। ड्रोन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और संचालन के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए नई ड्रोन नीति के अंतर्गत ड्रोन स्कूल स्थापित करेगा। इसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से निवेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यापक प्रशिक्षण और शिक्षा प्रदान करना है, जिससे विद्यार्थी और पेशेवर दोनों उद्योग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। ड्रोन पॉलिसी से आगामी 5 वर्षों में लगभग 370 करोड़ रुपए का निवेश अपेक्षित है। लगभग 8,000 (2,200 प्रत्यक्ष एवं 6,600 अप्रत्यक्ष) रोजगार सृजित होंगे। इस क्षेत्र में प्रति करोड़ वित्तीय प्रोत्साहन के आधार पर लगभग 25-30 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### तीन माह से वेतन नहीं मिला, लिया संज्ञान

**भोपाल।** राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में आउटसोर्स कर्मचारियों को बीते तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इससे नाराज कर्मचारियों ने बीते मंगलवार को विरोध प्रदर्शन भी किया है। इसके अलावा अक्टूबर 2024 से कई कर्मचारियों के खाते में पीएफ का पैसा भी जमा नहीं किया गया है। महंगाई के इस दौर में उनका जीवन यापन कठिन हो गया है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने सीएमएचओ मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### ढोल बजाओ, सरकार जगाओ आंदोलन 25 को

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में मंत्रालय के सामने ढोल बजाओ सरकार जगाओ आंदोलन करेगा। यह निर्णय कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति की गुरुवार को हुई बैठक में लिया गया है। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य सरकार लंबे समय से तृतीय, चतुर्थ श्रेणी, स्थाई कर्मियों, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों की मांगों की उपेक्षा कर रही है। बार-बार धरना प्रदर्शन ज्ञापन सौंपने के बावजूद भी मांगों को संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है। जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। इसलिए कर्मचारी मंच के नेतृत्व में 25 फरवरी को मंत्रालय के सामने ढोल बजाओ सरकार जगाओ आंदोलन करेंगे। जिससे सरकार कर्मचारियों को राहत दें।

### प्रदेश के 48 शिवरात्रि मेलों का होगा शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने किया विक्रमोत्सव कैलेंडर का विमोचन

# महाशिवरात्रि से आरंभ होगा विक्रमोत्सव वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक होगा आयोजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी से विक्रमोत्सव-2025 का आरंभ होगा। सृष्टिकर्ता महादेव के महोत्सव से सृष्टि के आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक चलने वाला विक्रमोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा।

इसके अंतर्गत साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही ज्योतिर्विज्ञान, विचार गोष्ठियां, इतिहास और विज्ञान समागम, विक्रम व्यापार मेला, लोक एवं जनजातीय संस्कृति पर आधारित गतिविधियां संचालित होंगी। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के एप के प्रवर्तन, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, वस्त्रोद्योग, हथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी के साथ क्षेत्रीय, पौराणिक फिल्मों के महोत्सव और श्रीकृष्ण पर केंद्रित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन और प्रस्तुतियां भी विक्रमोत्सव का हिस्सा रहेंगे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ ही शोधपरक पुस्तकों, ग्रन्थों का लोकार्पण और विक्रम पंचांग का प्रकाशन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन में विक्रमोत्सव-2025 की आयोजन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विक्रमोत्सव के कैलेंडर का विमोचन भी किया।

- विक्रमोत्सव सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष पर केंद्रित रहेगा।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई आयोजन समिति की बैठक



### विक्रमोत्सव में होने वाले विविध कार्यक्रम

विक्रमोत्सव का भव्य शुभारंभ महाशिवरात्रि के पावन पर्व से होगा। प्रदेश भर में महाशिवरात्रि मेलों का शुभारंभ होगा। उज्जैन में होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम में विंटेज कार, स्पोर्ट्स बाइक और जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्राचीन भारतीय काल गणना पर आधारित 'वैदिक घड़ी एप' का लोकार्पण होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत ताल वादक आनंदम शिवमणि एवं लोक गायक हंसराज रघुवंशी की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। विक्रम व्यापार मेला के अंतर्गत वस्त्रोद्योग, हथकरघा, उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित होगी। आदि शिल्प के तहत जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन एवं जनजातीय परंपरागत चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। 27 फरवरी से भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा, विक्रमकालीन मुद्रा एवं मुद्रांक, श्रीकृष्ण की 64 कलाएं (मालवा की चितरावन शैली में), श्रीकृष्ण होली पर्व, चौरासी महादेव, जनजातीय प्रतिरूप, सम्राट विक्रमादित्य और अयोध्या, प्राचीन भारतीय वाद्य यंत्र, देवी 108 स्वरूप और देवी अहिल्या पर निर्मित स्थापत्य पर प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। एक से 3 मार्च तक वैचारिक समागम के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य का न्याय विषय पर मंथन होगा। आठ मार्च को लोक रंजन में बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। दस से 12 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय इतिहास समागम होगा। पन्द्रह से 16 मार्च तक संहिता ज्योतिष एवं वैशिष्ट्य एवं आचार्य वराह मिहिर पर संगोष्ठी, 21 मार्च से महादेव शिल्पकला कार्यशाला तथा प्रतिदिन मांडना शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में 21 से 25 मार्च तक पौराणिक फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय महोत्सव, होगा। 21 से 29 मार्च तक विक्रम नाट्य समारोह, 22 मार्च को अभा कवि सम्मेलन, 26-28 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन और विज्ञान उत्सव होगा। नव सम्वत्सर 30 मार्च को उज्जैनी गौरव दिवस के साथ ही प्रकाशनों का लोकार्पण होगा। वर्ष प्रतिपदा पर सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण समारोह होगा, कलाकारों द्वारा सांगीतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

### समय से पहले सभी तैयारियां पूर्ण करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यक्रम का प्रारंभ अत्यंत निकट है, अतः सभी विभाग, समन्वयपूर्वक निर्धारित समय से पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि महाशिवरात्रि पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो और पर्व की व्यवस्थाएं भी प्रभावित न हों। डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव में उज्जैन के साथ अन्य स्थानों पर भी सम्राट विक्रमादित्य, भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा, देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। उन्होंने प्रदेश की भीली, गोंडी जैसी जनजातीय बोलियां के कवियों को भी कवि सम्मेलन में शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित गीत, कविता और रचनाओं को सम्मानित किया जाएगा। विक्रमोत्सव में होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन में ड्रोन और रोबोटिक-शो जैसे आयोजन हों। उन्होंने महाकौशल, बुंदेलखंड, बघेलखंड क्षेत्र में भी विज्ञान सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए।

### दुनिया में किसी देश के पास नहीं भारत जितनी युवा शक्ति

# भारत फिर बनेगा वैश्विक महाशक्ति : धर्मेन्द्र प्रधान



- एसजीटी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बोले, देश के विकास से खुद को जोड़ें युवा

**गुरुग्राम।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि 21वीं सदी में भारत फिर से वैश्विक महाशक्ति बनने जा रहा है। आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी है, बहुत जल्द हम तीसरी पायदान पर पहुंचने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सार्थक, सकारात्मक व दीर्घकालिक निर्णयों-कदमों से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र एवं विश्व की सर्वाधिक समृद्ध इकोनॉमी बनेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री गुरु द्रोण की नगरी में गुरुग्राम में स्थित देश की प्रतिष्ठित एसजीटी यूनिवर्सिटी के 11 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में जाने-माने अधिवक्ता और दिल्ली एवं डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के प्रेसीडेंट रोहन जेटली दीक्षांत समारोह में गेस्ट आफ ऑनर के रूप में शामिल हुए। एसजीटी विश्वविद्यालय के चांसलर पद्मभूषण राम बहादुर राय, मैनेजमेंट ट्रस्टी मनमोहन चावला भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सोवनियर का भी विमोचन मुख्य अतिथि व गेस्ट आफ ऑनर ने किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि युवा शक्ति के बल पर भारत विकास की तेज दौड़ लगाएगा। आज भारत की 142 करोड़ की आबादी में से 68 करोड़ से अधिक की आयु 25 वर्ष से कम है। इतनी अथाह युवा शक्ति विश्व के और किसी देश के पास नहीं। धर्मेन्द्र प्रधान ने डिग्री पाने वाले छात्रों से आह्वान किया कि वे अगले दो-तीन दशकों की मैपिंग करें, फिर स्ट्रैटेजी तैयार करें, साथ ही जड़ से भी जुड़े रहें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मधुबाला सबलोक**, पुत्र श्री रविन्द्र कुमार सबलोक, निवासी- मकान नंबर जी-10 40ए सुंदर अपार्टमेंट पश्चिम विहार, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 123/2015 धारा 420/406 भा.द.स थाना विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मधुबाला सबलोक** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मधुबाला सबलोक** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मधुबाला सबलोक, एफ आई आर नंबर 123/2015 धारा 420/406 भा.द.स थाना विवेक विहार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 18.03.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री स्वाति शर्मा**
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
तीसरी मंजिल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/1605/SHD/2025

# 31 में से 28 की हुई शिनाख्त, 8 लाख का इनामी हूंगा कर्मा भी ढेर

# बीजापुर में मारे गए 1 करोड़ 18 लाख के इनामी नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बीजापुर में मारे गए 31 नक्सलियों में से 28 की पहचान हो गई है। इन पर कुल 1 करोड़ 18 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इन 28 नक्सलियों में से एक पर 8 लाख रुपए तो वहीं 16 नक्सलियों पर 5-5 लाख रुपए का इनाम था। जबकि 11 नक्सली 2 लाख रुपए के इनामी थे। अन्य 3 नक्सलियों की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, इस मुठभेड़ में नक्सलियों के वेस्ट बस्तर डिविजन कमेटी का नक्सली हूंगा कर्मा उर्फ सोनकू भी मारा गया है। ये डीवीसीएम कैडर का था। इस पर 8 लाख रुपए का इनाम था। साल 2006 में मुर्किनार कैंप अटैक, साल 2007 में रानीबोदली कैंप अटैक, साल 2013 में नुकनपाल एंबुश और साल 2025 में अंबेली में आईईडी ब्लास्ट की घटना में शामिल था। ये नक्सलियों के टॉप लीडर्स में से एक था। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि हूंगा साल 1996 से नक्सल संगठन से जुड़कर काम कर रहा था। बीजापुर जिले में हत्या, लूट, अपहरण, पुलिस पर हमला करने जैसे कई मामलों 8 अपराध दर्ज हैं। आईजी का कहना है कि 31 नक्सलियों का एनकाउंटर हुआ है, ये पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। दरअसल, मद्देड़ और फरसेगढ़ के बॉर्डर इलाके में जिस जगह पर मुठभेड़ हुई है वो इलाका नक्सलियों का कोर जोन है। ऐसे में जब पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां बड़े लीडर्स का जमावड़ा है तो यहां पहुंचने के लिए 2-3 दिन से पुलिस की प्लानिंग चल रही थी। जिसके तहत डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर्स के कमांडोज को ऑपरेशन पर निकाला गया था। यह ऑपरेशन 24 घंटे से भी कम का था, लेकिन सटीक जानकारी और नक्सलियों को घेरने की तगड़ी प्लानिंग के तहत ऑपरेशन लॉन्च किया गया और 31 नक्सलियों को मार गिराया गया। यह अब तक का बीजापुर जिले का सबसे बड़ा ऑपरेशन है।

# रुपए को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर कंबोडिया भेजते थे जालसाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



राजनांदगांव में एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गिरोह का खुलासा हुआ है। 90,000 रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी रोहित वीरवानी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी रोहित वीरवानी कंबोडिया स्थित ठगी सेंटर के लिए काम करता था। उसका काम भारत में बैंक खाते जुटाना और ठगी से मिले पैसों को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर कंबोडिया भेजना था।

आरोपी भारतीय और चीनी साथियों के साथ मिलकर काम करता था। वह ठगी के पैसों को एटीएम से निकालकर क्रिप्टोकरेंसी खरीदता और डिजिटल वॉलेट के जरिए कंबोडिया भेज देता था। एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने जांच के दौरान पाया कि यह अंतरराष्ट्रीय गिरोह का हिस्सा है। इस मामले में पहले ही श्रेणिक कुमार सांघवी (24), शुभम तिवारी (26) और दीपक नरेडी (27) को गिरफ्तार किया जा चुका है। रोहित महेश कुमार वीरवानी को मुंबई के अंधेरी-जोगेश्वरी वेस्ट से गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) विवेक सचदेव, प्रबंध निदेशक (2) सुधी सचदेव, निदेशक (3) अनुराधा सचदेव, निदेशक, मेसर्स ए ऑटो डेकोर प्राइवेट लिमिटेड,** प्लॉट नं0 469, सेक्टर–8, आईएमटी मानेसर, तहसील–मानेसर, जिला – गुड़गांव–122050 (हरियाणा), **यहां भी:** ई–2368, पालन विहार गुड़गांव–122017, ने **CT No. 4053/17, 4054/17, 4055/17, 4056/17, 4057/17, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन पटेल नगर, सैंट्रल जिला, दिल्ली–08,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) विवेक सचदेव, प्रबंध निदेशक (2) सुधी सचदेव, निदेशक (3) अनुराधा सचदेव, निदेशक, मेसर्स ए ऑटो डेकोर प्राइवेट लिमिटेड,** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) विवेक सचदेव, प्रबंध निदेशक (2) सुधी सचदेव, निदेशक (3) अनुराधा सचदेव, निदेशक, मेसर्स ए ऑटो डेकोर प्राइवेट लिमिटेड,** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **CT No. 4053/17, 4054/17, 4055/17, 4056/17, 4057/17, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन पटेल नगर, सैंट्रल जिला, दिल्ली–08,** के उक्त अभियुक्त **(1) विवेक सचदेव, प्रबंध निदेशक (2) सुधी सचदेव, निदेशक (3) अनुराधा सचदेव, निदेशक, मेसर्स ए ऑटो डेकोर प्राइवेट लिमिटेड,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2025** को या इससे पहले हाज़िर हों।

आदेशानुसार
श्री शुभम गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (पश्चिम), (एनआई एक्ट)–4
कमरा नं0–04, उपभवन–आई, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1772/CD/2025
(Court Matter)

### राज कपूर जन्मशताब्दी व्याख्यान में प्रख्यात फिल्म समीक्षक प्रदीप ने अपने विवेचन व संस्मरणों से सभी को किया मंत्रमुग्ध

# जब राज कपूर ने मुझसे बातें करते करते सदा के लिए आँखें मूंद लीं- प्रदीप सरदाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




महान फिल्मकार राज कपूर ने सिनेमा को जो योगदान दिया उसे दुनिया जानती है। लेकिन राज कपूर का रंगमंच से भी गहरा नाता रहा, नाट्य जगत के लिए भी उन्होंने बहुत कुछ किया। राज कपूर की जड़ों में रंगमंच की ही शक्ति थी, जिसने उन्हें शिखर पर पहुंचाया। उन्हीं राज कपूर ने 37 बरस पहले मुझसे बातें करते-करते, जब सदा के लिए आँखें मूँद लीं थीं तो मैं अवाक रह गया था। उपरोक्त विचार वरिष्ठ पत्रकार और विख्यात फिल्म समीक्षक श्री प्रदीप सरदाना ने कल शाम को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) में आयोजित 'राज कपूर जन्म शताब्दी' व्याख्यान में व्यक्त किए। जहां इन दिनों विश्व के सबसे बड़े नाट्य उत्सव 'भारत रंग महोत्सव' का आयोजन भी चल रहा है। राज कपूर के साथ अपने बरसों के अनुभव और संस्मरण सुनाते हुए श्री प्रदीप सरदाना ने महान फ़िल्मकार को लेकर ऐसी बहुत सी बातें साझा कीं, जिन्हें सुन सभी मंत्रमुग्ध हो गए। श्री सरदाना ने कहा-''राज कपूर ने 5 वर्ष की उम्र में अपना पहला नाटक 'द टॉय कार्ट' किया था। बाद में जब उनके पिता पृथ्वीराज कपूर ने 1944 में अपने 'पृथ्वी थिएटर' की शुरुआत की तो पृथ्वी के पहले नाटक 'शकुंतला' की सेट डिजायन से प्रकाश और संगीत व्यवस्था का जिम्मा राज कपूर ने संभाला। साथ ही राज कपूर ने नाटक 'दीवार' में तो रामू की ऐसी भूमिका की, जिसके बाद फिल्मों तक में नौकर की भूमिका करने वाले चरित्र का नाम रामू या रामू काका हो गया। राज कपूर का यह नाट्य जगत से लगाव ही था कि 1948 में जब उन्होंने अपनी पहली फिल्म 'आग' बनाई तो उसकी कहानी भी नाट्य जगत से जुड़ी थी। श्री प्रदीप सरदाना ने यह भी कहा कि राज कपूर ने अपनी 'आवारा' फिल्म से अपने नाम के साथ भारत के नाम को भी दुनिया में बुलंद किया। रूस, ताशकंद, ईरान और चीन जैसे कितने ही देशों में आज भी राज कपूर का जादू बरकरार है। राज कपूर से पहले और उनके बाद कितने ही अच्छे और दिग्गज फ़िल्मकार देश में आए। लेकिन उन जैसा ग्रेट शोमैन आजतक कोई और नहीं हुआ। यह संयोग था या उनसे पूर्व जन्म का कोई रिश्ता 1988 में राष्ट्रपति से फाल्के सम्मान लेने से पूर्व ही राज कपूर को जब अस्थमा का भयावह दौरा पड़ा। तब मैं ही उन्हें राष्ट्रपति भवन की एंबुलेंस से एम्स लेकर गया। उनकी अंतिम चेतनावस्था में अस्पताल में उनकी पत्नी और मैं ही उनके साथ थे। जहां मुझसे बात करते हुए ही वह कौमा में चले गए थे।''इस व्याख्यान में रंगमंच और सिनेमाई दुनिया के कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। समारोह में एनएसडी के पूर्व निदेशक और वर्तमान में 'गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी' के निदेशक प्रो॰ दिनेश खन्ना ने श्री प्रदीप सरदाना का स्वागत करते हुए कहा-''आज देश में सिनेमा के अच्छे समीक्षक और ज्ञाता बहुत कम रह गए हैं। लेकिन प्रदीप सरदाना जी अपने में सिनेमा का 100 बरस के दस्तावेज़ समेटे हुए हैं। उनकी स्मृतियों में ऐसे हजारों संस्मरण हैं जिन्हें घंटों दिलचस्पी के साथ सुना जा सकता है।''

**एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 908, 9वां तल, मर्केंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली-110001, भारत सम्पर्क 011-49954225,
Website: www.fmecinternational.com Email: fmecinternational@gmail.com, finance@fmecinternational.com CIN- L65100DL1993PLC053936

31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2023 (अअंकेक्षित) |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आय | 175.28 | 489.67 | 86.06 |
| कर से पूर्व लाभ | 58.55 | 178.75 | 50.95 |
| कर के बाद लाभ | 43.57 | 133.52 | 35.81 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | - | - | - |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 889.18 | 889.18 | 889.18 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | - |
| अर्जन प्रति शेयर (वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) बेसिक | 0.4900 | 1.5016 | 0.4289 |
| डायल्यूटिड | 0.4900 | 1.5016 | 0.4289 |

**टिप्पणी** : उपरोक्त 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का एक सार है, जिसकी समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 13 फरवरी 2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार के नियमन 33 के अनुसरण में वैधानिक अंकेक्षक द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन है।

बोर्ड के आदेशानुसार एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
(अपूर्व बंसल)
प्रबंध निदेशक
निवासी : ए-708, यूनेस्को अपार्टमेंट 55, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, ईस्ट, दिल्ली-110092

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 13.02.2025

## चिंतन

# अपने हितों की रक्षा के साथ अमेरिका से गहरे हों रिश्ते

अवैध प्रवासियों की वापसी के तरीके को लेकर भारत में अमेरिकी रवैये की हो रही आलोचना और मोदी और ट्रंप की वार्ता से ठीक चंद घंटे पूर्व टैरिफ पर अमेरिका के जैसे को तैसा फैसले के बीच भारत और अमेरिका ने कूटनीतिक समझदारी दिखाते हुए तनावपूर्ण भूराजनीतिक स्थिति में आपसी ट्रेड व सामरिक हित को अपने द्विपक्षीय रिश्ते के केंद्र में रखा है। शायद पहली बार अमेरिका ने खुलकर भारत के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए तेल व गैस के निर्यात व अपने खास फाइटर प्लेन देने की इच्छा जताई है। भारत और अमेरिकी सरकार की तरफ से आई खबरों के मुताबिक, मोदी व ट्रंप के बीच रक्षा, ऊर्जा व ट्रेड क्षेत्र के सभी अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें अवैध प्रवासियों को भेजने के तरीके, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण, रक्षा डील, रेसीप्रोकल टैरिफ और तेल व गैस आपूर्ति आदि शामिल हैं। वाशिंगटन नई दिल्ली को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान देगा। इंडो-यूएस आपसी ट्रेड को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर सालाना पर पहुंचाने के समझौते पर सहमत हुए हैं। दोनों मुल्क शुल्क दर में कमी लाने और बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए किसी समझौते पर पहुंचने के लिए आपसी वार्ता करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। पीएम की इस यात्रा का कूटनीतिक व सामरिक महत्व है। सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र की जुगलबंदी दोनों मुल्कों के हित में है। भारत ने संतुलन बनाते हुए अमेरिका के साथ-साथ रूस, चीन, यूरोप के साथ संतोषप्रद संबंध बनाए रखा है। भारत और अमेरिका के बीच रूस व यूक्रेन जंग, आतंकवाद के मुद्दों पर भी बात हुई है। भारत ने एक बार फिर से शांति के साथ रहने की अपनी बात दोहराई है। ट्रंप जैसे अस्थिर व्यक्तित्व के नेतृत्व में अमेरिकी हित के बीच में मेक इन इंडिया ब्रांड को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाना भारत के लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ से विश्व में ट्रेड वार बढ़ने की संभावना बढ़ सकती है। ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क से प्रभावित होकर अमेरिकी नीतियों को आकार दे रहे हैं। इससे अमेरिका एक ग्लोबल इंक की तरह व्यवहार करते दिख रहा है, जबकि अमेरिका की प्रतिष्ठा वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने की रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन व पेरिस जलवायु करार से बाहर आना, अमेरिकी सरकारी खर्चे में कटौती के लिए कदम उठाना आदि के चलते अमेरिका के हित को ही दीर्घावधि में नुकसान पहुंचेगा। भारत जैसे विकासशील देशों को अपने बाजार विश्व व्यापार नियमों का पालन करते हुए भी सोच समझकर ही खोलना होगा। भारत किसी देश के हित के लिए अपने सुरक्षित बाजार को डंपिंग यार्ड में कभी भी तब्दील नहीं करेगा। आपसी व्यापार संबंध पूरी तरह से 'कॉम्पैक्ट' (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य तथा प्रौद्योगिकी के लिए अवसर उत्पन्न करने) आकांक्षाओं को पूरा करेगा। अमेरिका जवाबी शुल्क लगाने में भारत को छूट नहीं देगा, यह राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कर दिया है। ट्रंप ने सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इस फैसले के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। भारत को अमेरिका के सामने डटे रहना होगा, अपनी नाराजगी कड़ाई से जतानी होगी, अपने हितों को आगे रखना होगा और ट्रंप प्रशासन के किसी भी दबाव से बाहर रहना होगा। इंटरनेशनल ट्रेड में भारत के लिए अवसरों की कमी नहीं है।



विश्लेषण
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# बदलाव की उम्मीद में 'भ्रष्ट सत्ता' का अंत

**यूं तो फ्रीबिज़ के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई।**

लोकतंत्र में बदलाव आवश्यक और सकारात्मक है। इससे राजनीति की जीवंतता का एहसास होता है। निरंकुशता का खतरा टलता है। हर राज्य में, देश में, एक अंतराल पर सत्ता बदलती रहनी चाहिए। दिल्ली इस बदलाव की बड़ी गवाह है। जब से सत्ता का केंद्र दिल्ली बनी, तब से इसने न जाने कितने बदलाव देखे। हालिया बदलाव ने भी संदेश दिया है कि सत्ता जनता ही तय करती है, उसे बरगलाया नहीं जा सकता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की करारी शिकस्त किसी भी दल के लिए बड़ा सबक है कि जनता झूठ, फरेब, कुतर्क, बड़बोलेपन, निम्नस्तर की भाषा, फ्रीबिज़ की हफीम पसंद नहीं करती है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव से पहले रेवड़ियों की घोषणाओं पर सवाल उठाए हैं। यूं तो फ्रीबिज़ के हमाम में सब खोटे हैं, लेकिन ईमानदार व भ्रष्टाचारमुक्त शासन का वादा करके राजनीति का आगाज करने वालों ने अपनी शुरुआत ही मुफ्त के वादों से की थी, यह सरासर राजनीतिक बेईमानी थी। देश की इकलौती पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसे सत्ता पाने के लिए लंबे समय तक सड़कों पर संघर्ष नही करना पड़ा, आंदोलन के स्टेज से सीधे दिल्ली के तख्त तक पहुंची। अनुभवहीनता शासन में दिखी। आप ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता चुना, कौन सुप्रीम, इसे तय करने में ही वक्त गंवाया, राष्ट्रीय राजधानी को और बेहतर बनाने के लिए फोकस होकर प्रयास नहीं किया। यूं तो देश में सभी दलों की हालत एक सी है, लेकिन अण्णा हजारे के आंदोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी से जनता को ईमानदार, भ्रष्टाचारमुक्त जनहित की राजनीति की उम्मीद बंध गई थी। बारह साल में यह उम्मीद टूट गई। अब शायद ही जनता कभी अण्णा जैसा व्यापक आंदोलन भविष्य में देखे और किसी भी नई किस्म की राजनीति के वादे पर विश्वास करे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार उसकी राजनीतिक यात्रा की असल शुरुआत होगी, लोग देखेंगे कि आप विपक्ष की भूमिका कैसे निभाती है, कितनी संयमित रहती है, कितनी रचनात्मक रहती है, जनता के मुद्दों से कितना सरोकार रखती है। दल से जुड़े लोग कितने समय तक टिके रहते हैं। खुद अरविंद केजरीवाल विपक्ष में रहकर राजनेता बन पाते हैं या नहीं? आगे की राजनीति पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल का भविष्य निर्भर करेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ बने मोमेंटम का राजनीतिक लाभ लेना बुद्धिमत्ता थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर कर सत्ता गंवाना राजनीतिक आत्महत्या की तरह है। बदलाव की राजनीति सत्ता की राजनीति में परिवर्तित हो गई। आम आदमी पार्टी से देश के करोड़ों प्रगतिशील लोगों को उम्मीदें थीं। यह उम्मीद ही थी कि लोगों ने पार्टी बनाने में अपनी गाढ़ी कमाई से करोड़ों दान कर दिए। अरविंद केजरीवाल ने अपनी सत्ता की महत्वाकांक्षा में उन सभी उम्मीदों को तोड़ दिया। मास की राजनीति करना आसान नहीं होता, क्योंकि आपके पास कोई पैमाना नहीं होता कि जनता आपकी पार्टी या आपके बारे में क्या राय रख रही है, इसलिए अधिकांश नेता व दल अनाप शनाप हरकतें करते रहते हैं। कभी चांद तो कभी चंदा मामा की बात करने लगते हैं। जनता को हल्के में लेने लगते हैं, उनकी असल ज़रूरतों को कम करके आंकने लगते हैं और रेवड़ियों पर भरोसा



करने लगते हैं। आम आदमी पार्टी को सुशासन से अधिक भरोसा मुफ़्त पानी व बिजली पर था, जनता को कभी कुछ मुफ्त में नहीं चाहिए, उनको सुविधा चाहिए, शांति चाहिए, अच्छा माहौल चाहिए। राजनीति जनता को सक्षम व समर्थ बनाने के लिए होनी चाहिए, न कि उसे परजीवी-पराश्रित बनाने के लिए। नए तरह की राजनीति का वादा करने वाली आम आदमी पार्टी भी सत्ता पाने के लिए व बने रहने के लिए दूसरे दलों की तरह ही झूठ व तिकड़म की राजनीति करते दिखी। एक 'मफलर मैन से शीशमहल की यात्रा' में तब्दील हुई अरविंद केजरीवाल की राजनीति को आखिरकार उसी जनता ने आईना दिखा दिया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी को 'आप-दा' मुक्त करने का आह्वान किया था। जनता ने पीएम मोदी व भाजपा पर भरोसा किया। दिल्ली को 'आप-दा' मुक्त कर दिया। आम आदमी पार्टी ध्वस्त हो गई। प्रधानमंत्री मोदी की आंधी में दिल्ली को कूड़ा दान बनाने वाली झाड़ू तार-तार होकर तिनके की तरह बिखर गई। खुद केजरीवाल अपनी सीट नहीं बचा पाए। दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है। 48 सीटों में विजय पाकर, नरेंद्र मोदी की छवि मज़बूत हुई है। आप को 22 सीटों पर ही जीत प्राप्त हुई है। कांग्रेस को एकबार फिर शून्य से ही गुजारा करना पड़ा। अब पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से की गई गारंटीयों के वादों को दिल्ली की भाजपा सरकार को लागू करना होगा। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्लीवासियों ने 61% वोट डाले हैं। सभी राजनीतिक दलों द्वारा एक-दूसरे पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए थे। पैसे, शराब व सामान आदि बांटने से लेकर एक-दूसरे को धमकियां व गाली-गलौज आम बात रही। सार्वजनिक जीवन में अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए। लगभग सभी सर्वेक्षणों ने पोल विश्लेषण के परिणाम, भाजपा के हक में दिए थे। दिल्ली के लोगों के लिए मुख्य मुद्दे, भारत के अन्य राज्यों से अलग हैं। पीएम ने सुशासन, विकास का मॉडल देने का वादा किया है। भाजपा की जीत के कुछ विशेष कारण हैं। दिल्ली के नागरिकों को चार चीज़ों की ज़रूरत है, यानी पीने का साफ पानी, स्वच्छ प्रदूषण मुक्त वातावरण, महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। मध्यम वर्ग को केवल मुफ़्त शिक्षा ही महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन 'उचित फीस' पर बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी ज़रूरी है। दिल्ली में हर कोई 'बीपीएल कार्ड धारक' नहीं है। दिल्ली वासियों के लिए किफायती बिजली के बिल ज़रूरी हैं। हम 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली और 400 यूनिट तक 50% छूट की बात नहीं कर रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। राज्य की सामाजिक कल्याण योजनाएं निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन लाभ का लक्ष्य मध्यम वर्ग होना चाहिए। कांग्रेस अपने ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठित नहीं कर पाई व उसका प्रचार लक्ष्यहीन रहा। कांग्रेस अपने अभियान की रणनीति नहीं बना पाई। आप के बहुत से कार्यकर्ताओं ने उत्साह से काम नहीं किया। भाजपा का ध्यान आम आदमी तक पहुंचने पर केंद्रित था। अब डबल इंजन की सरकार बन रही है। बड़ी बात है कि भाजपा अब तक अपना मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाई है। केन्द्र सरकार व भाजपा की दिल्ली सरकार एकजुट होकर दिल्ली की जनता को सभी प्रकार से समृद्ध करेगी। घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को कार्यान्वित कर, दिल्ली की जनता की सेवा करने से, राजधानी दिल्ली को अन्तरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की ओर अग्रसर रहना होगा। 'जिन हाथों में शक्ति भरी है राजतिलक देने की, उन हाथों में ही ताकत है सिर उतार लेने की', पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने लोक सभा में अपने भाषण में यही परिस्थिति का आकलन किया था।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक, शिक्षाविद, दूरदर्शन व्यक्तित्व व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक
रोहित कौशिक



# कॉमेडी में अश्लीलता का तड़का अनुचित

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट'पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। रणवीर इलाहाबादिया अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवादों में हैं। रणवीर ने माता-पिता व परिवार को लेकर अश्लील कमेंट किया था। इस कमेंट पर काफी विवाद हो रहा है। यूट्यूबर रणवीर, कॉमेडियन समय रैना और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा और शो के आयोजकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। रणवीर अपने यूट्यूब पॉडकास्ट में फिल्मी हस्तियों और चर्चित हस्तियों से चर्चा करते हैं। सोशल मीडिया पर बहुत बड़ी संख्या में उनके फॉलोवर्स हैं। अब यूट्यूब ने वह वीडियो हटा दिया है। रणवीर ने अपनी इस हरकत के लिए माफी भी मांग ली है लेकिन रणवीर पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। रणवीर ने शो में शामिल प्रतिभागी से पूछा था कि क्या आप अपने माता-पिता को अपने जीवन के बाकी हिस्से के लिए हर दिन सेक्स करते हुए देखेंगे या एक बार शामिल होंगे और इसे हमेशा के लिए रोकेंगे। कॉमेडी के नाम पर इस तरह के प्रश्न पूछना क्या वास्तव में जरूरी है। सवाल यह है कि ऐसे प्रश्नों से क्या हासिल हो जाएगा ? क्या माता- पिता के यौन सम्बन्धों को मजाक का विषय बनाया जा सकता हैं ? हालांकि पहले से ही यौन सम्बन्धों पर मजाक होते रहे हैं। पहले छिपकर यौन सम्बन्धों पर मजाक होते थे लेकिन अब यौन सम्बन्धों पर मजाक करना एक फैशन मान लिया गया है। सेक्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। सभी जीव-जंतु इसी प्रक्रिया के माध्यम से अपना जीवन चक्र चलाते हैं। सवाल यह है कि क्या किसी प्राकृतिक प्रक्रिया को आश्चर्य के तौर पर देखा जाना चाहिए? एक प्राकृतिक प्रक्रिया को मजाक बनाकर कहीं हम अपनी कुंठा तो नहीं दिखाते हैं ? इसी कुंठा के कारण हम कई नई चीजों को जन्म दे देते हैं। दरअसल यूट्यूब पर घटिया व्यंग्य और घटिया मजाक के अनेक शो चल रहे हैं। सच्चे अर्थों में तो इन्हें व्यंग्य भी नहीं कहा जा सकता। द्विअर्थी संवाद और सेक्स से सम्बंधित बातों का छौंक लगाकर इन्हें व्यंग्य और हास्य का नाम दिया जाता है। शर्मनाक तो यह है कि ऐसे शो को पसंद करने वाले लोग भी लाखों में हैं। इसका अर्थ यह है कि यह समाज ही ऐसे शो को पसंद करता है। बड़ी संख्या में लोगों द्वारा पसंद करने के कारण ही ये शो चल भी रहे हैं। सवाल यह है कि क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर शर्मनाक और घटिया हरकतों की इजाजत दी जा सकती है? शायद नहीं। इस दौर में सिर्फ एक रणवीर नहीं बल्कि सैकड़ों रणवीर इलाहाबादिया पैदा हो गए हैं। टैलेंट के नाम पर फूहड़ता को बढ़ावा दिया जा रहा है। टैलेंट के नाम पर गालियां देना आम हो गया है। जैसे इसे इस जमाने का फैशन मान लिया गया हो। शायद यह कभी सोचा भी नहीं गया होगा कि एक दिन गालियां देना भी फैशन हो जाएगा। सवाल यह है कि रणवीर इलाहाबादिया जैसे लोग घटिया हरकतों और घटिया टिप्पणियों को अपना अधिकार कैसे समझ लेते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर क्या कुछ भी बोल देना हमारा अधिकार होना चाहिए ? हमें अपने अधिकार तो बहुत जल्दी याद आने लगते हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारी बहुत जल्दी भूल जाते हैं। जाहिर है कि यदि हम अपनी जिम्मेदारी का ध्यान रखें तो ऐसी हरकतें सामने आ ही नहीं सकती हैं। दरअसल इस दौर में जिस तरह से नैतिकता को फालतू चीज मान लिया है उससे स्थिति बद से बदतर ही हुई है। यह ठीक है कि हर इंसान के लिए नैतिकता की परिभाषा अलग-अलग हो सकती है लेकिन इसके बावजूद हमारे अंदर इतना विवेक तो होना ही चाहिए कि हम स्वयं अपनी एक सीमा रेखा खींच सकें। इस दौर में बोल्ड दिखने की ऐसी प्रतिस्पर्धा हो रही है कि जिसमें हमारे आधारभूत संस्कार ही पीछे हो गए हैं। संस्कार नाम की चीज को पिछड़ा हुआ माना जाने लगा है। तभी तो एक शो में अपने माता-पिता के सेक्स को भी अपने मनोरंजन की बात बना दिया जाता है। क्या रणवीर के माता-पिता ने उसे यही संस्कार दिए होंगे। क्या इस दौर में माता-पिता की भी यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने बच्चों को संस्कारों का भी पाठ पढ़ाएं और इसे प्रगतिशीलता के मार्ग में अवरोधक न माना जाए। सवाल उठता है कि क्या रणवीर के माता-पिता उसकी इस बोल्ड छवि को स्वीकार कर पाएंगे। इसलिए इस दौर में भी संस्कारों को पुरानी चीज नहीं माना जाना चाहिए। इस तरह के शो में अपना स्तर इतना नीचे नहीं गिराना चाहिए कि सारी शर्म ही खत्म हो जाए। मर्यादा में रहकर ही संवाद किया जाना चाहिए। ऐसे संवादों में मानवीय रिश्तों की गरिमा का ध्यान भी रखा जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
**दर्शन**

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम ! मै हत्यारा हूँ, मुझे भिक्षा दीजिये। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान्‌ के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल**

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी।

- **पंकज मेहता**, धमतरी

## करंट अफेयर


# मोदी का ट्रंप को 'मागा' की तर्ज पर 'मीगा' का मंत्र



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चर्चित कथन 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मागा) की तर्ज पर 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (मीगा) का मंत्र दिया और कहा कि ये दोनों दृष्टिकोण मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' साझेदारी बनाते हैं तथा द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले हैं। उन्होंने ये टिप्पणियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त सम्मेलन के दौरान कीं। दोनों नेताओं ने यहां रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने के लिए एक नई रूपरेखा तैयार करने को लेकर मुख्य रूप से बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदर्श वाक्य, 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (अमेरिका को फिर से महान बनाएं) यानी 'मागा' से सब परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत और विकास की राह पर 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ तेज गति से विकास की ओर बढ़ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (भारत को फिर से महान बनाएं) यानी 'मीगा' है। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं, यानी मागा और मीगा मिलकर समृद्धि के लिए ''मेगा'' साझेदारी बनती है तथा यह ''मेगा'' भावना हमारे लक्ष्यों को नया आकार और दायरा प्रदान करती है।''

## ऑफ बीट

# क्या एआई हमें मंदबुद्धि बना रहा है? शोध में आशंका



हममें से ज्यादातर लोग एक हद तक ही सोच पाते हैं। बिना कलम और कागज या कैलकुलेटर के 16,951 को 67 से भाग देने की कोशिश करें। पिछले हफ्ते बनाई गई सूची या अपने फोन पर उपलब्ध फेहरिस्त के बिना हफ्ते भर की खरीदारी करने की कोशिश करें। अपने जीवन को आसान बनाने के लिए इन उपकरणों पर निर्भर रहकर हम खुद को अधिक बुद्धिमान बना रहे हैं या मूर्ख? हम अपनी कार्यकुशलता बढ़ने के बावजूद क्या एक प्रजाति के रूप में अज्ञानता के और करीब जाने लगे हैं? यह प्रश्न विशेष रूप से ओपनएआई कंपनी के स्वामित्व वाला एक एआई चैटबॉट 'चैटजीपीटी' जैसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के संबंध में विचार करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका प्रत्येक सप्ताह 30 करोड़ लोग लेखन के समय उपयोग करते हैं। 'माइक्रोसॉफ्ट' और अमेरिका के कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा हाल ही में लिखे गए एक शोधपत्र के अनुसार, उक्त प्रश्न का उत्तर हां हो सकता है। लेकिन बात इससे कहीं आगे पहुंच चुकी है। अच्छी सूझबूझ शोधकर्ताओं ने मूल्यांकन किया कि उपयोगकर्ता अपनी विश्लेषणात्मक सोच पर एआई के प्रभाव को कैसे समझते हैं। आम तौर पर, विश्लेषणात्मक सोच का संबंध अच्छी तरह से सोचने से होता है।

## ट्रेंड

### एक्सप्रेस-वे का मुआयना



उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान आज 8000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे लखनऊ-कानपुर ग्रीनफील्ड एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे का सांसद आई रमेश अवस्थी व डीएस भौंसले के साथ मुआयना किया।
**-नितिन गड़करी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### पावन तीर्थ स्नान



144 साल बाद हो रहे तीर्थराज प्रयाग के महाकुंभ के भव्य आयोजन की व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। एक हिंदू के नाते मैं भी उसमें पावन तीर्थ स्नान करने आया हूँ।
**-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### विनम्र श्रद्धांजलि



पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### महाकुम्भ में आशीर्वाद



पवित्र नदियों में स्नान करना पूर्वकर्मों के नाश और इस जीवन में सच्ची मुक्ति की ओर अग्रसर होने का प्रतीक है। कुम्भ मेला एकता, शांति और विभिन्न समुदायों के बीच सहयोग के आदर्शों को प्रतिष्ठित करता है। महा कुम्भ में आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर पाकर अत्यन्त गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।
**-विवेक ओबेराय, अभिनेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

अर्थव्यवस्था में वृद्धि का आंकड़ा योगी ने बताया

# महाकुंभ से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ का 'कुंभ' भरेगा

सीएम योगी ने बताया कि जब 50-55 करोड़ लोग उत्तर प्रदेश के महाकुंभ में जुड़ेंगे तो इससे हमारी अर्थव्यवस्था को कितना फायदा होगा?योगी ने कहा कि 5-6हजार करोड़ केवल कुंभ में ही खर्च नहीं किए हैं बल्कि प्रयागराज के रेनोवेशन में भी खर्च किए गए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने विकास के लिए केंद्रीय नेतृत्व और मंत्रियों की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में 114 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम योगी ने बताया जब 50-55 करोड़ लोग महाकुंभ में जुड़ेंगे तो अर्थव्यवस्था को बड़ा फायदा होगा। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ की बढ़ोतरी होगी। 5-6 हजार करोड़ केवल कुंभ में ही खर्च नहीं किए हैं। प्रयागराज में भी खर्च किए गए हैं।

## सीएम योगी ने गडकरी की तारीफ की

सीएम योगी ने कहा कि जब से हमारी डबल इंजन सरकार सत्ता में आई है, सभी श्रद्धालु खुश हैं, जहां 8साल पहले वे नहीं जा पाते थे। यहां बेहतरीन इंतजाम हैं। सड़क परिवहन का श्रेय नितिन गडकरी को जाता है।



खर्च हुए सिर्फ 1500 करोड़

## गडकरी ने पर्यटन क्षेत्र को सराहा

गडकरी ने कहा कि महाकुंभ के दौरान अकेले प्रयागराज ने 3 लाख करोड़ की जीडीपी बढ़ोतरी में मदद की। पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है, जहां 49 प्रतिशत पूंजी निवेश रोजगार सृजन पर खर्च किया जाता है। टैक्सी चालकों, रिक्शा चालकों और अन्य लोगों के लिए रोजगार के कई अवसर यहां पैदा हुए। हमारे देश की आर्थिक बढ़ोतरी सीधे बुनियादी ढांचे से जुड़ी हुई है।

राहत के बाद फिर आफत

## नैनी में 5 किमी लंबी वाहनों की कतार



तीन दिन राहत के बाद शुक्रवार को शहर फिर जाम की चपेट में आ गया। शहर के बालसन, एएन झा मार्ग सहित नया यमुना ब्रिज से लेकर सेंट्रल जेल नैनी तक लंबा जाम लगा हुआ है। दोपहर 12 बजे मिर्जापुर रोड पर पांच किलोमीटर लंबा जाम रहा।

### सड़क पर उतरें अधिकारी


यहां पर यातायात की व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने के लिए योगी ने सख्त आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारी भी सड़क पर उतरें। प्रशासन का अंदेशा है कि फिर भीड़ बढ़ सकती है।

**हर दिन बन रहा रिकॉर्ड**



केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इसका अध्ययन केस स्टडी के तौर पर किया जाएगा। हर दिन नया रिकॉर्ड बन रहा है।

**खाली शिविर में लगी आग**



मेला क्षेत्र के सेक्टर 8 में शुक्रवार सुबह आग लग गई। 3 टेंट जल गए। कश्मीरी हिंदू समाज के बगल में एक शिविर खाली पड़ा था। 2-3 दिन में कल्पवासी टेंट खाली हो जाएंगे।

**13वीं के दिन वह पहुंचा घर**

महाकुंभ में 60 साल का शख्स भगदड़ में लापता हो गया था। उसके दोस्तों और पड़ोसियों ने उसकी तेरहवी की, उसी समय वह घर पर पहुंच गया।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82250042 | एमोक्सिसिलिन 500 मिलीग्राम और क्लैवुलैनिक एसिड 125 मिलीग्राम | 9,88,000 | 10-03-25 |
| 02 | 82251208 | इंसुलिन ग्लार्गिन पेन 100 आईयू प्रति एमएल | 26,070 | 10-03-25 |
| 03 | 82259742 | (टैब/कैप) एम्पाग्लिफ्लोजिन 25 मिलीग्राम और लिनाग्लिप्टिन 5 मिलीग्राम | 85,000 | 10-03-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 82250042, 82251208 & 82259742/Med/Part-1 दिनांक: 14.02.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 515/25

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सैफ अली खान उर्फ फैजान पुत्र** रसूल मो., **निवासी** मकान नं0 467, गली नं0–11, नूर ए इलाही, भजनपुरा, दिल्ली, ने **FIR No. 107/2024, U/S 25/54/59 A. Act, पुलिस स्टेशन जाफराबाद, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सैफ अली खान उर्फ फैजान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सैफ अली खान उर्फ फैजान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 107/2024, U/S 25/54/59 A. Act, पुलिस स्टेशन जाफराबाद, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सैफ अली खान उर्फ फैजान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।


आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
कमरा नं0–07, द्वितीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1644/NE/2025
(Court Matter)

कलकत्ता हाई कोर्ट ने दी अनुमति

# बंगाल की आपत्ति खारिज संघ की रैली को हरी झंडी

## कोलकाता पुलिस ने लगाया था अड़ंगा



**16** फरवरी को पूर्व बर्धमान में होगी सभा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में होनी वाली रैली के लिए अनुमति दे दी है। इसी के साथ ही कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति को खारिज कर दिया। बताया जा रहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट की जज अमृता सिन्हा ने आरएसएस रैली के आयोजकों को सशर्त अनुमति दी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बंगाल इकाई ने गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ का दरवाजा खटखटाया और 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सभा के लिए पुलिस द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने को चुनौती दी थी।

### पुलिस ने परीक्षा का बहाना बनाया

जिला पुलिस ने इस आधार पर अनुमति देने से इनकार कर दिया कि चूंकि बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षाएं (10वीं) चल रही हैं। इसलिए इस दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। जिला पुलिस ने अनुमति देने से इनकार करते हुए यह भी कहा था कि आरएसएस प्रमुख के प्रस्तावित सभा स्थल के पास एक स्कूल है। हालांकि सभा रविवार को होगी। इसलिए परीक्षा प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होने का सवाल ही नहीं उठता।

### संगठन विस्तार पर भी की चर्चा

आरएसएस चीफ मोहन भागवत बंगाल प्रवास पर हैं। उन्होंने आरएसएस के विभिन्न राज्य पदाधिकारियों से मुलाकात की और राज्य में संगठन के नेटवर्क का विस्तार करने के तरीकों पर चर्चा की। रविवार को बर्धमान में प्रस्तावित सभा मध्य बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित करना था।

### हिंदू उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में यह दौरा

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह दौरा दो मामलों में बेहद अहम है, जिनमें से पहला 2025 में होने वाला बंगाल विधानसभा चुनाव है। दूसरा, यह दौरा पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी पर जारी उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जिसका स्पष्ट असर बंगाल में महसूस किया जा रहा है, जिसकी बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है।

# अदालत विधायिका को खास कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती, याचिका खारिज

## जस्टिस गवई और जस्टिस मसीह की बेंच ने यह कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें विधायिका को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के फरवरी 2024 के आदेश के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। बेंच ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

### आरोपपत्र निशुल्क मांगा गया था



याचिका में जिला अदालतों या पुलिस को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे शिकायतकर्ता या पीड़ित को आरोपपत्र की एक प्रति निशुल्क उपलब्ध कराएं। केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह याचिका अप्रासंगिक है। इसके लिए विशेष छूट देने का नियाम नहीं है।

**जिला अदालतों को निर्देश देने की मांग की थी** : याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पीड़ित के सुनवाई के अधिकार से जुडा कोई प्रावधान नहीं है। इसमें आग्रह किया गया था कि सभी जिला अदालतों को निर्देश दिया जाए कि वे मामले की शुरुआती सुनवाई के समय पीड़ितों को नोटिस दें।

## सनातन बोर्ड की आवश्यकता नहीं

**पुरी।** यहां के पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने की बात कही है। सनातन धर्म में शंकराचार्य की व्यवस्था पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन बोर्ड की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह व्यवस्था ईस्वी से चली आ रही है। दूसरी व्यवस्था करेंगे।

10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया

आर्ट ऑफ लिविंग का आयोजन

# सभी महिलाएं बड़े सपने देखें और आत्मविश्वास के साथ आगे भी बढ़ें

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बेंगलुरु में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने महिलाओं से साहस जुटाने, बड़े सपने देखने और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर अपने लक्ष्यों को हासिल करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड हवाई अड्डे पर पहुंचीं जहां कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति ने कहा कि बाधाओं को तोड़ना और रूढ़ियों को चुनौती देना बिना मानसिक शक्ति के संभव नहीं है।




### मानवीय मूल्यों को बनाए रखना जरूरी

राष्ट्रपति ने तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना रही है, लेकिन इसके साथ ही मानवीय मूल्यों को बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि करुणा, प्रेम और एकता को बढ़ावा देने के लिए हर व्यक्ति को अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है।



## जालसाज प्रेमानंद जी के नाम पर बना रहे शिकार

**देहरादून।** सोशल मीडिया पर प्रेमानंद महाराज के बढ़ते क्रेज के कारण जालसाजों ने उनके नाम का सहारा लेना शुरू कर दिया। उनके आश्रम की ओर से जारी के पत्र जारी किया है कि ऐसे किसी भी किसी भी शख्स पर एकदम भरोसा नहीं करें। श्री हित राधा केलि कुंज आश्रम, वृंदावन की ओर से सभी श्रद्धालुओं को सूचित किया जा चुका है।

एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड
FCS The efficiency catalyst
CIN No. L72100DL1993PLC179154
पंजी. कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली–92
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज–II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा–201305

31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण भारतीय लेखा मानकों ( Ind-AS ) के अनुपालन में तैयार किये गये (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 दिस. 2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2023 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| समेकित फाइनेंशियल्स : | | | |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 925.17 | 3,656.51 | 3,491.39 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (–) | 125.76 | (1,204.53) | 145.98 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (–) (असाधारण मदों के बाद) | 125.76 | (1,204.53) | 145.98 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | 8,574.63 | 8,250.19 | (438.53) |
| अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं) | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.007 | (0.070) | 0.010 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.007 | (0.070) | 0.010 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.007 | (0.070) | 0.010 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.007 | (0.070) | 0.010 |

स्टैंडअलोन फाइनेंशियल्स :

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 दिस. 2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2023 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 787.70 | 3,619.08 | 3,494.88 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (–) | 49.01 | (1,392.65) | 194.66 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (–) (असाधारण मदों के बाद) | 49.01 | (1,392.65) | 194.66 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.003 | (0.080) | 0.010 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.003 | (0.080) | 0.010 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.003 | (0.080) | 0.010 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.003 | (0.080) | 0.010 |

2) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/–
(निदेशक)

स्थान : नोएडा
दिनांक : 13 फरवरी 2025

भूपेश को पंजाब में कांग्रेस सरकार लाने की जिम्मेदारी

# बघेल आईसीसी महासचिव बने नासिर भी महासचिव नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सुबाई सियासत से इतर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का महासचिव बना कर पंजाब का प्रभार सौंपा गया है। एआईसीसी स्तर की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ से हालांकि कई नेताओं को समय समय पर दी गई, लेकिन संभवतः ये पहला अवसर है जब राज्य के किसी वरिष्ठ नेता को महासचिव बनाया गया हो। पंजाब में कांग्रेस को सत्ता में वापसी लाने में भूपेश कामयाब हुए तो कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बतौर पिछड़ा नेता उनका कद बहुत बड़ा हो जायेगा।

गुरुवार को ही हरिभूमि ने अपने सुधि पाठकों तक भूपेश को महासचिव बनाये जाने और प्रभारियों को बदले जाने की खबर पहुंचाई थी। भूपेश और साथ कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे की टीम उनके विश्वस्त राज्यसभा सांसद नासिर हुसैन को भी महासचिव की जिम्मेदारी मिली है। उन्हें जम्मू कश्मीर और लद्दाख़ का प्रभार मिला है। लंबे जद्दोजहद के बाद आखिरकार हरियाणा के प्रभार से दीपक बाबारिया की विदाई हो गई है। वो अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनकी जगह हरि प्रसाद को हरियाणा का प्रभार दिया गया है। हरि प्रसाद के सामने हुड्डा, सैलजा और सुरजेवाला खेमे के बीच सामंजस्य बिठा कर विधानसभा में नेता और नये प्रदेश अध्यक्ष के चयन की महतव्पूर्ण जिम्मेदारी होगी। ठीक ऐसे ही



हालातों में हरि प्रसाद को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया था, तब जोगी बनाम आल की जबरदस्त खेमेबंदी थी।

राजीव शुक्ला की जगह अब रजनी पाटिल को हिमाचल और चंडीगढ़ का प्रभार दिया गया है। बिहार से मोहन प्रकाश की विदाई भी तय कर दी गई है। अब एक खाँटी हिंदी भाषी राज्य को एक अहिंदी भाषी नेता कृष्णा अलावरु को प्रभारी बनाकर आलकमान ने कुछ नया करने की कोशिश की है। लंबे अंतराल के बाद मध्यप्रदेश की नेता मिनाक्षी नटराजन को बड़ा काम मिला है। उन्हें तेलंगाना का प्रभारी बनाया गया है। हरीश चौधरी को मध्यप्रदेश, गिरीश चोदनकर को तमिलनाडु और पुडुचेरी, उत्तरप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे अजय लल्लू को ओडिशा, के. राजू को झारखंड, सप्त गिरी उल्का को मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम और नागालैंड का प्रभारी बनाया गया है।

SINDHU TRADE LINKS LTD.
129,Transport Centre,Rohtak Road,Punjabi Bagh, New Delhi-110035
Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter & Nine Months Ended on 31.12.2024
CIN: L63020DL1992PLC121695 | Website: www.sindhutrade.com |Email id: corporatecompliance@sindhutrade.com |Phone: 0124-6913000
Extracts of Standalone & Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter & Nine Months Ended on 31.12.2024 (In Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | 31.12.2024 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) |
| Total Income from operations | 12225.30 | 11742.87 | 13735.09 | 36829.27 | 42254.74 | 59,965.99 | 51959.25 | 63562.19 | 47396.61 | 171618.03 | 139419.34 | 183623.84 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or extraordinary items) | 1649.66 | 1744.71 | 1086.62 | 5567.23 | 4904.18 | 6336.71 | (83.02) | 12844.82 | 9596.21 | 22936.93 | 19632.26 | 7660.28 |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 1649.66 | 1744.71 | 1086.62 | 5567.23 | 4904.18 | 6336.71 | (83.02) | 12844.82 | 9596.21 | 22936.93 | 19632.26 | 7658.47 |
| Net profit/ (Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | 1460.73 | 1454.53 | 823.18 | 4580.30 | 3633.56 | 5436.90 | (747.07) | 11654.27 | 9313.77 | 18056.87 | 17273.93 | 7076.53 |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit / Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | 1460.74 | 1454.51 | 1036.51 | 4580.34 | 3846.96 | 6352.61 | 3376.01 | 13323.28 | 9567.17 | 24030.57 | 18872.68 | 10128.09 |
| Equity Share Capital | 15419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15419.29 | 15419.29 | 15,419.29 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 76636.85 | 75396.89 | 69373.65 | 76636.85 | 69373.65 | 72056.51 | 143474.61 | 141698.99 | 131916.33 | 143474.61 | 131916.33 | 1,34,163.36 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of 1/-each) | | | | | | | | | | | | |
| Basic: | 0.09 | 0.09 | 0.05 | 0.30 | 0.24 | 0.35 | -0.03 | 0.42 | 0.42 | 0.52 | 0.77 | 0.37 |
| Diluted: | 0.09 | 0.09 | 0.05 | 0.30 | 0.24 | 0.35 | -0.03 | 0.42 | 0.42 | 0.52 | 0.77 | 0.37 |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 14thFebruary, 2025.
2. The above Unaudited financial results of the Company for the Quarter &Nine Monthsended on 31st December, 2024 have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 14th February, 2025.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Rudra Sen Sindhu
(Chairman &Director)
DIN: 00006999

Place: Gurugram
Dated: 14.02.2025

## आरबीआई ने 31 मार्च 2025 को बैंकों को खुला रखने का दिया निर्देश

# आरबीआई ने कैंसिल कर दी सभी बैंकों की ईद की छुट्टी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी बैंकों को 31 मार्च 2025 को काम करने का निर्देश दिया है। आरबीआई के मुताबिक, ऐसा इसलिए किया गया है ताकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन यानी बैंकिंग सेवाओं में कोई रुकावट न आए और सभी सरकारी लेनदेन सही समय पर पूरे किए जा सकें। इसके अलावा किसी भी तरह की वित्तीय गड़बड़ी या रिकॉर्ड में असमानता न हो।

आमतौर पर, 31 मार्च को अधिकांश राज्यों में रमजान-ईद (ईद-उल-फितर) के चलते बैंक बंद रहते, केवल हिमाचल प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर। लेकिन वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण सरकार चाहती है कि इस दिन सभी सरकारी राजस्व संग्रह, भुगतानों और अन्य वित्तीय निपटानों को पूरा कर लिया जाए ताकि नया वित्तीय वर्ष बिना किसी बाधा के शुरू हो सके।

### 1 अप्रैल 2025 को बैंक रहेंगे बंद पर छत्तीसगढ़ में रहेगा खुला

हालांकि, 1 अप्रैल 2025 (मंगलवार) को बैंक वार्षिक खाता समायोजन (एनुअल अकाउंट क्लोजिंग) के कारण अधिकांश राज्यों में बंद रहेंगे। केवल मेघालय, छत्तीसगढ़, मिजोरम, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश में ही बैंक खुले रहेंगे।

### 31 मार्च 2025 को कौन-कौन सी बैंकिंग सेवाएं चालू रहेंगी?

आरबीआई के आदेश के अनुसार, निम्नलिखित सेवाएं 31 मार्च को जारी रहेंगीः जिसमें सरकारी करों का भुगतान (इनकम टैक्स, जीएसटी, कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी), सरकारी पेंशन और सब्सिडी का भुगतान,सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों का वितरण, सरकारी योजनाओं और सब्सिडी से जुड़े सार्वजनिक लेनदेन।



■ 1 अप्रैल 2025 को बैंक वार्षिक खाता समायोजन के कारण बंद रहेंगे

*डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी*

*ऑनलाइन बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के जरिए टैक्स भुगतान, फंड ट्रांसफर जैसी कई डिजिटल सेवाएं चालू रहेंगी। हालांकि, ग्राहकों को अपने संबंधित बैंकों से यह कन्फर्म कर लेना चाहिए कि उनके बैंक में डिजिटल लेनदेन सुचारू रूप से जारी रहेगा या नहीं।*

### आरबीआई के इस फैसले का असर

आरबीआई के इस कदम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी राजस्व संग्रह में किसी प्रकार की रुकावट न आए। बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से कार्य करें और कोई भी सरकारी भुगतान लंबित न रहे। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन सभी आवश्यक वित्तीय निपटान पूरे किए जा सकें। बैंकिंग ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे इस बदलाव को ध्यान में रखते हुए अपने बैंकिंग कार्यों की योजना बनाएं, खासकर उन लोगों को जो 31 मार्च और 1 अप्रैल को बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं।

## सोना रिकॉर्ड 89 हजार के पार, चांदी 2,000 रुपये चढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** आभूषण एवं खुदरा विक्रेताओं की भारी लिवाली के बीच सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये बढ़कर 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछला बंद भाव 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत भी शुक्रवार को 2,000 रुपये उछलकर चार माह के उच्च स्तर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वृहस्पतिवार को चांदी 98,000 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, अप्रैल डिलीवरी वाले कॉमेक्स सोना वायदा 6.49 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,951.89 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना बढ़कर 2,929.79 डॉलर प्रति औंस पर रहा। कोटक सिक्योरिटीज के अनुसार, कॉमेक्स सोना वायदा ने लगातार तीसरे दिन अपनी तेजी को कायम रखा।

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my client SH. HAZARI SINGH S/o LT. SH. BHIM SINGH & SMT. KAMLESH DEVI W/O SH. HAZARI SINGH BOTH R/o 81-B, E-BLOCK, MAKSOODABAD EXTN. COLONY, POST OFFICE NAJAFGARH, SOUTH WEST DELHI, NEW DELHI-110043 have ejected their son Sh. AMIT KUMAR @ AMIT S/o Sh. HAZARI SINGH & Smt. MANJU w/o Sh. Amit Kumar @ Amit and Miss Gauranshi D/o Sh. Amit Kumar @ Amit from all his movable and immovable properties and had disowned, dis-herited, debarred and severed all relations from their son Sh. Amit Kumar @ Amit and Smt. Manju Miss Gauranshi D/o Sh. Amit Kumar @ Amit. Any one dealing with Sh. Amit Kumar @ Amit and Smt. Manju Miss Gauranshi D/o Sh. Amit Kumar @ Amit will be doing so at his own risk and cost and SH. HAZARI SINGH S/o LT. SH. BHIM SINGH & SMT. KAMLESH DEVI W/O SH. HAZARI SINGH will not be liable for the same.

Vikas Dahiya( Advocate)
En.No. D/4413/2017
Ch.No. 810, Dwarka Court Complex N.D-110075
Mobile No. 9910330139

केनरा बैंक Canara Bank (A Govt. of India Undertaking)

Recovery Section, Regional Office
Plot no. 39, 1st Floor, Near Bishop Hyundai, Neelam-Bata Road, Faridabad

**NOTICE TO OUR CUSTOMER**

We would like to inform our customer **M/s Mathaaru Auto Parts,** ( Prop. Sh. Sukhdyal Singh) regarding collection of Inventory Items at their Residential property (Details mentioned below) has been sealed with your household items inside ( inventory list mentioned below) and you were informed vide our letter Ref. No. RO/FBD/MATHARU/24-25/IN dated **30.01.2025** that your said property has been sold under E- Auction and physical possession of the same has been taken by us on **15.10.2024**
We once again inform you that we shall be handing over the property to the Auction purchaser at the earliest by **26.02.2025**, This is final reminder for you (through this publication) to collect your items within 7 days of the receipt of this notice, otherwise bank will be compelled to dispose of the same on **25.02.2025** as per rules & regulations.

**Description of property**

All that part and parcel of the property consisting of Residential House at MCF no 287/1 New, (old 23 & 24),Rect 68 Killa no. 18, 17/2, Near VM Public school, Jawahar Colony, Faridabad 121001. Bounded as under North – Rasta 15 Feet, South– Other' Land, East-Property of Gyan sarup, West- Kamlesh

**Inventory List**

3 Ceiling Fan, 2 Steel Almirah, 1 Double Bed, 1 Sandook, 2 Sofa Chair, 2 table, 1 Cooler, 1 Fridge, Kelvinator, 1 Single Bed, 1 Desktop Computer, with Computer Table, 1 Gas Choolah, 1 Washing Machine, 1 Ceiling Fan, 1 Folding, 1 Komaki Electric Bike, 1 Vikrant Bike, 2 Water Tanki & Rest items are as per photography and videography.

**Date:** 15-02-2025, **Place:** Faridabad **Authorised Officer,Canara Bank**

## लोकप्रिय अभिनेता पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी के नए इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का चेहरा बने



**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक 2025 में अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया (आईएफएफआई) अभियान का शुभारंभ किया। लोकप्रिय भारतीय सिनेमा अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है।बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निर्माता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं। एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में डीजल 4.3% तक की वृद्धिशील माइलेज का लाभ प्रदान करता है, और एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में पेट्रोल महत्वपूर्ण इंजन भागों को 10 गुना तक साफ रखने में मदद करता है।

## जेईई-मेन जनवरी-2025 का परिणाम जारी, एलन के 5 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोर व 14 स्टेट टॉपर



**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी जेईई-मेन जनवरी सेशन के परिणामों में एलन स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एनटीए की ओर से 14 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोर घोषित किया गया है, इसमें से 5 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही 44 स्टेट टॉपर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें 14 एलन से हैं। इसमें अरनव सिंह, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, ओमप्रकाश राजस्थान, शौर्य अग्रवाल छत्तीसगढ़, अभिमन्यू टिबरेवाल झारखंड, पाणिनी बिहार, नबनीत प्रियदर्शी ओडिशा, धैर्य शर्मा हिमाचल प्रदेश, कनिष्का चक्रवर्ती आसाम, ई कुमारन पुडुचेरी, हर्ष झा दिल्ली, लायन गम्बा मणिपुर और निशिता मेघालय से स्टेट टॉपर है। मैं गलतियों से सीखता हूं और मजबूत होता हूंः ओमप्रकाश बेहरा- एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के ओमप्रकाश बेहरा ने जेईई मेन जनवरी में परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 अंक हासिल किए हैं। टीचर्स की गाइडलाइंस ही फॉलो कर रहा हूं, क्योंकि एलन के टीचर्स और स्टडी मटीरियल परफेक्ट हैं।

## बीएचईएल को तेलंगाना में 1x800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) आधार पर तेलंगाना के मंचेरियल जिले में 1x800 मेगावाट आदिलाबाद सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) से ऑर्डर प्राप्त किया है। इस अनुबंध के तहत, बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में सिविल कार्यों के साथ-साथ डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग शामिल है। इस दायरे में उत्सर्जन नियंत्रण के लिए अत्यधिक कुशल, अत्याधुनिक उपकरणों की आपूर्ति भी शामिल है। प्रस्तावित इकाई मौजूदा 2x600 मेगावाट चालू इकाइयों के निकट स्थापित की जानी है। गौरतलब है कि इन इकाइयों के लिए बॉयलर-टर्बाइन-जनरेटर (बीटीजी) स्कोप भी बीएचईएल को सौंपा गया था और दोनों इकाइयों को 2016 में बीएचईएल द्वारा कमीशन किया गया था।

## टाटा एलेक्सी का ड्रोन के लिए गरुड़ एयरोस्पेस से करार

**मुंबई।** डिजाइन एवं प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता टाटा एलेक्सी ने स्वदेशी ड्रोन प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए डिजाइन, इंजीनियरिंग व प्रमाणन केंद्र स्थापित करने के वास्ते ड्रोन विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस के साथ साझेदारी की है। बयान के अनुसार, सहयोग के तहत टाटा एलेक्सी एवियोनिक्स, लघुकरण, भू-नियंत्रण प्रणाली, सुरक्षित संचार और ऊर्जा अनुकूलन में अपनी विशेषज्ञता के दम पर यूएवी उप-प्रणालियों के डिजाइन, विकास, परीक्षण व प्रमाणन का नेतृत्व करेगी। मूल उपकरण विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस जिसकी रक्षा क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति है वह व्यवसाय अधिग्रहण तथा वितरण का नेतृत्व करेगी। जयराज ने कहा, गरुड़ एयरोस्पेस के साथ हमारी साझेदारी भारत की एयरोस्पेस महत्वाकांक्षाओं में एक बड़ी उपलब्धि है।

**सूर्या इंडिया लिमिटेड**
CIN: L74899DL1985PLC019991
पंजी. कार्यालय : बी-1/एफ-12, मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044
Tel.: +91 11 45204115; Fax: +91 11 28898016Email: cs@haldiram.com; website: www.suryaindialtd.com

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार**
(राशि लाखों में, यदि अन्यथा वर्णित नहीं)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2024 | समाप्त तिमाही 30.09.2024 | समाप्त तिमाही 31.12.2023 | समाप्त नौ माह 31.12.2024 | समाप्त नौ माह 31.12.2023 | समाप्त वर्ष 31.03.2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | | | अअंकेक्षित | | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 181.03 | 127.96 | 148.16 | 421.34 | 346.99 | 454.10 |
| 2 | कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि) | 96.42 | 44.33 | 67.84 | 173.16 | 113.11 | 1,151.59 |
| 3 | कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि) | 96.42 | 44.33 | 67.84 | 173.16 | 113.11 | 1,151.59 |
| 4 | कर के बाद और असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि) | 80.47 | 34.44 | 58.43 | 138.39 | 91.39 | 928.69 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 81.39 | 36.27 | 58.43 | 141.14 | 92.7 | -834.66 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) | 698.58 | 698.58 | 698.58 | 698.58 | 698.58 | 698.58 |
| 7 | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | - | - | - | - | - | 12,310.03 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | 1. बेसिक : (रु. में) | 1.15 | 0.49 | 0.84 | 1.98 | 1.31 | 13.29 |
| | 2. डायल्युटेड : (रु. में) | 1.15 | 0.49 | 0.84 | 1.98 | 1.31 | 13.29 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक और नौ माह के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर उपलब्ध है। इनको नीचे क्यूआर कोड स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
2. उपरोक्त अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा 14 फरवरी 2025 को आयोजित उनकी बैठक में कर ली गई और उसके पश्चात 14 फरवरी 2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. पूर्ववर्ती तिमाही/नौ माह/ वर्ष के आंकड़े, जहां आवश्यक है, रिग्रुप्ड और रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।
4. प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) में अन्य आय शामिल नहीं है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.02.2025

कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
प्रीति अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00011450

## रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने वेल्वेट का अधिग्रहण किया

**चेन्नई।** प्रतिष्ठित एफएमसीजी ब्रांड वेल्वेट का रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने अधिग्रहण कर लिया है। वेल्वेट, पर्सनल केयर प्रोडक्ट की सैशे-पैकेजिंग के लिए मशहूर है। रिलायंस ने एक वक्तव्य में बताया कि इस रणनीतिक अधिग्रहण के साथ ही आरसीपीएल, वेल्वेट ब्रांड में नई जान फूंकेगा और इसकी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएगा। यह भारतीय ब्रांडों को पुनर्जीवित करने और उन्हें पुनः मार्केट में पेश करने की रिलायंस की प्रतिबद्धता को दिखाता है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा, ₹हम वेल्वेट का रिलायंस परिवार में स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।

## एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2025 की घोषणा

**नई दिल्ली।** डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट इंडिया) ने एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2025 के लिए जूरी पैनल की घोषणा कर दी है। यह पहल भारत भर में असाधारण पारिवारिक स्वामित्व वाले बिजनसेज, यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न के योगदान को मान्यता देती है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित करने के लिए अपने समुदायों में योगदान करते हुए और क्षेत्रीय सीमाओं से परे विस्तार करते हुए नेतृत्व, विजन और विकास का प्रदर्शन करने वाली कंपनियों का जश्न मनाते हैं। एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2025 के लिए बनाई गई जूरी में इंफोसिस के पूर्व प्रबंध निदेशक और जूरी पैनल के चेयरपर्सन एस. डी. शिबूलाल; भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री और स्वतंत्र निदेशक डॉ. वृंदा जागीरदार; कैटामारन वेंचर्स के चेयरमैन और एचडीएफसी के बोर्ड सदस्य एम. डी. रंगनाथ और डेलॉयट के सीनियर एडवाइजर मनोज कोहली शामिल हैं।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र को "सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई बैंक पुरस्कार-विजेता" और "सीएसआर पहल एवं व्यावसायिक उत्तरदायित्व पुरस्कार-उपविजेता" से सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) को सीआईएमएसएमई (चैंबर ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज) द्वारा "सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई बैंक पुरस्कार" विजेता और "सीएसआर पहल एवं व्यावसायिक उत्तरदायित्वपुरस्कार - उपविजेता" से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 12 फरवरी 2025 को द इंपीरियल होटल, जनपथ, नई दिल्ली-110001 में आयोजित एक कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई ) को दी गई उत्कृष्ट सेवा और समर्थन के लिए प्रदान किया गया।भारत केसर्वोच नयायालय से सेवानिवृत्त पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री दीपक वर्मा ,पुरस्कार प्रदान करने वाली चयन समिति के अध्यक्ष थे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से श्री मुकेश चंद्र उपाध्याय (महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, दिल्ली) और उनकी टीम ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। उन्हें यह सम्मान भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री, श्री पंकज चौधरी द्वारा प्रदान किया गया।



## शेयर बाजार में आठवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 200 अंक और टूटा

**मुंबई (भाषा)।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को लगातार 8वें दिन गिरावट जारी रही। बाजार में कारोबार की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ हुई, लेकिन जल्द ही शुरुआती बढ़त खत्म हो गई। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 199.76 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 75,939.21 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 699.33 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 102.15 अंक यानी 0.44 प्रतिशत गिरकर 22,929.25 पर बंद हुआ। आठ कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,644.6 अंक यानी 3.36 प्रतिशत और निफ्टी 810 अंक यानी 3.41 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 3.24 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 2.59 प्रतिशत की गिरावट आई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए, जापान के निक्की में गिरावट हुई। यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

## भारतीय मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिएः केंद्र

**नई दिल्ली।** भारतीय मानकों के कार्यान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह बात भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव श्रीमती निधि खरे ने नई दिल्ली में मानकों के कार्यान्वयन - अधिक उत्पादों को गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) के तहत लाने पर हुई एक अंतर-मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। सचिव ने घरेलू बाजार में गुणवत्ता से संबंधित इकोसिस्टम के उत्थान और घटिया आयात पर अंकुश लगाने के अपने दोहरे उद्देश्यों पर विचार करते हुए 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में क्यूसीओ की भूमिका पर जोर दिया। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए भाषण का उल्लेख किया, जिसमें भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में अलग पहचान दिलाने के लिए भारतीय मानकों पर जोर दिया गया था। उन्होंने सभी मंत्रालयों से भारतीय मानकों को प्राथमिकता देने की अपील की। बैठक के दौरान हुई चर्चा मानकों के महत्व और क्यूसीओ के माध्यम से इसके लाभों पर केंद्रित थी, जो विभिन्न उत्पादों के लिए मानकों के अनिवार्य अनुपालन को लागू करते हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करने और विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) सहित उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्यूसीओ के कार्यान्वयन से इन व्यवसायों को एक समान अवसर मिलता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि बाजार के सभी खिलाड़ी समान गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं।

**MOHIT PAPER MILLS LIMITED**
(CIN- L21093DL1992PLC116600)
पंजी. कार्यालय : 15ए/13, अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
वर्क्स : 9 किमी. स्टोन, नगीना रोड, बिजनौर, उत्तर प्रदेश-246701
Phone: 011- 25886798,
E-mail: investorsmohitpaper@gmail.com, Website: www.mohitpaper.in

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम का सार**
(ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही (31-12-2024) अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही (30-09-2024) अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही (31-12-2023) अअंकेक्षित | समाप्त नौ माह (31-12-2024) अअंकेक्षित | समाप्त नौ माह (31-12-2023) अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष (31-03-2024) अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 4791.57 | 3585.99 | 5043.72 | 13362.55 | 14447.63 | 19202.66 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 309.60 | 227.30 | 270.87 | 758.00 | 691.55 | 909.96 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पूर्व, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 309.60 | 227.30 | 270.87 | 758.00 | 691.55 | 909.96 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 257.90 | 210.25 | 225.63 | 631.50 | 576.06 | 645.35 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय | 257.90 | 210.25 | 225.63 | 631.50 | 576.06 | 645.35 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रति शेयर) | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल की सं. (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रति इक्विटी शेयर) | 140 | 140 | 140 | 140 | 140 | 140 |
| रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3052.36 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व और पश्चात) (रु. 10/- प्रत्येक के) | | | | | | |
| बेसिक : | 1.84 | 1.50 | 1.61 | 4.51 | 4.11 | 4.61 |
| डायल्युटेड : | 1.84 | 1.50 | 1.61 | 4.51 | 4.11 | 4.61 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय विवरणों का एक सार है, जिसकी समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और इसलिये शुक्रवार, 14 फरवरी 2025 को बैठक में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये। सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुरूप, यह कम्पनी की वेबसाइट www.mohitpaper.in के साथ-साथ स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगा।
2. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 और कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) (संशोधित) नियमों, 2016, लागू योग्य तक, के नियम 3 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 (दि 'एक्ट') की धारा 133 के तहत निर्धारित IND AS हैं और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') द्वारा लागू अनुसार और जारी दिशा-निर्देशों, भारतीय लेखा मानकों ('IND AS') के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. कम्पनी IND AS 108, प्रचालन खण्डों के अनुरूप वित्तीय परिणाम प्रकाशित कर चुकी है, कम्पनी वित्तीय परिणाम में खण्ड जानकारी घोषित कर चुकी है और इसलिये, 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणाम में खण्ड जानकारी पर अलग से घोषणा नहीं दी गई है।
4. पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़े वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के समरूप बनाने के लिये जहां आवश्यक हुआ, रिग्रुप्ड / रिक्लासीफाइड कर लिये गये हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.02.2025

कृते व मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड की ओर से
हस्ता/-
संदीप जैन
(प्रबंध निदेशक)
(डीआईएन : 00458048)

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा ।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** — कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रुपया 12 पैसे चढ़कर 86.81 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में तेजी जारी रही और यह शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे बढ़कर 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत बिकवाली ने रुपये की तेज बढ़त पर अंकुश लगाया। साथ ही, उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार द्वारा एक अप्रैल को जवाबी शुल्क लागू करने की घोषणा के बाद डॉलर में आक्रामक तेजी थमी है। इससे उसके व्यापारिक भागीदारों को कुछ राहत मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 86.86 पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 86.79 के उच्च स्तर पर पहुंच गया।


### शब्द पहेली - 5779




**बाएँ से दाए**
1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

**शब्द पहेली - 5778 का हल**





# चैंपियंस ट्रॉफी : 53 फीसदी बढ़ी पुरस्कार राशि, अब चैंपियन को मिलेंगे 20 करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और अब विजेता टीम को 22 लाख 40 हजार डॉलर (लगभग 20 करोड रुपए) मिलेंगे।

उपविजेता को इसकी आधी राशि 11 लाख 20 हजार डॉलर (9.72 करोड़ रुपए) मिलेगी। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 560,000 डॉलर (4.86 करोड़ रुपए) मिलेंगे। कुल पुरस्कार राशि 60 लाख 90 हजार डॉलर (लगभग 60 करोड़ रुपए) कर दी गई है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने बयान में कहा, 'यह पुरस्कार राशि खेल में निवेश करने और हमारी प्रतियोगिताओं की वैश्विक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाती है।'



### ग्रुप चरण में जीतने पर मिलेंगे 30 लाख

किसी भी टीम को ग्रुप चरण में जीत हासिल करने पर 34,000 डॉलर (30 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्येक टीम को 350,000 डॉलर (तीन करोड़ रुपए), जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 140,000 अमेरिकी डॉलर (1.2 करोड़ रुपए) मिलेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों में से प्रत्येक को 125,000 डॉलर (1.08 करोड़ रुपए) की गारंटी मिलेगी।



### 7 साल बाद चैंपियनशिप की हो रही वापसी

आईसीसी अध्यक्ष ने कहा, 'आईसीसी पुरुष चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 क्रिकेट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट की फिर से वापसी हो रही है जिसमें वनडे में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं भाग लेती हैं और इसका हर मैच महत्वपूर्ण है।' पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 2009 से 2017 तक प्रत्येक चार साल में किया गया लेकिन इसके बाद कोविड और इसकी प्रासंगिकता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1998 हुई थी और इसका आयोजन तब प्रत्येक दो साल में किया जाता था। महिला चैंपियंस ट्रॉफी टी20 प्रारूप में 2027 में शुरू होगी।

### 28 साल बाद मिली मेजबानी

पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार आईसीसी की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही है और वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। पाकिस्तान में होने वाले मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

## खबर संक्षेप



### बेसबॉल खिलाड़ी बनाने की बात बकवास

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि एशियाई खेलों या ओलंपिक खेलों में पदक जीतने की संभावना बढ़ाने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने पर विचार करेगा। मंत्रालय ने इस तरह की अटकलों को कपोल कल्पित करार देते हुए कहा कि इस तरह के विचार पर कभी भी किसी भी स्तर पर चर्चा या विचार नहीं किया गया है। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में मिशन ओलंपिक सेल की बैठक में इस तरह के किसी भी सुझाव पर चर्चा नहीं की गई।

### स्वियाटेक कतर ओपन खिताब से दो जीत दूर

**दोहा।** तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियाटेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एलेना रयबाकिना को 6-2, 7-5 से



हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए स्वियाटेक का सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-2 से हराया। रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 4-6, 6-1, 6-1 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। सेमीफाइनल में अलेक्जेंड्रोवा का मुकाबला एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 4-6, 7-5, 6-4 से पराजित किया।

### साल में दस महीने खेलने से और बढ़ेगा चोटों का खतरा

**कोलकाता।** विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने भारतीय क्रिकेटरों के चोटिल होने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए



इसकी वजह व्यस्त कैलेंडर को बताया जिसमें खिलाड़ी साल में करीब दस महीने तक खेलते हैं। बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी इन दिनों खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन का केंद्र बन गया है जहां खिलाड़ी अभ्यास से ज्यादा समय रिकवरी में बिता रहे हैं। 1983 विश्व कप विजेता कपिल ने यहां टाटा स्टील गोल्फ पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, 'मुझे चिंता यही है कि वे साल में दस महीने खेल रहे हैं।'

### आरसीबी ने जीत के साथ किया आगाज, गुजरात को छह विकेट से हराया

**वडोदरा।** रिचा घोष के 27 गेंद में नाबाद 64 रन और एलिसे पैरी की 34 गेंद में 57 रन की पारी की मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने महिला प्रीमियर लीग के तीसरे सत्र के पहले मैच में शुक्रवार को गुजरात जाइंट्स को छह विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 202 रन का लक्ष्य आरसीबी ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। रिचा ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाये। वहीं पैरी ने छह चौके और दो छक्के जड़े। आखिर में कनिका आहूजा ने 13 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये।

## वनडे : घर में कंगारुओं को 174 रनों से रौंद चटाई धूल

# श्रीलंका की सबसे बड़ी जीत, वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर दूसरे और अंतिम वनडे में 174 रनों से हराकर धमाकेदार जीत हासिल की। यह वनडे इंटरनेशनल में श्रीलंका की ऑस्ट्रेलिया पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने दो मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर दिया। बता दें कि श्रीलंका ने सीरीज के पहले मुकाबले में 49 रनों से जीत हासिल की थी। कुशल मेंडिस 101 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच और चरिथ असलंका 205 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

दूसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में चार विकेट पर 281 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 11 चौके की मदद से 115 गेंदों पर 101 रन बनाए। वहीं कप्तान चरिथ असलंका 78 रन बनाकर नॉटआउट रहे। असलंका ने 66 गेंदों का सामना किया और 6 चौके के अलावा 3 छक्के लगाए। टीम के लिए निशान मदुष्का (51) और जेनिथ लियानागे (32*) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।




### कंगारू 107 रनों पर ढेर

282 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 24.2 ओवरों में महज 107 रनों पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंकों में पहुंच सके। इसमें कप्तान स्टीव स्मिथ (29), विकेटकीपर जोश इंगलिस (22) और ट्रेविस हेड (18) का नाम शामिल रहा। श्रीलंकाई टीम के लिए स्पिनर डुनिथ वेलालगे ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं दूसरे स्पिनर वानिंदु हसारंगा ने भी तीन खिलाड़ियों को चलता किया। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने भी तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की हार की पटकथा लिखी।

### श्रीलंका नहीं खेल रही चैंपियंस ट्रॉफी

बता दें कि श्रीलंकाई टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भाग नहीं ले रही है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 की टॉप-8 टीमों को ही चैंपियंस ट्रॉफी खेलने का मौका मिला है। उधर ऑस्ट्रेलियाई टीम 50 ओवर्स की क्रिकेट में वर्ल्ड चैंपियन है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मिली इस हार से ऑस्ट्रेलिया का मनोबल जरूर गिरेगा।

### आस्ट्रेलिया के शीर्ष 5 खिलाड़ी बाहर

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष पांच खिलाड़ी बाहर हो गए है। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने निजी कारणों के चलते इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। कप्तान पैट कमिंस, मिचेल मार्श और जोश हेजलवुड इंजरी के चलते पहले ही टूर्नामेंट से आउट हो गए थे। जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक ही वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था। सीन एबॉट, बेन ड्वारशुइस, स्पेंसर जॉनसन, जेक-फ्रेजर मैकगर्क और तनवीर संघा को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है।

## मास्टर्स लीग

# भारत के कप्तान होंगे सचिन संगकारा श्रीलंका के कप्तान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं। इरफान ने कहा, 'लीग के पहले सत्र में इंडिया मास्टर्स टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। सचिन तेंदुलकर और अन्य साथियों के साथ अतीत में इतने खुशनुमा और अनमोल पल साझा किए हैं कि बहुत अच्छा लग रहा है।'

श्रीलंका मास्टर्स टीम में पूर्व आक्रामक बल्लेबाज रोमेश कालूवितरणा, तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल और सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा हैं। भारत और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज भी इसमें भाग लेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शुभम दुबे** पुत्र **हराशू चरण दुबे** निवासी **4/18, तृतीय तल, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 405/2017 U/s 448/380 IPC, थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **शुभम दुबे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शुभम दुबे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)


इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 405/2017 U/s 448/380 IPC, थाना पटेल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शुभम दुबे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 17.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आकृति महेन्द्रू**
**एलडी. अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (केन्द्रीय)**
**कमरा नं. 145**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/1785/CD/2025(Court Matter)

## मेजबान उत्तराखंड ने जीते 24 स्वर्ण

# सेना 65 स्वर्ण के साथ शीर्ष पर 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन



एजेंसी ▶▶| हल्द्वानी

मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह के अवसर पर कहा कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने अगले मेजबान मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को ध्वज सौंपने से पहले खेलों के समापन की घोषणा की।

राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत 28 जनवरी को हुई थी जिसमें सेना खेल संवर्धन बोर्ड कुल 121 पदक (68 स्वर्ण, 26 रजत, 27 कांस्य) के साथ पिछले छह राष्ट्रीय खेल में पांचवीं बार पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र ने 198 (54 स्वर्ण, 71 रजत, 73 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक जीते लेकिन कम स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहा।

यहां तक कि हरियाणा को 153 (48 स्वर्ण, 47 रजत, 58 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक मिले, लेकिन उसे तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। मेजबान उत्तराखंड 24 स्वर्ण, 35 रजत और 44 कांस्य सहित कुल 103 पदकों के साथ सातवें स्थान पर रहा।

### ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार

*शाह ने अपने संबोधन में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं आज यह कह सकता हूं कि खेलों में भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार हैं।' उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शाह को स्मृति चिन्ह, शॉल और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। शाह और धामी के अलावा जिन अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने समापन समारोह में भाग लिया उनमें केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंगकल संगमा, उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग शामिल हैं।*

## भारत की मिश्रित बैडमिंटन टीम को जापान से मिली हार

**क्रिंगदाओ।** भारत शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से 0-3 से हार गया और इस तरह से प्रतियोगिता में उसके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ। दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और 2017 के चैंपियन जापान के खिलाफ उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल के



शुरुआती मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु सैतो से 13-21, 21-17, 13-21 से हार गई। पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल में भारत का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर था लेकिन वह टोमोका मियाज़ाकी से 12-21, 19-21 से हार गई जिससे भारत 0-2 से पीछे हो गया। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी। सत्र के शुरू से फॉर्म से जूझ रहे 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के 16वें नंबर के केंटा निशिमोटो के खिलाफ दबाव बरकरार नहीं रख सके। जापानी स्टार ने एक घंटे और 17 मिनट में 21-14, 15-21, 21-12 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।



### प्रो लीग और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना लक्ष्य

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्येक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरुआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा। हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले कहा, 'हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है। हम महीनों से तैयारी कर रहे हैं, एचआईएल से बहुत कुछ सीखा है। हम अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी सक्षम हैं। हम सिर्फ अच्छी हॉकी खेलना चाहते हैं, सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं और हमारा लक्ष्य विश्व कप को देखते हुए (प्रो लीग में) हर मैच जीतना है।'

**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
CIN :L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, हेमकुंट टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
Tel.: +91-11-42504842
E -Mail : sbecsystems@rediffmail.com, Website : www.sbecsystems.in

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सार**

(रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह |
| | | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित |
| 1 | कुल आय | 127.80 | 70.52 | 271.32 | 127.80 | 70.52 | 271.32 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 64.49 | 33.21 | 119.72 | 64.49 | 33.21 | 119.72 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और/अथवा असामान्य मदों और एसोसिएट्स के लाभ/हानि के शेयर के बाद) | 64.49 | 33.21 | 119.72 | 64.49 | 33.21 | 119.72 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 56.16 | 27.66 | 102.17 | 56.16 | 27.66 | 102.17 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 56.16 | 27.66 | 102.17 | 56.16 | 27.66 | 102.17 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | ए. बेसिक | 0.56 | 0.28 | 1.02 | 0.56 | 0.28 | 1.02 |
| | बी. डायल्युटेड | 0.56 | 0.28 | 1.02 | 0.56 | 0.28 | 1.02 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है और नीचे क्विक रेस्पोंस (क्यूआर) कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 14 फरवरी 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानक (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.02.2025

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/-
विजय कुमार मोदी
अध्यक्ष
डीआईएन : 00004606

## भारत-अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई मुलाकात पर हरिभूमि से बातचीत में विशेषज्ञों ने दी यह प्रतिक्रिया

# मोदी-ट्रंप मुलाकात से चीन, पाकिस्तान-बांग्लादेश को सख्त संदेश, भारत की खिलाफत नहीं चलेगी

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा खतरों के बीच अमेरिका के व्हाइट हाउस में हुई भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के नवनियुक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की द्विपक्षीय मुलाकात से भारत को अपनी सीमाओं के ईद गिर्द 360 डिग्री के हिसाब से रक्षा-सुरक्षा के मद्देनजर कितना फायदा होगा? क्या इससे चीन और उसके साथ खड़े पाकिस्तान और बांग्लादेश को भी दो टूक संदेश गया है और अब सभी अपनी हद में रहेंगे? सामरिक समझौतों से भारत की रक्षात्मक तैयारी कितनी सुदृढ़ होगी? क्या अब हिंद-प्रशांत महासागर से लेकर दक्षिण चीन सागर में चीन के आक्रामक तेवर ढीले पड़ेंगे? यह वो तमाम जरूरी सवाल हैं जिनका विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में विस्तार से जवाब दिया।

अलग खबर

### अमेरिका ने बजा दी चीन के लिए खतरे की घंटी: कुलकर्णी

सेना के वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग कई गुना मजबूत होगा। जिससे भारत को अमेरिका से जरूरी जटिल तकनीक के हस्तांतरण से उसके क्षमता विकास के साथ ही आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति का सिर्फ ये कहना कि चीन के साथ एलएसी विवाद के बीच अगर आप (भारत) चाहें तो मैं आपकी मदद कर सकता हूं। इतना ही काफी है। भले ही हम इस मामले पर अमेरिका का सहयोग न लें। लेकिन ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के तुरंत बाद बोले गए इन शब्दों मात्र से ही दुश्मन (चीन) की घंटी बजना शुरू हो जाती है। क्योंकि उसको लगता है कि ये यानी अमेरिका इसके यानी भारत के साथ खड़ा हो गया है। तो अब मैं क्या करूंगा?

### दो बड़े लोकतंत्र लाएंगे दुनिया में शांति

लेफ्टिनेंट जनरल कुलकर्णी ने कहा कि चीन को हालांकि ये पहले से पता था कि ट्रंप के आते ही भारत-अमेरिका के रिश्ते अच्छे होंगे। इसलिए उसने भारत से बातचीत शुरू की, एलएसी के तनाव वाले इलाकों से सेनाएं पीछे हटाई। अब जब अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान आ गया है तो ये न सिर्फ चीन बल्कि उसके पिछलग्गू पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान को भी दो टूक अंदाज में स्पष्ट संदेश चला गया है कि अगर उन्होंने भारत के खिलाफ क्षेत्र में कोई गुस्ताखी करने की कोशिश की तो भारत अकेला नहीं है। उसके पीछे दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति खड़ी है। अमेरिका की ये सक्रियता पूरे विश्व में शांति लाने की कवायद का हिस्सा भी है। जिसमें उसे तेजी से बढ़ते भारत का भी साथ मिलेगा।

### चीन को काबू में रखने में अमेरिका की अहम भूमिका: मानकीकार

ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) में फेलो कल्पित. ए. मानकीकार ने कहा कि पिछले साल अक्टूबर 2024 से चीन हमारे साथ अपने रिश्तों को सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। लेकिन उसकी कथनी और करनी में बहुत अंतर है। एक तरफ उसने एलएसी से सेनाओं की वापसी पर सहमति जताई तो दूसरी ओर सरहदी इलाके में आज भी बड़ी तादाद में उसका ठोस इंफ्रास्ट्रक्चर और बड़े सैन्य हथियारों की तैनाती बनी हुई है। जो कि भारत को साफ इशारा कर रहा है कि खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। उधर, चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रो पावर बांध बनाने की तैयारी में है। इसकी जानकारी हमें चीनी मीडिया के जरिए मिली है। ये पूरा घटनाक्रम बताता है कि चीन आज भी भारत के साथ अपना सीमा विवाद सुर्खियों में रखना चाहता है। इन सबके बीच अमेरिकी राष्ट्रपति का भारत को मिला खुला समर्थन काफी मायने रखता है। जिससे चीन को भारत के खिलाफ कुछ भी करने से पहले अंदर ही अंदर धुक-धुक तो जरूर होगी।

### दक्षिण चीन सागर में तय होगी चीनी हद

विदेश मामलों के पत्रकार रंजीत कुमार ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति के शपथ लेने के बाद बेहद कम समय में उनका प्रधानमंत्री मोदी से मिलना और चीन को लेकर टिप्पणी करना यह दिखाता है कि दोनों देश ड्रैगन की दादागिरी समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर समान नजरिए के साथ काम करेंगे। साझा बयान में किया गया हिंद-प्रशांत का जिक्र ये दिखाता है कि भारत, अमेरिका क्षेत्र में शांति, स्थिरता बनाए रखने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध हैं। ट्रंप के बयान से न केवल हिंद प्रशांत बल्कि दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता पर भी नकेल कसेगी।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में बम विस्फोट, 9 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक भीषण बम विस्फोट हुआ,



जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट बलूचिस्तान के हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुआ, जब कोयला खनिकों को ले जा रहा एक मिनी ट्रक सड़क किनारे बम की चपेट में आ गया।

### रिसॉर्ट में लगी भीषण आग 6 की मौत, कई घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन रिसॉर्ट में आग लग



गई, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। बुसान की अग्निशमन एजेंसी के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 10:20 बजे मिली। इस घटना में लगभग 100 कर्मचारी साइट से बाहर निकलने में सफल रहे।

### एन चंद्रशेखरन यूके नाइटहुड से सम्मानित

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन और भारत के व्यापारिक



संबंधों में उनके योगदान और सेवाओं के लिए 'ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट ऑर्डर (सिविल डिवीजन)' से सम्मानित किया गया है। इसे नाइटहुड सम्मान के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटिश सरकार ने इसकी जानकारी दी।

### पोप फ्रांसिस इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

**रोम।** पोप फ्रांसिस को शुक्रवार को कुछ आवश्यक चिकित्सीय जांच और 'ब्रोंकाइटिस' के इलाज के



लिए रोम के 'जेमेली पॉलीक्लिनिक' में भर्ती कराया जाएगा। वेटिकन ने एक संक्षिप्त बयान में यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह गुरुवार को 88 वर्षीय पोसपोप के 'ब्रोंकाइटिस' से पीड़ित होने का पता चला था।

## दोनों नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक में देखने को मिली शानदार केमिस्ट्री

# पीएम मोदी ने ट्रंप के भव्य स्वागत पर जताया आभार, ट्रंप बोले मोदी मुझसे बेहतर वार्ताकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात में न केवल दोनों नेताओं के मध्य शानदार केमिस्ट्री देखने को मिली। बल्कि मोदी-ट्रंप ने अपने-अपने अनोखे अंदाज में एक-दूसरे के व्यक्तित्व और कार्यशैली की भी भरपूर सराहना की। बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका खासतौर पर उल्लेख करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिए गए भव्य आतिथ्य सत्कार के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और राष्ट्रपति चुनाव में उनकी प्रचंड जीत के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं। जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े।

उन्होंने कहा, पीएम मोदी मेरी तुलना में कहीं मुश्किल और बेहतर वार्ताकार (टफ एंड बेटर नेगोशिएटर) हैं। उनसे मेरा कोई मुकाबला नहीं है। ट्रंप ने प्रधानमंत्री को एक महान नेता बताते हुए कहा कि वह भारत में अच्छा काम कर रहे हैं और हमारे अच्छे दोस्त भी हैं। बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी के बैठने के लिए कुर्सी खींचते हुए भी नजर आए। जो दोनों के बीच की प्रगाढ़ मित्रता को दर्शाता है। दोनों नेताओं की बातचीत में अवैध प्रवासियों का मुद्दा उठा। जिसे लेकर पीएम मोदी ने कहा कि हम उन्हें वापस लेंगे। लेकिन इनकी वापसी कहानी का अंत नहीं है। यह एक पूरा इको सिस्टम है, जिसके खिलाफ कदम उठाना भारत-अमेरिका की जिम्मेदारी है।

### दोनों देश एक बेहतर विश्व को आकार देंगे

प्रधानमंत्री ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने दोनों देशों के संबंधों को अपने नेतृत्व से संजोया और जीवंत बनाया है। जिस उत्साह से उनके पहले कार्यकाल में हमने मिलकर काम किया। वहीं उमंग, ऊर्जा और प्रतिबद्धता मैंने आज भी महसूस की है। हमारी चर्चा में उनके पूर्व कार्यकाल में हमारी उपलब्धियों का संतोष व गहरे आपसी विश्वास का सेतु, नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के संकल्प भी थे। दोनों ये मानते हैं कि भारत-अमेरिका का साथ और सहयोग एक बेहतर विश्व को आकार दे सकता है।



### परमाणु ऊर्जा में सहयोग बढ़ेगा

पीएम ने कहा कि व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाने, तेल-गैस ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग प्रगाढ़ बनाने के अलावा हमने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर की दिशा में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की अहम भूमिका है। सामरिक और भरोसेमंद भागीदारी के नाते हम सह विकास, उत्पादन व तकनीक हस्तांतरण की दिशा में सहयोग बढ़ाएंगे। भावी समय में नई तकनीक, उपकरण हमारी क्षमता बढ़ाएंगे। दोनों देशों ने ऑटोनॉमस सिस्टम इंडस्ट्री एलायंस लांच करने का निर्णय लिया है। रक्षा सहयोग फ्रेमवर्क में रक्षा अंतर संचालनीयता, लॉजिस्टिक, मरम्मत और रखरखाव शामिल होंगे।

### 'मागा+मीगा यानी मेगा पार्टनरशिप'

उन्होंने कहा कि अमेरिका के लोग राष्ट्रपति ट्रंप के मोटो मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) से परिचित हैं। उधर, भारत के लोग विरासत, विकास की पटरी पर विकसित भारत-2047 के दृढ़ संकल्प को लेकर तेज गति शक्ति से विकास की ओर अग्रसर हैं। अमेरिका की भाषा में विकसित भारत का अर्थ मेक इंडिया ग्रेट अगेन यानी मीगा है। जब अमेरिका और भारत साथ मिलकर काम करते हैं तब मागा प्लस मीगा मिलकर बन जाता है मेगा पार्टनरशिप फॉर प्रोसपेरिटी। यही मेगा स्प्रिट हमारे लक्ष्यों को नया स्केल और स्कोप देती है।

### एआई, स्पेस में बढ़ेगी भागीदारी

21वीं सदी तकनीक आधारित शताब्दी है। लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले देशों के बीच तकनीक के क्षेत्र में करीबी सहयोग पूरी मानवता को नई दिशा, शक्ति और अवसर दे सकता है। दोनों देश एआई, सेमीकंडक्टर, क्वांटम, बायोटेक्नोलॉजी तथा अन्य तकनीकों के मामले में साथ काम करेंगे। हमने विश्वास (ट्रांसफॉर्मिंग रिलेशनशिप यूटिलाइजिंग स्ट्रेटेजिक टेक्नोलॉजी) पर सहमति बनाई है। इसमें जटिल खनिज, एडवांस मटेरियल और फॉर्मास्यूटिकल की मजबूत सप्लाई चेन बनाने पर जोर दिया जाएगा। लिथियम और रेयर अर्थ जैसे सामरिक मिनरल के लिए रिकवरी और प्रोसेसिंग कदम की घोषणा करने का निर्णय लिया है। अंतरिक्ष क्षेत्र में अमेरिका भारत का करीबी सहयोगी रहा है। इसरो-नासा के सहयोग से बनी निसार सेटेलाइट जल्द ही भारतीय लांच व्हीकल पर अंतरिक्ष की उड़ान भरेगी।

### *लोकतांत्रिक मूल्यों पर बढ़ेगी साझेदारी*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों व व्यवस्थाओं को सशक्त बनाती है। हिंद-प्रशांत में शांति, स्थिरता, समृद्धि बढ़ाने के लिए हम मिलकर काम करेंगे। इसमें क्वाड की अहम भूमिका होगी। इस साल भारत में होने जा रहे क्वाड शिखर सम्मेलन में हम सहयोगी देशों के साथ नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे। आईमैक, आईटूयूटू के तहत दोनों आर्थिक गलियारे व कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करेंगे।*

### *आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से होगी कार्रवाई*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दृढ़ता से साथ खड़े रहे हैं। सीमापार आतंकवाद के उन्मूलन पर दोनों देश ठोस कार्रवाई की आवश्यकता पर सहमत हैं। पीएम ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के मुख्य गुनहगार तहव्वुर राणा को अमेरिका द्वारा भारत को सौंपने के राष्ट्रपति ट्रंप के निर्णय को लेकर उनके प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि भारत की अदालतें उचित कार्रवाई करेंगी।*

### *लोगों के बीच मजबूत होंगे संबंधों*

*उन्होंने अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय को दोनों देशों के बीच मौजूद संबंधों की अहम कड़ी बताते हुए कहा कि इन संबंधों को और गहरा बनाने के लिए भारत जल्द ही बोस्टन और लॉस एजेंलिस में नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। हमने अमेरिकी विश्वविद्यालयों और शिक्षा संस्थानों को भारत में अपने ऑफशोर कैंपस खोलने के लिए आमंत्रित किया है। साथ ही पीएम ने 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से राष्ट्रपति ट्रंप को भारत यात्रा का न्योता दिया।*

## अमेरिका के ऐलान से नाटो की बढ़ी टेंशन

### ट्रंप बोले- हमारी प्राथमिकता यूरोप की रक्षा करना नहीं, हमें अब अपनी चिंता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद दुनिया के भी बहुत से समीकरण बदलते दिख रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के निर्णय पर अमेरिकी रक्षा मंत्री पेटे हेगसठ ने कहा है कि अमेरिका की प्राथमिकता यूरोप की रक्षा करना नहीं है।

ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के बयान ने नाटो देशों की चिंता को बढ़ा दिया है। नाटो में यूरोप के ही ज्यादातर वे देश शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका का सहयोगी माना जाता है। ट्रंप के मंत्री ने बुधवार को यूक्रेन के 50 समर्थकों से मुलाकात के दौरान



साफ किया कि हमारी प्राथमिकता में यूरोप की सुरक्षा करना नहीं है। इसके बजाय हमारी जरूरत यह है कि हम अमेरिका की सुरक्षा पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपनी ही सीमाओं पर खतरे का सामना कर रहा है। इसलिए हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने पर फोकस कर रहे हैं।

## रोहिंग्याओं की घुसपैठ से भारत चिंतित

### बांग्लादेश ने 8 साल बाद हटा दिया बैन नफ नदी से अब मछली पकड़ सकेंगे

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने नफ नदी में मछली पकड़ने पर लगे बैन को हटा दिया है। इसे लेकर वहां के मछुआरों ने खुशी जाहिर की है।

यह बैन पूर्ववर्ती शेख हसीना सरकार ने लगाया है, जिसकी वजह ड्रग्स की तस्करी से लेकर रोहिंग्या घुसपैठ को रोकना था, लेकिन अब 8 वर्षों पर यूनुस सरकार ने यह बैन हटा लिया है। बांग्लादेश-म्यांमार सीमा के अंतर्गत आने वाली नफ नदीं पर मछली पकड़ने पर लगे बैन को हटाना अहम इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इससे बांग्लादेश के



रास्ते भारत में रोहिंग्याओं की घुसपैठ एक बार फिर बढ़ सकती है। कॉक्स बाजार जिला प्रशासन ने उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद यूएनओ को एक पत्र जारी किया। मामले की पुष्टि करते हुए टेकनाफ यूएनओ शेख एहसान उद्दीन ने कहा कि नफ़ नदी में मछली पकड़ने की अनुमति अब सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक है।

## भारत और थाईलैंड के संवाद कार्यक्रम में बोले पीएम

### दोनों में शांति व सद्भाव का रिश्ता 2000 वर्षों से भी है ज्यादा पुराना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत और थाईलैंड के बीच प्राचीन और गहरे सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच यह रिश्ता 2000 वर्षों से भी अधिक पुराना है जो शांति और सद्भाव की एशियाई परंपराओं को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है।

पीएम मोदी ने थाईलैंड में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी टिप्पणी दी। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने थाईलैंड में संवाद के संस्करण में शामिल होने पर अपना सम्मान व्यक्त किया और इस



आयोजन को संभव बनाने के लिए भारत, जापान और थाईलैंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और व्यक्तियों की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि थाईलैंड में 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने थाईलैंड की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और विरासत की सराहना करते हुए इसे एशिया की दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं का सुंदर उदाहरण बताया। बता दें, संवाद का यह चौथा संस्करण 14 से 17 फरवरी तक थाईलैंड में आयोजित किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे द्वारा 2015 में शुरू की गई इस प्रमुख पहल का नेतृत्व भारत में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन (वीआईएफ) कर रहा है, जिसमें जापान फाउंडेशन एक प्रमुख भागीदार है।

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और थाईलैंड की 'एक्ट वेस्ट' नीति एक-दूसरे की पूरक हैं, जो दोनों देशों के आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देती हैं।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने किया बड़ा दावा

### ड्रोन ने चेर्नोबिल रिएक्टर के सुरक्षा कवच को निशाना बनाया, विकिरण का स्तर सामान्य

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र की सुरक्षा ढांचे को निशाना बनाया।

यह हमला कीव क्षेत्र में रात के वक्त किया गया। जेलेंस्की के मुताबिक, ड्रोन में बड़ी मात्रा में विस्फोटक था, जिससे संयंत्र की संरचना को नुकसान पहुंचा और हमले के बाद आग लग गई। हालांकि, आग बुझा दी गई है और



विकिरण स्तर में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखे एक पोस्ट में लिखा- कल रात, एक रूसी हमलावर ड्रोन ने एक उच्च विस्फोटक वारहेड के साथ, चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र की नष्ट हो चुकी 4वीं बिजली इकाई में विकिरण से दुनिया की रक्षा करने वाले सुरक्षा कवच पर हमला किया। यह सुरक्षा कवच यूक्रेन की तरफ से यूरोप और दुनिया के अन्य देशों के साथ मिलकर बनाया गया था, साथ ही अमेरिका के साथ वे सभी जो मानवता की वास्तविक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। रूस का यह हमला पूरी दुनिया के लिए एक आतंकवादी खतरा है।

## केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

### जम्मू में सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों को पीपीई किट और आयुष्मान कार्ड वितरित किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने केंद्र शासित प्रदेश में मंत्रालय की योजनाओं के क्रियान्वयन के सिलसिले में जम्मू का दौरा किया।

उन्होंने नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) की प्रमुख योजना के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक वर्कर्स (एसएसडब्ल्यू) को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट और आयुष्मान



सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया

स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। सरकार ने सफाई कर्मचारियों को सम्मान प्रदान करने तथा उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से नमस्ते योजना तैयार की है। इस योजना का उद्देश्य देश के शहरी क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है।

### विभिन्न सुरक्षात्मक उपकरण दिए

पीपीई किट में विभिन्न सुरक्षात्मक वस्त्र और सहायक उपकरण शामिल होते हैं जो व्यक्तियों को संभावित स्वास्थ्य खतरों या संक्रमणों से बचाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन किटों में आम तौर पर मास्क, दस्ताने, चश्मे, फेस शील्ड, गाउन और शू कवर जैसी चीजें शामिल होती हैं। वे अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, खासकर वे सफाई कर्मचारी जो खतरनाक वातावरण या संक्रामक रोगों के संपर्क में आते हैं, जैसे सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारी।

### ओडीआई का दौरा किया

डॉ. कुमार ने नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत जम्मू में गैर सरकारी संगठन 'जेके सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस' द्वारा संचालित आउटरीच एंड ड्रॉप इन सेंटर का भी दौरा किया। आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जारी किया जाने वाला पहचान पत्र है, जो देश में सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109